राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 35
लखनऊ, 04 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





गांधीजी आज भी लोगों के दिलों में हैं जीवित : केशव प्रसाद मौर्य 03

रावण का वध होते ही श्रीराम के जयकारों से गूंजा मिलेट्री ग्राउंड 10


### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| | |
|---|---|
| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट = | 1,18,680/ |
| 22 कैरेट = | 1,08,800/ |
| 18 कैरेट = | 89,500/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| = | 1,52,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**दिसंबर में चार साल बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन आएंगे भारत**

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसंबर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आयेंगे। श्री पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि श्री पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां ज़ोर- शोर से चल रही है। श्री पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है।

**अमृतसर में दो हैंड ग्रेनेड समेत एक संदिग्ध गिरफ्तार**

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने दीपावली से पहले एक बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए दो हैंड ग्रेनेड के साथ एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए तरनतारन निवासी रविंदर सिंह उर्फ रवि को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से दो हथगोले (हैंड ग्रेनड) बरामद किए हैं। आरोपित के पुराने संबंधों को तलाशा जा रहा है।

**कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी, वैष्णो-देवी यात्रा रुकी**

**नई दिल्ली।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है। वहीं खराब मौसम की चेतावनी को देखते हुए वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर 2025 तक स्थगित कर दी गई है। श्राइन बोर्ड ने कहा कि अगर मौसम सही रहा तो 8 अक्टूबर से यात्रा फिर शुरू होगी।

**बाल-विवाह के मामले 6 गुना बढ़े 16,737 लड़कियों का अपहरण**

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए। साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुजरात के भुज में सैनिकों के समूह को संबोधित करते हुए कहा

# आतंक के खिलाफ लड़ाई रहेगी जारी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है और तनाव बढ़कर पाकिस्तान के साथ युद्ध शुरू करना उसका उद्देश्य नहीं था। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष के लगभग पांच महीने बाद यह टिप्पणी की।

गुजरात के भुज में सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी रहेगी। रक्षा मंत्री ने दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा (हथियारों की पूजा) की। सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की रक्षा प्रणाली को भेदने का असफल प्रयास किया, लेकिन भारतीय सेना ने पाकिस्तानी वायु रक्षा तंत्र को "बेनकाब कर दिया और दुनिया को संदेश दिया कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने लेह से लेकर सर क्रीक तक भारत की रक्षा प्रणाली को भेदने की असफल कोशिश की। सिंह ने कहा, "अपनी जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया और दुनिया को यह संदेश दिया कि भारतीय सेनाएं जब चाहें और जहां चाहें, पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। सिंह ने कहा कि भारत ने संयम बरता क्योंकि उसकी सैन्य कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ थी। उन्होंने कहा, "इसे बढ़ाना और युद्ध छेड़ना ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य नहीं था। मुझे खुशी है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी सैन्य उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। लेकिन आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया। इन हमलों के बाद चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुई। सिंह ने कहा, "1965 के युद्ध में भारतीय सेना ने लाहौर तक पहुंचने की क्षमता का प्रदर्शन किया था।

आज 2025 में पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि कराची जाने का एक रास्ता इसी क्रीक से होकर गुजरता है। रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सिंह ने कहा, "यह हमारे सशस्त्र बलों की एकजुटता ही थी जिसने ऑपरेशन सिंदूर को रिकॉर्ड समय में अंजाम दिया। आज इस अवसर पर, मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हमारे बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को विशेष बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, "आपकी रणनीति, आपके साहस और आपके सामर्थ्य ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत हर परिस्थिति में दुश्मन को परास्त करने में सक्षम है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी का साहस, आप सभी का पराक्रम भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करता रहेगा।

### वायु सेना ने साबित की अपनी ताकत : एपी सिंह



एयर चीफ मार्शल बोले,. पाकिस्तान के दावे मनोहर कहानियां नयी दिल्ली वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में वायु सेना ने अपनी अचूक, अभेद्य और सटीक मारक क्षमता साबित की जबकि भारतीय लड़ाकू विमान गिराने के पाकिस्तान के दावे मनोहर कहानियां जैसे हैं। एयर चीफमार्शल सिंह ने शुक्रवार को यहां वायु सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना ने अपनी अचूक, अभेद्य और सटीक मारक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत और श्रेष्ठता साबित की। उन्होंने कहा कि 1971 की लड़ाई के बाद यह पहला मौका है जब वायु सेना ने अपनी मारक क्षमता से दुश्मन के सामने अपना लोहा मनवाया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु सेना ने पाकिस्तान की कई हवाई पट्टियों, हैंगर और रडार को ध्वस्त करने के साथ ही उसके चार से पांच लड़ाकू विमान को गिराया।

### पाकिस्तान सोच ले कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं



**बीकानेर।** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। श्रीगंगानगर जिले के घड़साना के गांव 22 एमडी में आर्मी छावनी पहुंचे सेना प्रमुख ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्रवाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा। अगर पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे में (भूगोल में) अपनी जगह बनाए रखनी है, तो पाकिस्तान जो आतंकवाद को सरंक्षण दे रहा है, उसे अब आतंकवाद को रोकना पड़ेगा। सेना प्रमुख ने जवानों से कहा कि अब आप अपनी पूरी तैयारी करके रखें, अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही ये मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस देश की कोई भी महिला अपनी मांग में सिंदूर लगाती है तो उस समय वो भारतीय सेना के जवानों को याद करती है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# जुमे की नमाज को लेकर यूपी में अलर्ट, इंटरनेट सेवा निलंबित

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, उन्नाव व सभी जिलों में पुलिस ने बढ़ाई चौकसी, बरेली जिले में अतिरिक्त फोर्स के अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से रखी जा रही नजर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आई लव मोहम्मद को लेकर 26 सितम्बर को बरेली जिले में हुए विवाद के बाद सुरक्षा की दृष्टि से आज जिले में भारी फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा 48 घंटे के लिए इंटरनेट और मैसेज सेवा निलम्बित कर दी गई है। बरेली के अलावा प्रदेश के सभी जिलों में सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और कमिश्नरेट को आज जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए हैं। अगर कोई माहौल बिगड़ने की कोशिश करता है तो पुलिस उससे सख्ती से पेश आए।

मुख्यालय से मिले आदेश के बाद इसको देखते हुए प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, उन्नाव और सभी जिलों में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। बरेली जिले में अतिरिक्त फोर्स के अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से शासन ने गुरुवार दोपहर तीन बजे के बाद से 48 घंटे के लिए सेवा निलम्बित कर दिया है। ?बरेली में जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मस्जिदों के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ गश्त कर रहे हैं। एलआईयू को भी सक्रिय किया गया है। यूपी पुलिस की साइबर सेल, सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर नजर रख रही है। अफवाह फैलाने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आई लव मोहम्मद को लेकर बीती 26 सितंबर को बरेली जिले में बवाल हुआ। पत्थरबाजों ने पुलिस पर पथराव किये। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को सख्त रवैया अपनाना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते बवाल के मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा समेत लगभग 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर बस पलटने से 18 तीर्थयात्री घायल

समृद्धि न्यूज़

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में बीती रात तीर्थयात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में लगभग 18 तीर्थयात्रियों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस में कुल 52 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भुलकी-सौरमऊ बाईपास ओवरब्रिज के पास रात करीब 2 बजे हुई। बस चालक अनीस अहमद ने बताया कि बहराइच से प्रयागराज जा रही बस अचानक एक गाय के सामने आ जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की मदद से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

सूचना मिलते ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक धर्मेंद्र द्विवेदी और विभाग सहसंयोजक राजीव तिवारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने की व्यवस्था की। जिले के विख्यात सर्जन और विभाग संघ संचालक डॉ. एके सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओम शाखा के स्वयंसेवकों को सेवा कार्य के लिए भेजा।

### वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से चार युवकों की मौत

**कटिहार।** बिहार में पूर्णिया जिले के जबनपुर गुमटी के समीप शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर दशहरा मेला देखकर लौट रहे युवक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए, इनमें से 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय कसबा थाना पुलिस के अनुसार मृतक और घायल युवकों की पहचान पूर्णिया जिले के बनमनखी प्रखंड के चांदपुर भंगहा निवासी के रूप में हुई है। सभी पूर्णिया में स्थित एक मखाना फैक्ट्री में काम करते थे। आरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि सभी युवक दशहरा मेला देखने कसबा आए हुए थे और माला देखकर लौटते समय वे ट्रेन की चपेट में आ गए।

# वैष्णव व जापानी मंत्री ने देखा सूरत हाई-स्पीड रेल परियोजना स्थल

**▸ दोनों मंत्रियों ने परियोजना के महत्वपूर्ण हिस्सों की समीक्षा की**

एजेंसी



**सूरत/मुंबई।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जापान के भूमि, आधारभूत संरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्री हिरोमासा नाकानो के साथ सूरत हाई-स्पीड रेल निर्माण स्थल का दौरा किया।

रेल मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने परियोजना के महत्वपूर्ण हिस्सों की समीक्षा की, जिनमें ट्रैक स्लैब लेयिंग कार और ट्रैक स्लैब एडजस्टमेंट फैसिलिटी शामिल थे। दोनों मंत्रियों ने काम की गुणवत्ता और गति पर संतोष व्यक्त किया और निर्माण की तेजी की सराहना की। हाल ही में रेल मंत्री ने सूरत स्टेशन के पास पहला ट्रैक टर्नआउट इंस्टॉलेशन भी देखा था।

इसके बाद दोनों नेता वंदे भारत एक्सप्रेस से सूरत से मुंबई पहुंचे और बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में बन रहे भूमिगत बुलेट ट्रेन स्टेशन का जायजा लिया। जापानी मंत्री और उनके दल ने वंदे भारत की गुणवत्ता की सराहना की। बीकेसी स्टेशन की खुदाई 30 मीटर गहराई तक चल रही है, जो लगभग 10 मंजिला इमारत के बराबर है। इसमें प्लेटफॉर्म, कंकॉर्स और सर्विस फ्लोर सहित तीन स्तर होंगे। 84 प्रतिशत खुदाई कार्य पहले ही पूरा हो चुका है।

सितंबर 2025 तक परियोजना में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। कुल 508 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में से 323 किलोमीटर वायाडक्ट और 399 किलोमीटर पियर कार्य पूरा हो चुका है। 17 नदी पुल, 5 पीएसएसी पुल और 9 स्टील पुल तैयार किए जा चुके हैं। 211 किलोमीटर ट्रैक बेड बन चुका है और 4 लाख से अधिक नॉइज़ बैरियर्स लगाए जा चुके हैं। पालघर में सात पर्वतीय सुरंगों की खुदाई चल रही है। बीकेसी से शिलफाटा तक बनने वाली 21 किलोमीटर लंबी एनएटीएम सुरंग में 5 किलोमीटर तक ब्रेकथ्रू हासिल हो चुका है। सूरत और अहमदाबाद में रोलिंग स्टॉक डिपो का निर्माण प्रगति पर है। गुजरात के सभी स्टेशनों पर सुपरस्ट्रक्चर कार्य अंतिम चरण में है, जबकि महाराष्ट्र में तीनों एलिवेटेड स्टेशनों पर काम शुरू हो चुका है। यह दौरा भारत और जापान के बीच भारत की पहली हाई-स्पीड रेल परियोजना को आगे बढ़ाने में मजबूत सहयोग को दर्शाता है।

# आवास योजना-ग्रामीण के तहत नए लाभार्थियों के चयन को सर्वेक्षण की समय सीमा बढ़कर हुई 14

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नये लाभार्थियों के चयन हेतु किये किये गये सर्वेक्षण कार्य की, जो समय सीमा 14 अक्टूबर तक बढ़ाई गयी है, कहीं कोई पात्र व्यक्ति किसी कारण से छूट गया हो, तो इस अवधि मे उसे अनिवार्य रूप से सम्मिलित कर लिया जाय, इस बढ़े हुए समय को एक अवसर के रूप में सदुपयोग किया जाए। कार्य गम्भीरता व ईमानदारी के साथ किया जाय। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण को लेकर तिथि बढ़ा दी गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए सर्वे का काम तेजी से चल रहा है।

पीएम आवास योजना-ग्रामीण के नये सर्वे का इरादा योजना के तहत हर पात्र परिवारों को पक्के मकान मुहैया कराना है। इसके लिए कर्मचारी घर घर जाकर सर्वे का काम कर रहे है। इसमें विशेष बात यह है कि पीएम आवास- ग्रामीण के लिए खुद भी अपने मोबाइल से पात्र व्यक्ति अप्लाई कर सकते हैं। अब सर्वेक्षण का कार्य 14 अक्टूबर तक पूरा किया जाएगा। पीएम आवास योजना- ग्रामीण के सर्वेक्षण का कार्य केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देश के क्रम में 27 दिसम्बर, 2024 से 15 मई 2025 तक सर्वेक्षण का कार्य किया गया था।

### कफ सीरप के नमूनों में नहीं पाए गए डायइथिलीन ग्लाइकॉल : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** राजस्थान और मध्य प्रदेश में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से हुई मौतों को लेकर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बयान जारी किया है। शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त टीम ने स्थल का दौरा किया। राज्य प्राधिकरणों के सहयोग से विभिन्न कफ सिरप सहित कई नमूने एकत्र किए गए। परीक्षण परिणामों के अनुसार, किसी भी नमूने में डायएथिलीन ग्लाइकॉल या इथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) नहीं पाया गया।

# राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण व पाठ्य सामग्री

समृद्धि न्यूज़

**▸ प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत 20 तक शुरू होगा कौशल प्रशिक्षण**

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कौशल प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जाएगा।


कौशल विकास मिशन ने इसके लिए, प्रशिक्षण प्रदाताओं को लक्ष्य आवंटित किए हैं। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने निर्देश दिया है कि प्रशिक्षण प्रदाता नियमानुसार प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करें और जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की अनुमोदन प्रक्रिया के बाद 20 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण बैच प्रारम्भ करें। इस अवसर पर पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी। वितरण की प्रक्रिया जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगी।

### सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद ध्वस्तीकरण को लेकर कागजात पेश करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल में तालाब और सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण के मामले में संबंधित कागजात पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने मसाजिद शरीफ गोसुलबारा रावां बुजुर्ग और मस्जिद के मुतवल्ली मिंजर की ओर से दाखिल याचिका पर उनके अधिवक्ताओं को सुनकर दिया है। दशहरा अवकाश के दौरान यह याचिका दाखिल कर छुट्टी के दिन अर्जेंट बेसिस पर सुनवाई की मांग की गई। याचिका में मस्जिद, बारात घर और अस्पताल के ध्वस्तीकरण के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है।

# 2029 तक देश की हर पंचायत में बनेगी सहकारी समिति : शाह

एजेंसी



**रोहतक।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा के रोहतक जिले में साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन करते हुए कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों और ग्रामीण भारत के लिए नई क्रांति है। उन्होंने घोषणा की कि 2029 तक देश की हर पंचायत में सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। शाह ने सहकारिता को आर्थिक व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बताया।

अमित शाह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में डेयरी सेक्टर में हुए बदलावों से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। सहकारी समितियों की वजह से अब किसान सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ पा रहे हैं और उनका मुनाफा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में यह मॉडल आने वाले समय में ग्रामीण विकास का आधार बनेगा। केंद्रीय गृहमंत्री ने सहकारिता आंदोलन को 'जनभागीदारी का सबसे सफल मॉडल' बताया और उन्होंने कहा कि जब किसान, मजदूर और महिलाएं मिलकर समितियां चलाते हैं, तो उसका असर समाज की समृद्धि पर साफ दिखाई देता है।

### प्रधानमंत्री आज 62 हजार करोड़ रुपए की युवा-केंद्रित योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित योजनाओं और पहलों का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वे राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के 46 अखिल भारतीय टॉपर्स को सम्मानित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाली केंद्र प्रायोजित योजना 'पीएम-सेतु' (प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन) का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत देशभर के 1 हजार सरकारी आईटीआई को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर अपग्रेड किया जाएगा।

**संबोधन**

### सीएम योगी ने विजयदशमी पर प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित करते हुए कहा

# बदले नामों से मौजूद हैं रामायण व महाभारत के खल पात्र

समृद्धि न्यूज़



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाली, सुरक्षा पर खतरा पैदा करने वाली ताकतें हर कालखंड और परिस्थिति में विद्यमान रही हैं। पर, सनातन की एकता के बल पर उनका संहार किया जाता रहा है। रामायण और महाभारत के खल पात्र आज भी बदले नामों और रूपों में मौजूद होकर समाज को बांटने में लगे हैं। ऐसे लोगों से हर सनातन धर्मावलंबी को सतर्क रहना होगा। मुख्यमंत्री योगी विजयदशमी पर्व पर गुरुवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सभी लोगों को विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि भले ही नाम बदल गया होगा लेकिन रामायण और महाभारत काल के दुष्ट पात्र दूसरे रूप में आज भी मौजूद हैं। आज भी समाज शूर्पणखा, ताड़का, खर दूषण, मारीच और सुबाहु जैसे लोगों से त्रस्त है। जातीयता, छुआछूत और अस्पृश्यता के नाम पर समाज को बांटने वाले लोग पूर्व जन्म में ताड़का, मारीच, शूर्पणखा के सहयोगी रहे होंगे। इसी तरह बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने लोग पूर्व जन्म में दुर्योधन और दुशासन के शागिर्द रहे होंगे। ऐसे लोगों से समाज को सतर्क रहना होगा। विजयदशमी का पर्व अधर्म, अन्याय और अत्याचार के पर्याय रावण पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्रीराम द्वारा रामराज्य की स्थापना के शंखनाद का पर्व है। रामराज्य हर देशकाल, परिस्थिति में अक्षरशः सही है। इसीलिए सनातनी लोग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के उपकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने को रावण का पुतला दहन करते हैं और श्रीराम का अभिनंदन करके उनका वंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने धरा पर सबसे चरित्रवान व्यक्ति को लेखनी से मानव को मार्गदर्शन देने के लिए जब अपनी लेखनी उठाई तो उन्होंने श्रीराम को साक्षात धर्म का रूप पाया।

### आरएसएस जैसा तेजस्वी-ओजस्वी संगठन दुनिया में नहीं

विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरएसएस जैसा तेजस्वी और ओजस्वी संगठन पूरी दुनिया में नहीं है। विपरीत परिस्थितियों में भी इसने समाज को संबल देकर भारतीय मूल्यों और आदर्शों की रक्षा की है। जो कार्य सरकारें नहीं कर पाईं, वह कार्य आरएसएस ने करके दिखाया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा में सेवा के माध्यम से इस संगठन ने समाज को जोड़ने का कार्य किया है। बारह हजार से अधिक शिशु मंदिरों, विद्या भारती के जरिए तथा हजारों स्वास्थ्य प्रकल्पों के माध्यम से इसने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। भारतीय मजदूर संघ के माध्यम से श्रमिकों और श्रीराम वनवासी छात्रावास के जरिए वनवासी बच्चों के कल्याण की बात हो या फिर गोरक्षा की, आरएसएस का योगदान समाज के हरेक क्षेत्र में है।

## खबरें एक नजर में

### विजयदशमी पर्व शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूम-धाम से मनाया गया



**मौदहा, हमीरपुर।** असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक मनाया गया। नगर के कुम्हरौड़ा मुहल्ले व रामनगर समेत आसपास के क्षेत्रों में राम–रावण युद्ध के बाद जय श्रीराम के उद्घोष के रावण का पुतला दहन किया गया।दशहरा की शाम राम,लक्ष्मण,हनुमान, रावण जामवंत, वानर सेना की आकर्षण झांकियां सजाई गई। जिनकी करवाबासियों ने जगह जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया इसके बाद देर रात कस्बे के कुम्हरौड़ा मैदान में 50 फीट व रामनगर में 20 फीट लंबे रावण के पुतले का दहन किया गया। विशालकाय रावण को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा ग्रामीण क्षेत्रों में इचौली,मकरांव, भैंसमरी, सिसोलर, खण्डेह, अरतरा, रीवन, टिकरी सहित क्षेत्र में उत्साह से मनाया गया।

### गांधी व शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर मनायी गयी जयंती



**मौदहा हमीरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर सरकारी व निजी संस्थानों में अलग–अलग तरह से उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए झंडारोहण किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर व क्षेत्र के सरकारी अर्द्ध सरकारी तथा निजी संस्थानों में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान विभूतियों को याद किया गया। सत्य और अहिंसा की ताकत क्या होती है यह बापू से आम जनमानस को सीखने को मिल रही है जिसका एहसास आजादी की लड़ाई में स्वाधीनता आंदोलन में महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को कराया महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्श में स्वदेशी का महत्वपूर्ण स्थान रहा है विदेशी हुकूमत की जड़ों को उखाड फेंकने के लिए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करने के लिए स्वदेशी देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने स्वावलंबी बन कर बापू के सपनों को साकार करने लिए देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वदेशी, देश और दुनिया के लिए मॉडल बना हुआ है।

### मूर्ति विसर्जन के लिए जाते समय पटाखा छूटने में झुलसा, गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** नौ दिन की नवरात्र समाप्त होने के बाद मूर्ति विसर्जन के लिए जाते समय पटाखा छूटने से गंभीर रूप से घायल हो गया साथियों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया बताते चलें कि ग्राम तिन्दुही निवासी रोहित कुमार 28 वर्ष पुत्र शिव शंकर शुक्रवार को अपने गांव से गाने बाजे व अबीर गुलाल के साथ उड़ाते हुए धूमधाम से देवी विसर्जन के लिए चंद्रावल नदी जाते समय पटाखे छूटने से गंभीर रूप से घायल हो गया लहूलुहान हालत में साथियों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### सपा के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद वार्ड नंबर 7 सूरजपुर निवासी कृष्ण द्विवेदी के पुत्र स्व अनिल द्विवेदी की जेल में पीट पीटकर हत्या करने के सम्बन्ध में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को 4 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। तदोपरांत स्व अनिल द्विवेदी के निवास सूरजपुर पहुंचकर हत्या की जानकारी की एवं शोकाकुल परिवार से मिलकर उनकी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य निम्नवत हैं– मुहम्मद इदरीश खान जिलाध्यक्ष, अजेंद्र सिंह लोधी सांसद, कृष्णा पटेल सांसद, बादशाह सिंह पूर्व मंत्री,दद्दू प्रसाद पूर्व मंत्री, डॉ इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा, पुष्पेन्द्र यादव पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक,राज बहादुर पाल पूर्व जिलाध्यक्ष,शुभकरण सिंह परिहार पूर्व ब्लॉक प्रमुख, रामप्रकाश प्रजापति पूर्व प्रत्याशी, युगांक मिश्रा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद, अरुण यादव विधानसभा अध्यक्ष,राघवेन्द्र यादव लकी नगर अध्यक्ष/ जिला मीडिया प्रभारी सपा। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य रहे। इसके अतिरिक्त घनश्याम साहू प्रदेश सचिव, नन्द किशोर शिवहरे प्रदेश सदस्य सपा, सौरभ यादव सांसद प्रतिनिधि, हरनारायण निषाद जिला उपाध्यक्ष, विवेक यादव जिला उपाध्यक्ष व्यापार सभा, सलीम सिद्दीकी, अवधेश प्रताप यादव नगर महासचिव राठ, लालू प्रधान पूर्व प्रधान, मो जुनैद नगर अध्यक्ष अल्प संख्यक सभा आदि समाजवादी साथी उपस्थित रहे।

### नम आंखों से भक्तों ने किया देवी प्रतिमा का विसर्जन



**बांदा।** जिला मुख्यालय से सटे मवई बुजुर्ग गांव के गोसाई तालाब में लगभग 5 दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन नवयुवक बजरंग दल बाल समिति, नवयुवक खेरापति बाल समाज, जय मां दुर्गे बाल समाज सहित अन्य देवी प्रतिमा का विसर्जन ढोल नगाड़ों एवम डीजे की धुन पर भक्तों ने गांव के मंदिरों से जाकर भ्रमण करते हुए प्रमुख चौराहे के गोसाई तालाब के भीटे पर मातारानी की महाआरती का भी किय आयोजन। विसर्जन स्थल में चप्पे चप्पे में पुलिस बल तैनात रहा। जनपद मुख्यालय से सटे मवई बुजुर्ग गोसाई तालाब का जहां पर गांव में बने गोसाई तालाब पर मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन नवरात्रि के पावन पर्व की समाप्ति के बाद भक्तो के द्वारा नम आंखों से किया देवी प्रतिमा का विसर्जन वही विसर्जन स्थल में पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल विसर्जन स्थल पर किये गये तैनात रहा।

### गांधी व शास्त्री जयंती पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**बांदा।** गुरुवार को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. बांदा के तत्वाधान में लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती कार्यक्रम पुष्प एवं फूल माला अर्पित कर मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर क्षेत्र के चिल्ला रोड स्थित सेंट जार्ज स्कूल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता के द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला एवं विशिष्ट अतिथि राजकुमार गुप्ता राज पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बांदा रहे साथ ही परिषद की महिला मंच जिलाध्यक्ष रूपा गोयल एवं युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नीरज निगम एवं सेंट जॉर्ज स्कूल के प्रिंसिपल अल्बर्ट रश्किन मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता राज के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने कहा कि हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के पदचिन्हों पर चलकर कार्य करना चाहिए और सत्य और अहिंसा की राह चलते हुए उनके विचारों को अपने अंदर धारण करना चाहिए साथ ही अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण हम सबके लिए बहुत ही आवश्यक है इसलिए हम सबको पर्यावरण को और बेहतर बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे हम सबको सुंदर और शुद्ध वातावरण मिल सके। को इस दौरान कार्यक्रम में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. बांदा के पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे। जिनमें से मितेश कुमार, नंदू चतुर्वेदी, अखिलेश पासवान, उपेंद्र कुमार, आसिफ अली, शैलेन्द्र त्रिपाठी, नवल तिवारी, संदीप पटेल, राजेश सिंह, मुलायम चंद्र, शिवपूजन सिंह, अखिलेश सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

**अतर्रा/बांदा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास से मनाया। राष्ट्रपिता के सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास से मनाया नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कस्बे के गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी पालिका के पूर्व अध्यक्ष कल राम जाटव नगर अध्यक्ष रमेश साहू ने माल्यार्पण किया इस अवसर पर पूर्व जिला देसी मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपिता के बताए गए सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश में राम राज्य का सपना साकार हो सकता है जिला उपाध्यक्ष श्री वाजपेई ने कहा कि गांधी के विचारों से ही देश में सामाजिक समरसता आ सकती है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अबिका खेगर अजीत जाटव बबलू बाजपेई जसवंत मजे रैकवार आदि मौजूद रहे।

# छात्रा समेत तीन ने फांसी लगाकर जान दी

▸ मृतका की भाभी ने सास को चप्पलों से पीटा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के बांकी रोड निवासी एक छात्रा ने पिता की डांट से क्षुब्ध होकर फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। उधर अतरैया में एक युवक ने पत्नी से विवाद होने पर आत्महत्या कर ली।वहीं मौहर में एक महिला गृहकलह के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिवांर थानाक्षेत्र के मवईजार निवासी विक्रम प्रताप सिंह अपने निजी मकान में पत्नी एवं बच्चों के साथ कस्बे के बांकी रोड में रहता है और रिमझिम इस्पात फैक्टरी में नौकरी करता है। उसने बताया कि बेटी मानसी उर्फ नैंसी(15) को पढ़ाई को लेकर डांट दिया था।इसी से नाराज होकर उसने बृहस्पतिवार को दिन में करीब 12 बजे घर के अंदर कमरा बंद करके फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया कि मानसी कस्बे एक विद्यालय में कक्षा 11 में पढ़ती थी। मृतका दो बहनों व एक भाई में दूसरे नंबर की थी।बड़ी बहन की शादी हो गई है।इसी तरह थानाक्षेत्र के अतरैया ग्राम पंचायत के मजरा गौरी में जय सिंह यादव (28) पत्नी कल्पना से विवाद के बाद पशुबाड़े में जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जय सिंह की शादी फरवरी माह में शादी हुई थी।इसी तरह मौहर गांव में गृहकलह के चलते सुशील कुमार निषाद की पत्नी अर्चना (35) ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका अपने पीछे पुत्री मोनिका, सोनिका, पुत्र अभिषेक को रोता बिलखता छोड़ गई है।पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि तीनों घटनाओं की सूचना मिली है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी। मौहर में हुई आत्महत्या के मामले ने मृतका की भाभी सीमा निवासी बरुआ ने पति समेत ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पोस्टमार्टम हाउस के बाहर मायके पक्ष की महिलाओं ने मृतका की सास को चप्पलो से पीटकर आक्रोश व्यक्त किया। वहां मौजूद पुलिस ने बीच बचाव कर सभी को शांत कराया।

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने की जनसुनवाई

▸ जनसुनवाई के दौरान 88 शिकायतें प्राप्त हुई, अधिकांश मौके पर निस्तारित



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 88 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# गाजे-बाजे एवं अबीर-गुलाल के साथ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में नवरात्र में सजाई गई देवी प्रतिमाओं का अबीर गुलाल उड़ाकर गाजे बाजे के साथ यमुना व बेतवा नदी में भूमि विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ रही। कस्बा कुरारा में आधा दर्जन से अधिक स्थान पर शारदीय नवरात्र के अवसर पर देवी प्रतिमाओं स्थापित की गई थी। तथा नौ दिन तक सुबह शाम पूजा अर्चना की गई। आज अभी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन सिमरा गांव के पास निरनी घाट में भूमि विसर्जन किया गया। विसर्जन के पहले कस्बे में भ्रमण किया गया। तथा महिलाएं नृत्य करते हुए चल रही थी, तथा डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए ब्लाक के सामने तक भीड़ गई। इसके बाद देवी प्रतिमा विसर्जन स्थल को रवाना हुई। भक्तों ने अश्रुपूरित नेत्रों से मां की विदाई दी।

# प्रशासन की मौजूदगी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम संपन्न



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना भरुआ सुमेरपुर के थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र पर पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में देवी विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ ग्राम टेढ़ा उपनिरीक्षक भानु प्रताप सिंह कांस्टेबल अजय सोनकर देवव्रत मौर्य लेखपाल बसरुद्दीन की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से देवी विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ बड़ी आबादी वाले गांव टेढ़ा में लगभग आधा दर्जन स्थान पर शारदीय नवरात्रि पर देवी प्रतिमा स्थापित की गई थी जहां पर प्रतिदिन आरती पूजा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा दशहरा के दूसरे दिन सभी देवी प्रतिमाओं को गोसाई पुरवा के अमृत सरोवर में ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव की उपस्थिति में विसर्जन कार्यक्रम संपन्न किया। गया समाचार लिखे जाने तक कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

### ढोल-नगाड़ों के साथ किया गया देवी प्रतिमाओं का विसर्जन



**मौदहा, हमीरपुर।** शारदीय नवरात्र के अंतिम दो दिनों तक किया गया विसर्जन भक्तों को विभिन्न स्वरूपों में मनोवांछित फल का आशीष प्रदान करने वाली जगत जननी मां दुर्गा का विजयादशमी को जय दुर्गे मां के उद्घघोष के साथ भावपूर्ण विदाई हुई । कस्बे व ग्रामीण इलाकों में दुर्गा पूजा समितियों की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का ढोल , ढाक नगाडो और गाजे बाजे के साथ गुरुवार व शुक्रवार को भी पारंपरिक विधि विधान से विसर्जन किया गया। इससे पहले दशहरा गुरुवार को लगभग 12 स्थानों में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इनमें कस्बे के साथ उरदना, इचौली, नायकपुरवा, टिकरी, कपसा, खण्डेह, श्यामनाला सिसोलर, भुलसी, भटुरी, केन नदी चांदी, पासुन, पढोहरी, कुनेहटा, छिरका, चंद्रावल नदी सहित प्रतिमाओं का विसर्जन तालाबों, नदियों में किया गया। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष भक्त गण शामिल हुए पूजा मंडप में महिलाओं ने पहले मां को सिंदूर लगाया फिर एक दूसरे संग सिंदूर खेल कर शुभकामनाएं दी। दोपहर में पंडालों से जैसे ही मां दुर्गा की प्रतिमा निकली लोग भावुक हो गए। लोगों ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर आना मां के जय कारे लगाये।विसर्जन के दौरान अक्सर बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। नायकपुरवा इचौली की प्रतिमाएं महोबा के ग्राम अटघार तालाब में गुरुवार की देर रात तक प्रतिमाओं का विर्सजन होता रहा।

# नगर पंचायत ने दशहरा पर भगत तालाब के पास आयोजित किया रामलीला व रावण दहन कार्यक्रम

▸ चैयरमैन आशा रानी कवीर व ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने राम दरबार की आरती की

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा कुरारा के भौली रोड स्थित भगत तालाब के पास नगर पंचायत द्वारा दशहरा के अवसर पर रामलीला व रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया फिल्मी गानों पर जमकर नृत्य हुआ। वही दस बजे रावण दहन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर द्वारा कस्बे के भगत तालाब के पास पहली बार रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दशहरा के अवसर पर कस्बे में कोई सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होता था। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा पहल कर सार्वजनिक रूप से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम को रामलीला का कार्यक्रम शुरू हो गया जो कि देर रात दस बजे तक चलता रहा तथा नाच गाना होता था। रामलीला के बाद तीस फिट के रावण के पुतले में राम द्वारा तीर मार कर आग लगा दी गई। तथा आतिश बाजी का प्रदर्शन हुआ। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने राम दरबार में आरती की। रामलीला में राम रावण युद्ध का प्रदर्शन किया गया। रावण दहन को देखने के लिए कस्बा के लोगो की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन कुलदीप निषाद, देवेंद्र सिंह,सुनील पाठक, अधिशासी अधिकारी एस डी एम सरीला बलराम गुप्ता सहित लोग मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी के जीवन से मिलती है हमें प्रेरणा: इं. सौरभ सिंह

▸ जलसंस्थान में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती



**बांदा।** जलसंस्थान अधिशाषी अभियंता कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कार्यालय परिसर में जहां महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर सहायक अभियंता/ जलकल अभियंता इं.सौरभ सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद वहां मौजूद अवर अभियंता सहित अन्य लोगों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। माल्यार्पण के बाद इं.सौरभ सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के जीवन से हमे प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ हमेशा अहिंसा का रास्ता अपनाते हुए देश को आजाद कराया। देश की आजादी के उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं ला सकता। इसी तरह देश के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने भी देश के विकास में अहम योगदान दिया है। इसके बाद अवर अभियंता मंयक ने भी महत्मा गांधी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर लेखाकार शबीना बानो, अनीस खान, नरेन्द्र बाबू, रामसजीवन बाबू, लल्लू खां फिटर आदि मौजूद रहे।

### थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम द्वारा चलाया गया सघन जागरूकता कार्यक्रम

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों बाजारों, ग्राम सचिवालयों में बालिकाओं/ महिलाओं/ बच्चों को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे शासन द्वारा टेम्पलेट वितरित कर उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों सहित अन्य सभी सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं/बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन–1076, वीमेन हेल्पलाइन–1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा– डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण



सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई । मिशन शक्ति 5.0 जागरुकता अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कस्बा तिन्दवारी में, थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा महोबा रोड स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल मझगवां में, थाना मटौन्ध की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा मटौंध में, थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतेहगंज में, थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम जसपुरा में चौपाल लगाकर, थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम जौरही में, थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम पिंडारन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को पूरा विश्व मानता है: आयुक्त

▸ धूमधाम से मनाई गई गांधी जयंती

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस 2 अक्टूबर, 2025 के अवसर पर गांधी जयन्ती समारोह का आयोजन आयुक्त कार्यालय में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मण्डलायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धान्तों को पूरा विश्व मानता है। महात्मा गांधी ने देश को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था। हम सभी लोग गांधी तथा शास्त्री के सिद्धान्तों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपने जीवन में अपनायें। उन्होंने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया। उन्होंने कहा कि आज बहुत ही महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक दिन है आज हम महात्मा गांधी का जन्मदिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन में बहुत सी कठिनाइयां आई लेकिन उन्होंने सभी लोग लोगों को जोड़ रखा उन्होंने एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया कि अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी ग्राम स्वराज की जो कल्पना थी उसको हम सबको मिलकर साकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जन्म सन 1904 में हुआ स उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा भी दिया। वे सर्वोच्च पद पर रहकर भी बहुत ही साधारण जीवन जिए। उन्होंने कहा कि शास्त्री के सादा जीवन-उच्च विचार, मितव्ययिता, नैतिकता, भाईचारे की भावना हम सब मे होनी चाहिए। इस अवसर पर राजकीय स्पर्श विद्यालय के छात्रों ने गांधी के प्रिय भजन ''रघुपति राघव राजा राम'' तथा अन्य भजनों का गायन किया। मण्डलायुक्त के द्वारा स्पर्श विद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कमिश्नर भगवान दास भी विचार व्यक्त करते हुए गांधी एवं शास्त्री के सिद्धान्तों एवं आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मण्डलीय अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जेव रीभा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बापू के महान विचारों और आजादी में उनके योगदान को याद करने का आवाहन किया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री श्वेत क्रांति को भारत में लाए थे उन्हें श्वेत क्रांति का जनक भी कहा जाता है एवं उनके विचार सादा जीवन उच्च विचारों पर आधारित था उनके आदर्शो पर हम सभी को चलने की प्रेरणा दी। उपस्थित अपर जिला अधिकारी वित्त कुमार धर्मेंद्र वं अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर, सहित डिप्टी कलेक्टर्स गण एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में डूबकर युवक की मौत

**महोबा/पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद महोबा के पनवाड़ी क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के अवसर पर गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा घटित हो गया। पनवाड़ी कस्बे के फदना घाट, विरमा नदी में लगभग तीन बजे 30 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र हरनारायण अपने साथियों और अन्य देवी भक्तों के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए पहुंचा था। उत्सव का माहौल देखते ही देखते मातम में बदल गया, पुलिस प्रशासन के मना करने के बावजूद भी जब धर्मेंद्र अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज धारा में डूबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से धर्मेंद्र को बाहर निकालकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिवार और पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। धर्मेंद्र अपने पीछे पत्नी पुष्पा, छह वर्षीय पुत्र बाबू, चार वर्षीय पुत्री हर्षिता और भाई घनेन्द्र को छोड़ गया है। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं और पूरे गांव का माहौल शोकाकुल हो गया है। कुलपहाड़ उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र नशे की हालत में था और पुलिस प्रशासन की बार-बार मना करने के बावजूद नदी में कूद गया। प्रशासन और गोताखोरों ने तत्काल उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा, थाना प्रभारी अर्जुन सिंह, एसआई महेंद्र वर्मा, एसआई रामकिशन यादव, लेखपाल उर्वशी त्रिपाठी और पनवाड़ी लेखपाल बृजेंद्र पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। धर्मेंद्र की असमय मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है।

# नम आंखों के साथ देवी प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



शारदीय नवरात्र के समापन पर शुक्रवार को कस्बे के बांदा रोड स्थित केन नहर में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भावुकता के साथ किया गया। नौ दिनों तक नगर और ग्रामीण अंचल में विभिन्न स्थानों पर स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमाओं को भक्तों ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच बारी-बारी से विसर्जित किया। इस दौरान भक्तों की आंखें नम हो गई। सुबह से ही नहर किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं और युवतियां देवी माता की आरती और गीतों के साथ शोभायात्रा में शामिल हुईं। जगह-जगह प्रतिमाओं को वाहन और ट्रैक्टर ट्रॉली से लाया गया और पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन किया गया। क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा विसर्जन में शामिल हो देवी प्रतिमाओं का पूजा अर्चना किया अध्यक्ष संगीता निराला ने विसर्जन की व्यस्था देखी केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने विसर्जन में योगदान दिया और देवी प्रतिमाओं को अधिकारियों द्वारा सील्ड देकर सम्मानित जी किया गया भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी, सीओ प्रवीण कुमार, प्रशिक्षु सीओ पियूष कुमार, थाना प्रभारी ऋषिदेव सिंह कस्बा प्रभारी प्रीत पाण्डेय,भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और लगातार निगरानी करते रहे। प्रतिमा विसर्जन शांति और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ। इस मौके पर टिंकू गुप्ता, विपिन करवारिया, नवनीत गुप्ता, आशीष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गयी है।

इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 6 माह में अब तक प्रदेश भर में ढाई लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ व तीसरे स्थान पर कौशाम्बी है।

**योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है और वह इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं।**

पूरे देश में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ही है, जो प्रदेश के युवाओं को सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर नहीं दे रही है, बल्कि उन्हें एक मजबूत उद्यमी बनने के लिए, सक्षम बना रही है। इसी का असर है कि प्रदेश के युवा न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 1 लाख 50 हजार के सापेक्ष 6 माह में पूरे प्रदेश से 2,55,174 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं, जबकि 2,08,097 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 64,673 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है जबकि 63,009 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है।

### सबसे अधिक जौनपुर में वितरित किया गया लोन

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने सबसे अधिक आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशानुरुप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,250 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष पिछले 6 माह में 5,999 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 4,784 आवेदनों को बैंक को भेजा दिया गया है। इनमें से 2,003 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में पिछले 6 माह में जौनपुर ने सबसे अधिक युवाओं को लोन वितरित कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह आजमगढ़ ने पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। आजमगढ़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,250 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष 6 माह में 5,112 आवेदन प्राप्त हुए।

## आबकारी विभाग ने पुलिस टीम के साथ मारा छापा, 365 बोतलें बरामद

समृद्धि न्यूज

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में सैरपुर आईआईएम रोड के पास मुबारकपुर चौराहे पर आबकारी विभाग ने देर रात छापा मारकर अवैध रूप से रखी गई विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की है।

मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में 365 बोतलें व केन जब्त किए गए, जिनमें बाबे सैफायर, जैक डैनियल्स, जैगरमिस्टर, रेड लेबल, ब्लैक डॉग, टीचर्स, बडवाइजर, ब्रीजर जैसे महंगे ब्रांड शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान मौके से मुबारकपुर निवासी नवनीत उर्फ गोपाल गुप्ता (32) को गिरफ्तार किया गया। वह घर में रखकर शराब बेच रहा था। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 और भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 61(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2), 350 के तहत केस दर्ज कर थाना सैरपुर में जेल भेजा गया है। छापेमारी आबकारी आयुक्त व जिलाधिकारी लखनऊ के निर्देश पर की गई। जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ के निर्देश में आबकारी निरीक्षक शिखर मल्ल और अभिषेक सिंह ने स्टाफ के साथ छापा मारा। टीम के अनुसार शराब अवैध तरीके से रखी गई थी और बेचने की तैयारी में थी।

## खबरें एक नजर में

### डंपर की टक्कर से देवर-भाभी की मौत, सड़क पर शव रख हंगामा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी में डालीगंज चौराहे पर एक तेज रफ्तार डंपर ने बुधवार रात स्कूटी सवार देवर-भाभी को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। नाराज परिजनों ने गुरुवार को हैदरगंज चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजन 50 लाख मुआवजा और एक सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प हो गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने उनकी वाजिब मांगों को अनसुना किया। पुलिस जबरन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगी। इस दौरान लोगों को चोट आई। परिजन शव को लेकर चौराहे पर बैठे हुए हैं। परिजन करीब एक बजे पोस्टमॉर्टम हाउस से शव लेकर बाजारखाला स्थित पुराना जोशी टोला घर पहुंचे। यहां पुलिस की निगरानी में शवों को अंतिम यात्रा के लिए तैयार किया गया। यहां से परिजन शव लेकर निकले और करीब 3 बजे हैदरगंज चौराहे पर पहुंचे। एक साथ दो शव को देखकर के इलाके के लोगों की भीड़ जमा हो गई। नाराज लोगों ने चौराहे पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर वजीरगंज, खाला बाजार, चौक, ठाकुरगंज, तालकटोरा और सहादतगंज थाने की पुलिस पहुंची। इसके साथ बाजार खाला एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह समेत एसीपी ट्रैफिक भी पहुंचे। पुलिस ने बहुत समझाने की कोशिश की, लेकिन परिजन 50 लाख रुपए मुआवजे और एक सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े रहे।

### ऑटो वर्कशॉप में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज स्थित गुड्डू ऑटो इलेक्ट्रिशियन की वर्कशॉप में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर चौक फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों के मुताबिक, वर्कशॉप उस समय बंद थी। इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। वर्कशॉप में मौजूद इंजन ऑयल, क्लच प्लेट, ब्रेक शू, सेंसर समेत तमाम ऑटो पार्ट्स जलकर राख हो गए। दुकान में इंजन ऑयल की मात्रा अधिक थी। इस वजह से आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। दमकलकर्मियों को दुकान का चैनल तोड़कर अंदर घुसना पड़ा, जिसके बाद पानी की बौछार कर आग बुझानी शुरू की। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंचती, तो नुकसान और ज्यादा हो सकता था।

### अधिशासी अधिकारी ने सफाई जांची, नागरिकों को किया जागरूक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत बन्थरा में अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह ने प्रात: काल में क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड सभासद श्री हुकुम सिंह चौहान और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों के साथ मिलकर एक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया। यह कार्यक्रम क्षेत्रवासियों को साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और कूड़ा पृथक्करण (गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग देना) में नगर पंचायत का सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया गया था। अधिशासी अधिकारी, सफाई पर्यवेक्षकों और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने नागरिकों को कूड़ा अलग-अलग करके नगर पंचायत के कर्मचारियों को सौंपने के महत्व के बारे में जानकारी दी और उन्हें इस कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### पकड़ा गया 5 किलो गांजा, तीन बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। कृष्णा नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गंगाखेड़ा रेलवे अंडरपास से तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 5.200 किलोग्राम गांजा और घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी.के. सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्करों के पास से 5.200 किलोग्राम गांजा और अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की गई है। पुलिस पूछताछ में तस्करों की पहचान कलीमुद्दीन उर्फकलाम (पुत्र रमजान मियां, निवासी जवही मलही मुस्तकील, थाना तरया सुजान, कुशीनगर, वर्तमान पता सीपेट चौराहा, नादरगंज, रुस्तमविहार कॉलोनी, कृष्णानगर, लखनऊ), फिरोज खान (पुत्र मुख्तार खान, निवासी कस्बा तकीनगर, थाना कोतवाली, उन्नाव) और शमशुल्ला खान (पुत्र शमीउल्ला खान, निवासी दामोदर नगर, आलमबाग, थाना कृष्णानगर, लखनऊ) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वे गांजा खरीदकर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर जरूरतमंद लोगों को बेचते थे और इससे अपना जीवन यापन करते थे। पुलिस के अनुसार, बरामद गांजे के आधार पर तीनों तस्करों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### श्रीराम क्षत्रिय सेना के तत्वावधान में शस्त्र पूजन समारोह आयोजित



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। गुरुवार को विजय दशमी के महापर्व पर श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला इकाई के तत्वावधान में शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन जय अम्बे विद्यालय, पारा रोड, राजाजीपुरम, लखनऊ में किया गया। समारोह की अध्यक्षता अरविन्द सिंह ने की। श्रीराम क्षत्रिय सेना के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने संजीव सिंह चौहान को जिला महामंत्री व सर्वोत्तम सिंह चौहान एडवोकेट को जिला प्रवक्ता लखनऊ नियुक्त किया। श्रीराम क्षत्रिय सेना के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने कहा कि वनवास के समय में प्रभु श्रीराम ने धनुष-बाण से राक्षसों व रावण का वध किया था। समारोह में प्रदेश मंत्री विनय सिंह चौहान, जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे, जि. उपाध्यक्ष योगेश सिंह सिसोदिया,जिला संगठन मंत्री संजय सिंह व सम्राट सिंह राजावत, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह चौहान, जिला मंत्री जितेंद्र सिंह, मान सिंह तोमर, विमल सिंह सोमवंशी, धर्मेन्द्र सिंह गौर, सत्येन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# गांधीजी आज भी लोगों के दिलों में हैं जीवित : केशव

**उपमुख्यमंत्री ने गांधीजी व शास्त्री जी को अर्पित की श्रद्धांजलि**



समृद्धि न्यूज

लखनऊ । प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांधी का पूरा जीवन ही एक संदेश है।

मौर्य ने कहा है कि गांधी जी के विचार और उनका जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है। हम सबको उनके जीवन दर्शन व सुकृत्यों से न केवल प्रेरणा लेनी चाहिए, बल्कि उसे आत्मसात करना चाहिए। गांधी जी आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। उनकी हर बात, हर काम प्रेरणा का संदेश है। वह संपूर्ण मानवता के प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।कहा कि बापू के आदर्श हमें समृद्ध भारत बनाने का हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाया, वह सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। गांधी जी महान सोच वाले साधारण व्यक्ति थे। हम लोग संकल्प लें कि गांधी जी के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए हम राष्ट्र के कल्याण व प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहेंगे और गांधी जी के बताए हुए रास्ते का अनुगमन करते हुए मोदी जी के आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए, स्वदेशी अपनाने व खादी और हस्तशिल्प उत्पादों को अधिक से अधिक अपनाने की अपील की।

### गांधी जयंती पर कैंपस में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ विश्वविद्यालय में कांग्रेस की स्टूडेंट विंग एनएनयूआई से जुड़े छात्रों ने इस बार अनोखे तरीके से गांधी जयंती मनाई। कैंपस में बापू की प्रतिमा का पहले दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद उनका माल्यार्पण हुआ और फिर महात्मा गांधी अमर रहे के नारे लगाए। इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। इस दौरान एनएनयूआई से जुड़े कई स्टूडेंट्स कैंपस में मौजूद रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएनयूआई विंग के अध्यक्ष राणा सुधांशु शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आज देश को उनके विचारों की जरूरत है। और उनके बताए रास्ते पर चलकर भारत बहुत जल्द सुपर पॉवर बन जायेगा। इस दौरान एनएनयूआई से जुड़े और कांग्रेस के अन्य सपोर्टर छात्र भी मौजूद रहे। इनमें कृष, कन्हैया, अभिषेक, राजवीर, अंकुश, तनय, राघव भी शामिल है।

### दशानन के जलते, जय श्रीराम के लगे जयकारे, लोगों ने मोबाइल में कैद किया

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में विजयादशमी त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शहर में 117 जगहों पर रावण का दहन हुआ। ऐशबाग के रामलीला मैदान में 'विदेशी निर्भरता नस्लवाद, जातिवाद का समूल नाश हो' थीम पर आधारित रावण को दहन किया गया। इससे पहले रामलीला का मंचन हुआ। विभिन्न रामलीला कार्यक्रमों में सियासी और सामाजिक लोगों ने हिस्सा लिया। सदर कैंट में 80 फीट का दहन हुआ। ऐशबाग में 65 फीट का रावण जलाया गया। रावण दहन होते ही लखनऊ के सभी पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने जमकर ताली बजाई और इस नजारे को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया। रावण दहन से पहले आतिशबाजी हुई। वहीं रामलीला का मंचन भी हुआ।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षा चौकी में मिला होमगार्ड का शव

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चौधरी चरण सिंह हवाईअड्डा के निकट तैनात एक होमगार्ड बृहस्पतिवार सुबह मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि एक सुरक्षा कार्यालय के भीतर होमगार्ड एक रस्सी से लटका पाया गया। होमगार्ड हवाईअड्डे पर कमांडेंट कार्यालय से संबद्ध था। उत्तर प्रदेश में होमगार्ड एक स्वैच्छिक बल होता है जो कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपदा राहत और अन्य आपात कार्यों में पुलिस और प्रशासन की मदद करता है। आमतौर पर वह मानदेय के आधार पर काम करता है। सरोजनी नगर के थाना प्रभारी राजदेव प्रजापति ने मीडिया को बताया, मृतक की पहचान 35 वर्षीय विक्रम सिंह के रूप में की गई है।

## बलरामपुर चिकित्सालय के सुपरवाइजर पर वसूली का आरोप, जांच हुई शुरु

समृद्धि न्यूज

**कर्मियों को सुरक्षाकर्मी बनाने की धमकी देकर 40 हजार वसूलने का मामला**

लखनऊ । बलरामपुर अस्पताल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान किया जा रहा है। वार्ड ब्वॉय पद पर तैनात कर्मचारियों को सुरक्षाकर्मी बनाने की धमकी देकर 40 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। आरोपी आउटसोर्स सुपरवाइजर को पद से हटा दिया गया है। अस्पताल में 756 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। प्रतिदिन पांच से सात हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी भी अस्पताल में तैनात हैं। लेकिन इन कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। वार्ड ब्वॉय के पद पर तैनात प्रमोद कुमार वाजपेई का आरोप है कि आउटसोर्स कंपनी की तरफ से तैनात एक सुपर वाइजर मुकेश जोशी व गजानंद मिश्र परेशान कर रहे हैं। प्रमोद वाजपेई का आरोप है कि सुपरवाइजर मुकेश जोशी ने कहा कि 40 हजार घूस दो वरना तुम्हे वार्ड ब्वॉय के पद से हटा दिया जाएगा।

### महाप्रबंधक उत्तर रेलवे ने स्टेशनों का किया निरीक्षण

लखनऊ। महाप्रबंधक उत्तर रेलवे अशोक कुमार वर्मा ने अपने आगमन के दूसरे दिन अमृत भारत स्टेशन योजना से जुड़े विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं एवं चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक महोदय ने व्यासनगर एवं शिवपुर स्टेशनों का निरीक्षण किया। शिवपुर निरीक्षण के उपरांत उन्होंने मार्ग में संचालित एक गुड्स ट्रेन का भी परीक्षण/जाँच किया। इसके पश्चात उन्होंने बाबतपुर, जाफराबाद एवं मडियाहू स्टेशनों का गहन निरीक्षण करते हुए स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों और यात्री सुविधा विस्तार की समीक्षा की।

## नगर निगम में अफसरों ने सुनी जन समस्याएं

**हाउस टैक्स बढ़ाने पर नगर आयुक्त ने दिए जांच के निर्देश**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । लखनऊ नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर के सभी जोन से बिजली, पानी, टैक्स सहित अन्य समस्याओं को लेकर लोगों ने शिकायत की।

ऐशबाग के रहने वाले अजय चंद्र अग्रवाल ने कहा कि हाउस टैक्स का रिवीजन 2022 से होना चाहिए। कई बार शिकायत के बाद भी जोनल अधिकारी मानने को तैयार नहीं हैं। मनोज गुप्ता निशातगंज के रहने वाले हैं। उन्होंने समाधान दिवस में कहा कि 1200 स्क्वायर फीट का मकान है। पिछले साल तक 25 हजार रुपए हाउस टैक्स आता था। लेकिन अब रिवाइज कर के 1 लाख रुपए कर दिया गया है। नगर आयुक्त ने प्रकरण का जांच करने का आश्वासन दिया है। मौके पर मौजूद महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर जनता की समस्याओं को सुना और समाधान सुनिश्चित किया। समाधान दिवस में मुख्य रूप से गृहकर और जलकर संबंधी विसंगतियों, सफाई व्यवस्था की खामियों, सड़क मरम्मत न होने, सीवर लाइन अवरोध, स्ट्रीट लाइट की खराबी और कूड़ा उठान में अनियमितताओं जैसी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज की गईं।

## अपने जीवन व कार्यशैली में भी स्वच्छता अपनाने की जरूरत : मण्डल रेल प्रबंधक

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। 'स्वच्छ उत्सव थीम के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा-2025' स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम, फ्रेट एवं डीएम महेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन में लखनऊ मंडल में कार्यालयों, संस्थागत भवनों, रेलवे स्कूलों, रेलवे ट्रैकों व स्टेशनों और ट्रेनों, रेलवे परिसरों में जल निकायों की सफाई के लिए वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

मण्डल रेल प्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में लखनऊ जंक्शन रेलवे इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक ने रेल अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं उसके लिये प्रत्येक वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प दिलाया एवं रेलवे कर्मचारियों, गैर सरकारी संगठनों, यूनियन/एसोसिएशनों तथा स्काउट गाइड्स की सहभागिता में अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं स्वच्छता हेतु श्रमदान की शपथ दिलाई। अपने सम्बोधन में श्री अग्रवाल ने महात्मा गॉधी की जयन्ती पर सभी को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के योगदान को याद करते हुए उपस्थित जनों को गॉधी के विचारों, जीवन शैली तथा अनुशासन को अपने दैनिक आचरण में आत्मसात् करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि रेल परिसर में स्वच्छता बनाये रखने के साथ ही हमें अपने विचारों और कार्यशैली में भी स्वच्छता बनाये रखनी होगी।

### गांधी आश्रम में मेयर सुषमा खर्कवाल ने काटा सूत

लखनऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान ध्वजारोहण, माल्यार्पण और दोनों महान विभूतियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल ने गांधी आश्रम में चरखा चलाकर सूत काटा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने ध्वजारोहण कर देश की एकता और अखंडता का संकल्प दोहराया। महापौर ने कहा, महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर भारत को आजादी दिलाई और विश्व को शांति का मार्ग दिखाया। वहीं, शास्त्री जी का 'जय जवान जय किसान' का नारा और सादगीपूर्ण जीवन आज भी हमें ईमानदारी व राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।

## मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को लेकर छात्रों को किया जागरूक

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिये आज यहां राम किशोर कान्वेंट इंटर कालेज, अभिषेकपुरम, जानकीपुरम विस्तार में मेकिंग इंडिया डेंगु फ्री अभियान के अन्तर्गत छात्रों को जागरूक किया गया। डाबर ओडोमॉस द्वारा आयोजित इस शिविर में 150 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को मच्छर से होने वाले बीमारियो खासकर डेंगु के बारे में जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य सहित मुख्य अतिथि समाजसेवी पंकज तिवारी, दिनेश कुमार, सीनियर मैनेजर, डाबर इंडिया लिमिटेड, कालेज के प्रबन्धक जी.पी. शुक्ला, प्रधानाचार्या बीना त्रिपाठी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर दिनेश कुमार ने बताया कि ओडोमोस टीम लोगों तक पहुंचेगी और उन्हें डेंगु के बारे में जानकारी देगी और बताएगी कि वे किस तरह मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से अपने आप को बचा सकते हैं। लोगों को मुफ्त ओडोमोस मोस्क्युटो रेपेलेन्ट क्रीम भी बांटी जाएगी। मुख्य अतिथि पंकज तिवारी ने कहा डेंगु फैलाने वाले मच्छर आमतौर पर दिन में काटते हैं। ऐसे में ज़रूरी है कि हम बच्चों की सुरक्षा पर भी ध्यान दें। बच्चे चाहे घर से बाहर खेलने जाएं या घर के कमरे में रहें, उन्हें मच्छरों से बचाना बहुत ज़रूरी है।

**शताब्दी समारोह** — **धर्मपाल सिंह और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया संचलन, घोष दल के साथ संचलन पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**

# आरएसएस के सौ साल पूरे होने पर स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष के प्रथम कार्यक्रम विजयादशमी के दिन लखनऊ विभाग में 72 स्थानों पर संघ के गणेवशधारी स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। पथ संचलन में शामिल बाल, वृद्ध, तरूण स्वयंसेवकों में काफी उत्साह देखने को मिला।

संचलन गीत श्संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का वह काम सब किये चलो की पंक्तियां दोहराते हुए स्वयंसेवकों ने संचलन पूर्ण किया। कई बस्तियों में घोष दल के साथ स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। स्थानीय नागरिकों ने संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य प्रेम कुमार और कुण्डरी बस्ती में इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय श्रीहर्ष, विवेकानन्द नगर में विद्या भारती के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री यतीन्द्र,विद्या भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचन्द्र और सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख मनोजकांत शामिल हुए।

क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज केशव नगर, क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष हनुमान नगर, क्षेत्र धर्म जागरण प्रमुख अभय लक्ष्मण नगर,विभाग प्रचारक अनिल वीर हकीकतनगर के विजयादशमी कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। दीनदयाल नगर की दयानन्द बस्ती में पूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि महाराज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आनंद नगर की पटेल बस्ती के पथ संचलन में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और प्रान्त के विशेष सम्पर्क प्रमुख प्रशान्त भाटिया पथ संचलन में शामिल हुए। लक्ष्मण नगर में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री घनश्याम शाही और विश्वेश्वर बस्ती में पूर्व मंत्री डा.महेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों के साथ पथ संचलन किया।इन कार्यक्रमों में संघ के पदाधिकारियों ने स्वयंसेवकों से वर्ष भर पंच परिवर्तन पर काम करने और समाज और सज्जन शक्तियों को जोड़ने का आहवान किया। वक्ताओं नेशाखा को समाज निर्माण का केंद्र बनाने बस्तियों, परिवारों और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचकर समरसता का संदेश फैलाने का आहवान किया।हनुमान नगर में विजयादशमी उत्सव को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा भारत को परमवैभव पर ले जाने के लिए संगठित होकर कार्य करना होगा। संघ विचारधारा को घर घर पहुंचाना है।क्षेत्र धर्म जागरण प्रमुख अभय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए विजयादशमी का दिन प्रेरणा और संकल्प का दिवस है। यह हमें अपने जीवन में अनुशासन, संगठन, सेवा और देशभक्ति को उतारने का संदेश देता है।

### सहारा के कर्मचारियों का मैनेजमेंट के खिलाफ प्रदर्शन

लखनऊ । सहारा समूह के कर्मचारी आज दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। सहारा शहर के गेट पर खड़े होकर मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। सहारा समूह के मैनेजमेंट ने आज उनसे मिलने का आश्वासन दिया है।






# दुर्गा पूजा कमेटी के नाराज सदस्यों ने किया प्रदर्शन

**शांतिपूर्ण विसर्जन के बाद डीजे को लेकर दर्ज केस पर उठी नाराजगी, विधायक ने प्रदर्शनकारियों से की वार्ता, मुकदमा वापस कराने पर बनी बात**

समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** अति संवेदनशील गंगवल क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मूर्ति विसर्जन संपन्न होने के बाद छह लोगों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण और मॉडिफाइड वाहनों के इस्तेमाल के आरोप में मुकदमा दर्ज किए जाने पर गुरुवार को क्षेत्र में तनाव फैल गया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने सुबह से कल्याण नाथ मंदिर परिसर में एकत्र होकर बाजार की सभी दुकानें बंद कर धरना शुरू कर दिया।

बीते बुधवार को मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो गया था, लेकिन गुरुवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय थाने में डीजे के ध्वनि प्रदूषण व मोडिफाइड वाहनों सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया। इसकी खबर आग की तरह फैलते ही आयोजकों में रानू सिंह प्रधान प्रतिनिधि राजापुर गिरंट, विकास सिंह प्रधान गांगूदेवर, प्रमोद सोनी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, बड़े बाबू पांडे, छोटू सिंह, विनोद जयसवाल, रिंकू गुप्ता, नितिन जैसवाल, विजय गुप्ता, जीत बहादुर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग गंगवल चौक बाजार स्थित कल्याण नाथ मंदिर पर एकत्र हो गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए दर्ज किए गए मुकदमे को वापस लेने की मांग की। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय मय फोर्स मौके पर पहुंचे। इसके बाद स्थिति को देखते हुए जिले से एडिशनल एसपी रामानंद कुशवाहा, एसडीएम पयागपुर अश्वनी कुमार पांडे, सीओ पयागपुर राज सिंह, तहसीलदार पयागपुर रविकांत द्विवेदी, नायब तहसीलदार पयागपुर शैलेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल और दो ट्रक पीएसी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर घटनास्थल पर पहुंच गई। सुबह 8 बजे से 1 बजे तक लोग मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से धरने पर बैठे रहे। इसके पश्चात, प्रदर्शनकारी दोपहर 1 बजे गंगवल चौक बाजार तिराहे मुख्य मार्ग पर आकर बैठ गए। उन्होंने एसडीएम व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुकदमे वापस लेने की मांग तेज कर दी, तनावपूर्ण माहौल के बीच करीब 2 बजे क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों और आम लोगों के बीच बातचीत की। विधायक ने मुकदमे को वापस लिए जाने को लेकर प्रशासन के साथ आम सहमति बनाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया, इसके बाद बाजार खुल गई।



# मूर्ति विसर्जन जुलूस में शामिल होने जा रहे थे बाइक सवार, क्रेन ने मारी टक्कर, मौत

**राहगीरों ने क्रेन वाहन के चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा**

समृद्धि न्यूज



**जरवलरोड बहराइच।** जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान दो बाइक सवारों की दर्दनाक मौत हो गई है। जुलूस में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार क्रेन ने रौंद डाला। क्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह बाइक सवारों को कुछ दूर तक घसीटता चला गया। जिससे मौके पर दोनों की मौत हो गई है। शुक्रवार को जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत जरवल रोड से घाघरा घाट की तरफ मूर्ति विसर्जन जुलूस जा रहा था।

शाम करीब तीन बजे जुलूस घाघरा घाट रेलवे स्टेशन पहुंच चुका था। तभी जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंभौरा के बरूआ गांव निवासी 40 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र राजबहादुर मोटरसाइकल से अपने साथी 38 वर्षीय प्रकाश गौतम पुत्र मोल्हे निवासी पुरैनी आदमपुर थाना जरवल रोड के साथ घाघरा घाट की तरफ जुलूस में शामिल होने जा थे।

बहराइच लखनऊ हाइवे पर कुड़वा ओवर ब्रिज के निकट गोंडा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रिकवरी क्रेन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक से वाहन की तरफ अंदर गिर गए और क्रेन दोनों कुछ दूर तक रौंदते घसीटते चला गया। जिससे दोनों की सिर कुचलने से मौके पर मौत हो गई है।

जुलूस में शामिल राहगीरों ने तत्काल क्रेन वाहन के चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। सूचना पर जरवल रोड थाना प्रभारी संतोष सिंह ने पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। वही दुर्घटनाग्रस्त सभी वाहनों को कब्जे में लिया है।

## खबरें एक नजर में

### विसर्जन के दौरान चली गोली में सात लोगों पर मुकदमा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिव बख्तावर बुधई पुरवा निवासी त्रिलोकी पांडेय ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया कि बृहस्पतिवार की देर शाम को मूर्ति विसर्जन के लिए ले जा रहे थे। हनुमंत लाल शुक्ला के घर के पास पहुंचने पर पिस्टल से गोली चला दिया जिस में 20 वर्षीय निखिलेश शुक्ला और उस के चचेरे भाई सत्येंद्र शुक्ला को गोली लग गई। जिस से दोनो घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर पर हनुमंत लाल शुक्ला, सत्यम शुक्ला उर्फ सचिन शुक्ला, गुड्डू शुक्ला, मून पांडेय डिप्टी पांडे संजीव तिवारी के ऊपर जान लेवा हमला का मुकदमा दर्ज किया गया। नगर कोतवाली विवेक त्रिवेदी ने बताया कि हनुमत लाल शुक्ला को हिरासत में लेकर घटना से संबंधित जानकारी ली जा रही है।

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**झंझरी गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पंत नगर कासी राम कालोनी में रह रहे 38 वर्षीय विजय कुमार पुत्र सोमई शुक्रवार की सुबह बाइक से गोंडा कचहरी स्टेशन के पास स्थित बाबा सदरूदीन मजार दर्शन करने जा रहा था। आई जी के आवास के पास अचानक बाइक से फिसल कर गिर गया जिस से उस की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक के भाई दिनेश कुमार ने बताया कि उस का पैतृक गांव कटरा थाना क्षेत्र के अशोक पुर ग्राम में है। यहां किसी लेखपाल के साथ रह कर उन का काम करता था। बाबा सदरूदीन का भगत था। प्रतिदिन बाइक से दर्शन करने उन के मजार जाता था। शुक्रवार की सुबह भी बाबा सदरूदीन के मजार पर दर्शन करने जा रहा था। तभी यह घटना घट गाई। घायल अवस्था में उस को मेडिकल कालेज ले गए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि शव पोस्ट मार्टम को भेजा गया है।

### दंगल व रस्सा खींच प्रतियोगिता में भारत ने किया नाम रोशन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिहींपुरवा तहसील के भारत नेपाल सीमा के निकट मदन चौक पर नेपाल युवा क्लब के द्वारा विजयादशमी के अवसर पर खुला दंगल व रस्सा कसी महा दंगल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें भारत नेपाल सीमा के निकटतम ग्राम पंचायतों व नेपाल के अलग-अलग जगहों से आयी टीमों नें प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में सर्राकलां के नव युवा समिति की टीम नेपाल को हरा कर प्रथम पुरस्कार विजेता घोषित हुई। इस मौके पर सर्राकलां ग्राम प्रधान अभिमन्यु सिंह नें विजेता टीम को शुभकामनाये देते हुए उत्साहवर्धन किया विजेता टीम में पहलवान अंगद मौर्य, राहुल पोरवाल, बदल सिंह, श्री राम सिंह, वीर बहादुर सिंह, बलराम पासवान, इस्तिखार, अख्तर, हनीफ खान, गुड्डू अंसारी शामिल रहे।खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए ग्राम सभा के विकास मौर्य, उपेंद्र सिंह, सूरज प्रताप, नागेंद्र मौर्य, कृष्णा शर्मा, धीरज मदेशिया, सकिल, राज गुरु, विशाल मौर्य, अभय प्रताप, अनूप मौर्य समेत भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### महिला आरक्षी को मुख्य आरक्षी पद पर आउट ऑफ टर्न प्रमोशन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने महिला आरक्षी के मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नत होने पर महिला आरक्षी शशि प्रभा सिंह को रैंक चिह्न लगाकर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के नागपुर में गत वर्ष 26 फरवरी से 02 मार्च के बीच हुई 72 वीं अखिल भारतीय नेशनल गेम्स चौंपियनशिप के महिला आरक्षी को कास्य पदक मिला था, महिला आरक्षी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम से प्रतिभाग किया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासन की ओर से आउट ऑफटर्न प्रमोशन दिया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी पयागपुर राज सिंह, पुलिस उपाधीक्षक नारायण दत्त मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### छह लोगों की मौत में आठ पर केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में 6 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मृतक किशोर सनी के चाचा हीरालाल की तहरीर पर विजय समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी रामगांव ने बताया कि मृतक किशोर के चाचा ने विजय और उनके अन्य रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। इसके बाद मृतक विजय के साथ ही उसके भतीजे जितेंद्र, बलराम, बहादुर, श्रवण कुमार, गुड्डू, मनोज और भगवान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना बुधवार सुबह रामगांव थाना क्षेत्र के निंदुर पुरवा ग्राम में हुई थी।

# श्रीराम के बाण चलाते ही धू-धू कर जला रावण

**असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा धूमधाम से मनाया गया**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** असत्य पर सत्य,बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व गुरुवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अग्निबाण चलाते ही लगभग 55 फिट का रावण का पुतला,मेघनाद व कुम्भकर्ण का पुतला धू-धू कर जल गया और इस तरह एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ ही अनाचार पर सदाचार की विजय और असत्य पर सत्य की जीत हुई।

रावण दहन के बाद आकर्षक जमकर आतिशबाजी की गई जो आकर्षण का केन्द्र रही। दशहरा के दिन रामलीला में राम और लक्ष्मण मैदान पहुंचे। इससे पूर्व प्रकांड विद्वान रावण ने राम से युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए शिव की आराधना कर विजय का आशीष मांगा। राम-रावण युद्ध से पूर्व हुई लीला में कुम्भकर्ण और मेघनाथ भी मारे गए। इसके बाद राम और रावण का युद्ध शुरू हुआ। घंटों चले युद्ध के बाद राम के एक साथ 21 बाण छोड़े जाने पर रावण के नाभि का अमृत सूख जाता है। उसके दसों सिर और दसों भुजाएं कट गई। इसी के साथ रावण का अंत हो गया। रावण का वध होते ही पूरा रामलीला मैदान भगवान राम के जयकारों से गूंज उठता है। बाद में रावण का पुतला दहन हुआ। मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला में मेघनाद, कुंभकर्ण वध के बाद रावणवध की लीला का कलाकारों ने सजीव मंचन किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नगर पालिका चैयरमेन सुधा टेकड़ीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी पद्मसेन चौधरी, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, प्रान्तीय समरसता प्रमुख राज किशोर,जिला प्रचारक अजय कुमार, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी,विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, एसपी सिटी रामानन्द कुशवाहा,सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, सीओ सिटी पहुप सिंह, ईओ प्रमिता सिंह ने उपस्थित लोगों से अपने अंदर मौजूद अहंकार जैसी बुराई को छोड़ने का आह्वान किया।

## महराजगंज में प्रतिमा विसर्जन पर कड़ी सुरक्षा, सीसीटीवी से हुई निगरानी

**बहराइच।** जिले की महसी तहसील के महराजगंज बाजार में प्रतिमा विसर्जन को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। क्षेत्राधिकारी महसी और उप जिलाधिकारी लगातार संवेदनशील इलाकों में पुलिस जवानों के साथ फ्लैग मार्च कर रहे हैं। यह कदम पिछले वर्ष प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के मद्देनजर उठाया गया है। पिछले साल महराजगंज बाजार में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन यात्रा के दौरान दो समुदायों के बीच विवाद हो गया था। इस घटना में राम गोपाल मिश्रा नामक युवक की हत्या के बाद पूरे इलाके में हिंसा भड़क उठी थी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एडीजी अमिताभ यश को मौके पर भेजा गया था, और लगभग 36 घंटे बाद हिंसा पर काबू पाया जा सका था। इस बार जिला प्रशासन पूरे इलाके में अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। क्षेत्राधिकारी महसी डी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के लिए पूरे क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पीएसी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

# दशहरा पर्व पर आयोजित किया गया शस्त्रपूजन समारोह, पुरोहित ने की पूजा

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में गुरुवार को दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया। पुरोहित ने मंत्रोच्चारण के साथ पहले हवन पूजन कराया और फिर शस्त्रों की पूजा कराई। इस अवसर पर बताया गया कि महाराणा प्रताप ने हल्दी घाटी का युद्ध जीतने के बाद विजय पताका फहराने के साथ ही शस्त्रों का पूजन किया था। तभी से क्षत्रिय समाज प्रति वर्ष दशहरा पर शस्त्र पूजन की परंपरा निभा रहा है।

गुरुवार को सुफीपुरा स्थित सुखदराज सिंह क्षत्रिय भवन में शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम व महाराणा प्रताप के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पुरोहित ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया। इसके बाद सभी लोगों ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के दिन असत्य पर सत्य की जीत हुई थी। महाराणा प्रताप जी ने हल्दी घाटी युद्ध जीतकर विजय पताका फहराने के साथ ही शस्त्र पूजन किया था तब से क्षत्रिय समाज हर साल इस पर्व पर शस्त्र पूजन करता चला आ रहा है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, शिवेंद्र सिंह, देवानंद सिंह, अजय सिंह अज्जू, मनीष सिंह, मुकेश सिंह, मानवेंद्र सिंह मन्नू, संजय सिंह, देवानंद सिंह, मेजर राणा शिवम सिंह,सभासद आशीष सिंह, सभासद राजीव सिंह,जीतेन्द्र सिंह, दयाशंकर सिंह, कृष्ण पाल सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जादूगर मिस्टर इंडिया को मिला इंटरनेशनल ग्लोरी ऑफ आर्ट अवॉर्ड

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा ।** शांति फाउंडेशन द्वारा दो अक्टूबर गुरुवार को शांति मेमोरियल स्कूल अशोकपुर टिकिया वजीरगंज (गोण्डा) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में जादू और समाजसेवा के अद्भुत संगम के प्रतीक बने ख्याति प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया को ÷इंटरनेशनल ग्लोरी ऑफ आर्ट अवॉर्ड÷ से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें राष्ट्र निर्माण, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए प्रदान किया गया। अपनी जादुई प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या,दहेज एक अभिशाप,नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी देवी के नेतृत्व में किया गया,जिसमे मुख्य अतिथि उमेश कुमार यादव (लुंबिनी, नेपाल) एवं डॉ. केतन कुलकर्णी (कनाडा) की



गरिमामयी उपस्थिति रही,तथा देश-विदेश से आए विद्वानों, साहित्यकारों, कलाकारों व समाजसेवियों ने भाग लिया।सम्मान पत्र के माध्यम से संस्था द्वारा कहा गया कि आप जैसे समाजसेवी अपने कर्तृत्व और व्यक्तित्व से समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

आपकी सरलता, अनुशासन, निष्ठा और परिश्रम वास्तव में अविस्मरणीय हैं। ऐसे महान व्यक्तित्व को सम्मानित कर शांति फाउंडेशन स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है। इस अवसर पर शांति फाउंडेशन परिवार ने उन्हें साधुवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उनके प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।

## प्रधान पति पर जानलेवा हमले के 24 घंटे बाद भी इटियाथोक की पुलिस के हाथ खाली

**गोंडा।** चुनावी रंजिश में बृहस्पतिवार देर शाम महिला प्रधान के पति पर जानलेवा हमला कर दिया गया, जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के तिर्रेमनोरमा गांव के रहने वाले अमर सिंह ने बताया कि गुरूवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने के दौरान लाठी-डंडों और ईंट-पत्थर से किए गए हमले में वह घायल हो गए।? उनके दो सहयोगी सत्यम सिंह व कृष्णपाल सिंह को भी चोटें आई हैं। इस हमले के मामले में गांव के ही विश्वजीत उर्फ सूरज सिंह, कपिल सिंह, शिवशंकर सिंह, शिवम सिंह, पूर्व प्रधान विनय सिंह, राजन सिंह व बलवंत सिंह को नामजद करते हुए तहरीर दी गयी है। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या जांच में यह सामने आया कि हमलावर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज करके घटना की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर सभी सातों आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

# गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में राजनैतिक पार्टी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों छ्द्र-ह्श1श पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,1950 की धारा-27 (5) (ख) के अनुसार किसी व्यक्ति को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत होने के लिए शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य रूप से निवासी होना चाहिए। एवं अर्हक तिथि 01.11.2025 से छः वर्षों के भीतर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 27 की उप धारा (3) के खंड (ख) के अधीन विनिर्दिष्ट राज्य सरकार के ऐसे शैक्षणिक संस्थान जिसका स्तर माध्यमिक



विद्यालय से कम न हो, में शिक्षण कार्य में कम से कम कुल तीन वर्ष की अवधि से कार्यरत होना चाहिए। जनपद में समस्त मतदेय स्थलों पर पदाभिहित अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। आयुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्गत सार्वजनिक नोटिस को जनपद के मतदेय स्थलों पर चस्पा करा दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक गोण्डा को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली से सम्बन्धित समस्त फार्म-19 का परीक्षण करते हुए, प्रतिहस्ताक्षरित करने के लिये निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 12 स्थल पूर्व में बनाये गये थे, वर्तमान में इन्हीं मतदेय स्थलों का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जायेगा, इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई सुझाव/आपत्ति हो तो अवगत कराये, इस सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से पूर्व से निर्धारित मतदेय स्थलों में ही आगामी निर्वाचन को सम्पन्न कराये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी। अन्त में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में सभी पात्र व्यक्तियों का नाम गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित कराये जाने में सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा करते हुए, बैठक समाप्त कर दी गयी है।

# संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूरे जनपद में शस्त्र पूजन कर निकल गया पथ संचलन

समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस विजयादशमी के अवसर पर नगर सहित विभिन्न विकास खंड केंद्र स्थित मंडल में शस्त्र पूजन कर पथ संचलन निकाला गया। स्वयंसेवको द्वारा रक्तदान किया गया। पथ संचलन का क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों द्वारा भव्य पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



बहराइच नगर में महाराज सिंह इंटर कॉलेज में एकत्र स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख राम लखन ने कहा कि विजयदशमी का पर्व संपूर्ण समाज के लिए पावन स्मृति है इसी दिन असत्य पर सत्य की विजय हुई थी तथा इसी दिन राष्ट्रीय सेवा संस्कार और स्वाभिमान के पद पर चलने वाले एक महान संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शुभारंभ हुआ था, आज राष्ट्र आराधन सेवा और समर्पण का 100 वर्ष पूर्ण हुआ है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक मातृभूमि की सेवा को अपना परम धर्म मानता है। इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन निकाला गया जो गुरु नानक चौक, छावनी चौराहा, घंटाघर छोटी बाजार होते हुए महाराज सिंह इंटर कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुआ। महसी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर ने कहा कि आज समाज जीवन में स्वयंसेवकों की साधना के आधार पर समाज को जोड़ने का काम सबको लेकर सबके साथ चलने का स्वभाव संस्कार जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना परिवारों का विखंडन न होने पाए इसलिए समाज का प्रबोधन करना, हमारे जीवन मूल्य क्या है हमारा इस देश के लिए कर्तव्य क्या है उनका पालन करना भारत अपनी स्व के आधार पर आगे बढ़ा ऐसे स्व का हम सब के जीवन में प्रगटीकरण हो, हम सब सबको लेकर सबके साथ चलने का स्वभाव संस्कार बनाएं और भारत पुनःविश्व गुरु के स्थान पर सुशोभित हो।

**पर्व** | **रामलीला मैदान पर परंपरागत रूप से लगे मेले में शहर के साथ ही आस-पास के गांवों से भी आए लोग**

# रावण वध के साथ बुराई का अंत, रामलीला देखने उमड़ी भीड़

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** गोंडा में बड़गांव क्षेत्र के खैरा भवानी मंदिर के रामलीला मैदान में तथा शहर के बीचों बीच हनुमान गढ़ी के बगल स्थित राम लीला मैदान में राम और रावण दहन को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी और रावण वध को देखने के बाद ही लोगों की भीड़ गाई। ऐतिहासिक राम लीला मैदान में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही रामलीला का मंचन शुरू हो जाता है। दशहरा के अंतिम दिन का रामलीला का नाटक खेला जाता है। नाटक कर रहे कलाकारों के द्वारा अंतिम दिन लक्ष्मण और-मेघनाद का बहुत ही भयंकर युद्ध खेला गया। जिसमें लक्ष्मण के हाथों मेघनाथ का अंत किया गया।

इसके बाद भगवान राम ने अहंकार में चूर रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ और 25 फुट का रावण के पुतले को भगवान श्री राम ने अपने



बाणों से दहन कर दिया। बुराई के प्रतीक रावण का अंत हुआ। इसके साथ ही मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने श्रीराम की जय-जयकार के नारे लगाया।

रावण वध के बाद श्रीराम के आदेश पर लक्ष्मण ने रावण से ज्ञान अर्जित किया। रावण ने अपने अंतिम उपदेश में कहा- शुभ कार्य में विलंब न करना और अशुभ कार्य में देर करना ही बुद्धिमानी है। वही रामलीला मैदान पर परंपरागत रूप से लगे मेले में शहर के साथ ही आस पास के गांवों से आए भारी भीड़ में बच्चें की संख्या काफी दिखाई पड़ी। बच्चों ने खिलौनों भी खूब खरीदा और झूलों का आनंद उठाते रहे, वहीं महिलाएं श्रंगार सामग्री और घरेलू सामान की खरीदारी में जुटी रहीं। मेले में फास्ट-फूड व्यंजनों और मिठाइयों की दुकानों पर भी लंबी भीड़ देखी गई।

## नवदुर्गा पूजा सेवा समिति ने किया मूर्ति विसर्जन

**बेलसर/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा नवदुर्गा पूजा सेवा समिति नगर पंचायत बेलसर उमरी रोड दुर्गा पूजा सेवा समिति तरबगंज रोड नगर पंचायत बेलसर में 9 दिन भक्तों का उमड़ा जन सैलाब नवरात्रि पर क्षेत्रीय भक्तों ने बड़ी ही धूमधाम से माता जी की पूजा अर्चना की नवरात्रि में नवदुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया दशमी को नगर पंचायत बेलसर मे मूर्ति विसर्जन के लिए क्षेत्र के हजारों की संख्या में महिला बच्चे व सम्मानित क्षेत्र के लोगो ने मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा में बढ चढ़कर हिस्सा लिया शोभायात्रा का कार्यक्रम उमरी रोड परसपुर रोड गोंडा रोड और तरबगंज रोड होते हुए आरती के उपरांत विसर्जन को अयोध्या ले जाया गया क्षेत्र के राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता भोजवाल बेलसर के प्रधान रंजजन बाबा नगर पंचायत बेलसर चेयरमैन प्रतिनिधि गोलू सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष निखिल सिंह भाजपा नेता विनय सिंह भाजपा नेता सूरज सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि ?पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह बाबू सिंह दीपक गुप्ता भोजवाल जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी अजय कसौधन आशीष कसौधन सचिन कसौधन रिंकू शुक्ला दिनेश भोजवाल वा हजारो की संख्या में भक्तों का जन सैलाब रहा।

## मनकापुर में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**मनकापुर/गोंडा समृद्धि न्यूज।** नवरात्र की आराधना सम्पन्न होने पर गुरुवार को पूजा पांडालों से दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन यात्राएं निकाली गई। देवी मां की विदाई के बेला में देवी मां के जयकारों के बीच में भजनों पर नृत्य कर गुलाल उड़ाते हुए भक्तों ने दुर्गा मां की प्रतिमाओं को जलसेन व अन्य जलस्त्रोतों में विसर्जित किया। गुरुवार दोपहर बाद से पूजा पांडालों में विसर्जन यात्राओं का दौर शुरू हो गया। झांकियां सजा कर बैण्ड बाजे और डीजे के साथ महिला-पुरुष गुलाल उड़ाते नाचते झूमते हुए नगर पंचायत मनकापुर मार्केट के अंदर से होते हुए विसर्जन के तरफ बढ़ गए। लगभग 25 ग्राम सभाओं की मूर्तियां बाजार से होकर विसर्जन के लिए गई । मनकापुर उतरौला रोड स्थित मनवर नदी के पास लगभग सैकड़ो मूर्तियां देर रात तक विसर्जन की गई पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया हुआ था जिससे सकुशल दुर्गा विसर्जन संपन्न हुआ।

## खबरें एक नजर में

### वायरिंग कर रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

**महराजगंज रायबरेली।** विजयदशमी के पर्व पर बुझा घर का चिराग चन्दापुर थाना क्षेत्र के युवक की करंट में मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है घनश्याम मौर्य पुत्र राम औतार मौर्य की ज्योना ग्राम पंचायत के बरियार सिंह के पुरवा में वायरिंग का कार्य कर रहे थे तभी करंट ने पकड़ लिया जिन्हें अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। राम औतार मौर्य पुत्र भगौती प्रसाद निवासी पूरे कुम्हारन मंझरे कुशमहुरा ने चन्दापुर पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरा पुत्र घनश्याम बिजली वायरिंग का काम करता था जो की माता बदल उर्फ बदलू पुत्र रामनारायन निवासी बरियार सिंह का पुरवा मंझरे ज्योना थाना चन्दापुर रायबरेली के यहां काम कर रहा था जो की माता बदल उर्फ बदलू द्वारा कहा गया की हमारे घर का मीटर की जगह बदल दो जो घनश्याम द्वारा मना करने पर जबरन मीटर बदलने को कई बार कहा गया तो घनश्याम द्वारा मीटर की जगह बदलते समय करंट पकड़ लिया जिसकी मौके पर मृत्यु हो गई। जो कि लोगों द्वारा बताया गया कि वहां कई लोग थे किसी ने न तो थाने को सूचना दिया और 108 को भी सूचना नहीं दिया गया जब ग्राम प्रधान ज्योना को सूचना मिली तो वह लोग अपने निजी वाहन से ले गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बताया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मृत बताया गया तब हम लोगों को सूचना मिली तो महराजगंज सीएचसी गए तो पता चला कि घनश्याम की मृत्यु हो चुकी थी।

### विद्यालय में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती



**सीतापुर।** अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज में 2 अक्टूबर गांधी जयंती तथा शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जावेद कमर द्वारा ध्वजारोहण एवं महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वेषभूषा धारण कर उनके प्रमुख उद्धघोषों को प्रदर्शित किया जिनमें महात्मा गांधी ,नेताजी सुभाषचंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई –पात्रों के अभिनय बहुत ही आकर्षक एवं सराहनीय रहे। इस अवसर परविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए गए।

### बच्चों ने रामलीला का किया प्रस्तुतिकरण



**सीतापुर।** किडज़ी, सीतापुर के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने रामायण के पात्रों की रूपसज्जा में कविता पाठ के माध्यम से रामलीला का जीवंत प्रस्तुतीकरण कर आये हुए समस्त अभिभावकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर लिया। अपने जीवंत अभिनय से बुराई पर अच्छाई की विजय जैसे शाश्वत मूल्यों की सीख देने में सफलता प्राप्त की। दशहरे के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यापक, अभिभावक व दर्शक उपस्थित रहे।

### संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित



**बिसवां, सीतापुर।** सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज सभागार में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्शउद्दीन खान 'रहबर प्रतापगढ़ी' व विशिष्ट अतिथि राहुल द्विवेदी 'स्मित' रहे। इस अवसर पर शकील अहमद अंसारी, डॉ. मेराज अहमद सिद्दीकी, कवि संदीप मिश्र 'सरस' सहित कई विशिष्टजनों को समाजसेवी सिराज अहमद द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों को भी उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने गांधीजी के सत्य–अहिंसा के मार्ग और शास्त्री जी की सादगी व ईमानदारी के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शकील अहमद अंसारी व संचालन संदीप मिश्र 'सरस' ने किया। आयोजन के लिए सिराज अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सैकड़ों साहित्यकार, कवि, पत्रकार व नागरिक उपस्थित रहे।

### महापुरुषों के ऊपर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर डीसी मनरेगा हटाए गए, डीएम ने गठित की जांच समिति



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार 2 अक्टूबर को शासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मनरेगा के जिला समन्वयक शेर बहादुर सिंह को पद से हटा दिया है। यह कदम उस समय उठाया गया जब उनका एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह देश के महापुरुषों महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम लेकर अपशब्द कहते सुनाई दे रहे हैं। इसके साथ ही उन पर एक ग्राम प्रधान से रिश्वत मांगने का भी आरोप लगा है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि वायरल ऑडियो अत्यंत आपत्तिजनक था और इसमें भ्रष्टाचार से जुड़ी बातें भी स्पष्ट रूप से सामने आ रही थीं। उन्होंने कहा कि शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभाव से शेर बहादुर सिंह को पद से हटाकर लखनऊ मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि इस प्रकरण की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर दी गई है। यह समिति पूरे मामले की गहनता से जांच करेगी और जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### दबिश में आबकारी विभाग ने पकड़ी 52ली अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम–खान पुर पचरा, भीमी, गौरीगंज, मऊ अतवारा व खिड़की घाट (मकदुमपुर कला) में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र – मुसाफिर खाना के थाना– जगदीशपुर के ग्राम – मऊ अतवारा से लगभग 52ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 100किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। साथ ही क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर मदिरा दुकानों की बंदी सुनिश्चित कराई गई। इस कार्यवाही मे 23अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त दबिश की कार्यवाही में चंद्रभान वर्मा,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र– मुसाफिर खाना व समस्त स्टाफ क्षेत्र – से तीरथनाथ, सर्वेश कुमार, संजय सरोज आदि शामिल रहे।

### जिले में मनाई गई देश के दो महापुरुषों की जयंती

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** 2 अक्टूबर को देश के दो महापुरुषों की जयंती भव्यता पूर्वक मनाई गई। जिलाधिकारी संजय चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, इसके पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः परमानंद मिश्रा, राजेश सिंह, चंद्रभान यादव, श्याम सुंदर गुप्ता व पूजा शुक्ला को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी के बारे में कहा गया है कि दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल साबरमती के हंस तूने कर दिया कमाल उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने के लिए किसी शास्त्र को नहीं बल्कि अपने अंदर के आत्म बल और सहनशीलता को अपना हथियार बनाया और अहिंसा के बल पर लड़ाई लड़ी। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अद्भुत नेतृत्व प्रदान करते हुए देशवासियों को एक सूत्र में पिरोया। जिलाधिकारी ने कहा लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है शास्त्री जी ने अपने कर्म से यह सिद्ध किया कि सच्चा नेतृत्व विनम्रता, निष्ठा और जन सेवा में निहित होता है जिलाधिकारी ने उनके जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया और सभी को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम केवल त्रिपाठी, पंकज कुमार, नितेश राज, जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी, छात्र–छात्राएं व जन सामान्य मौजूद रहे।

### दशहरा पर्व पर रामलीला समिति ने दिखाई समाजसेवा की मिसाल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** 2 अक्टूबर को दशहरे के अवसर पर कस्बा अमेठी की रामलीला समिति ने समाजसेवा की एक अनोखी मिसाल पेश की। रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजेश मसाला ने घोषणा की कि ऐसी 9 हिंदू कन्याओं के विवाह में समिति की ओर से आर्थिक सहयोग किया जाएगा, जिनके माता–पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। रामलीला कमेटी ने 9 हिंदू कन्याओं को 1 लाख 51 हजार रुपये की राशि प्रत्येक कन्याओं को प्रदान की। अध्यक्ष ने कहा कि समिति का उद्देश्य यह है कि इन कन्याओं की शादी में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी न आए और वे सुखद जीवन की ओर बढ़ सकें। इस मौके पर महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या भी उपस्थित रहीं। उन्होंने राजेश मसाला की सराहना करते हुए कहा कि वे न सिर्फ एक उद्योगपति हैं, बल्कि एक सच्चे समाजसेवी भी हैं, जो हर समय गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते रहते हैं। समिति द्वारा किया गया यह पुनीत कार्य लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिए निर्देश

**ब्लॉक स्तर पर भी कैंप लगाकर सुनीं जाए जनता की समस्याएं: प्रभारी मंत्री**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,खादी एवं ग्रामोद्योग,रेशम उद्योग,हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उप्र/जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधि सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंत्री ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे और किसी भी पात्र व्यक्ति को वंचित न रहने दिया जाए। उन्होंने बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, आवास, पोषण, कृषि एवं अन्य महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यों की गुणवत्ता उच्चस्तरीय होनी चाहिए और परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया की कैंप लगाकर जनता की समस्याओं को सुना जाए और उसका समय से निस्तारण कराया जाए।

**जिले में शीघ्र बनेगा लगभग 100 एकड़ का औद्योगिक पार्क: प्रभारी मंत्री**

रायबरेली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कानून–व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री श्री राकेश सचान ने जिले में औद्योगिक विकास की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 100 एकड़ भूमि पर एक बड़े औद्योगिक पार्क की स्थापना की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को निर्देशित किया कि औद्योगिक पार्क के लिए उपयुक्त स्थान का शीघ्र चिन्हांकन कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस पार्क की स्थापना से जिले में उद्योग–धंधों को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख मौजूदा प्रधान के पुत्र को पिता और घर का किया घेराव

**तो क्या अब जनप्रतिनिधि भी नहीं है सुरक्षित पुलिस पर पूर्व ब्लाक प्रमुख और महिला प्रधान सुनीता साहू ने लापरवाही का लगाया आरोप**

**महराजगंज रायबरेली।** दशहरा के पर्व के अवसर पर जहां एक ओर बुराई पर अच्छाई की जीत हुई है तो वहीं दूसरी तरफ। पूरी नवरात्र सरकार द्वारा आधी आबादी को लेकर तमाम तरह के कार्य किए गए स्कूली बच्चियों को जहां प्रशासनिक पदों पर बिठाया गया और एक-एक दिन के लिए उन्हें अधिकारी बनाया गया तो वहीं दूसरी तरफ महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में पड़ने वाला सलेथू ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनीता साहू ने गांव के ही लोगों के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया और कोतवाली में तहरीर भी दी उसके बावजूद भी पुलिस की ढुलमुल रवैया कहीं ना कहीं सवाल पैदा करती है कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार जहां महिलाओं को बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ती तो वहीं दूसरी तरफ महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सलेथू ग्राम पंचायत में जनप्रतिनिधि महिला जो कि मौजूदा ग्राम प्रधान और पूर्व ब्लाक प्रमुख हैं। सुनीता साहू पत्नी स्वर्गवासी जयप्रकाश निवासी सलेथू थाना महराजगंज ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विजयदशमी के पर्व पर विरोधियों द्वारा सुबह जय प्रकाश पाण्डेय सतीश सुधीर निवासी सलेथू थाना महराजगंज घर पर आए और गाली गलौज करने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए। प्रथनी के पुत्र हिमांशु को मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और घर से निकलने नहीं दे रहे हैं इकट्ठा होकर मुझे वह पूरे परिवार को गाली देते हैं।

## सड़क पार कर रहे जानवर से टकराया बाइक सवार, गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां रायबरेली।** बीते गुरुवार की देर रात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर हरदोई गांव के पास बछरावां से अपने घर जा रहा है एक बाइक सवार युवक सड़क पार कर रहे जानवर से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल बाइक सवार अनूप कुमार पुत्र बाबादीन उम्र 25 वर्ष निवासी महापतगंज, मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला थाना कोतवाली महाराजगंज स्थानीय थाना क्षेत्र के अशोक रेस्टोरेंट में काम करता है। गुरुवार की देर रात वह 11:00 बजे के आसपास अपनी ड्यूटी समाप्त कर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह हरदोई गांव के पास पहुंचा, तभी सड़क पार कर रहे एक जानवर से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है।

# बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का किया गया भू विसर्जन

**डीजे की धुन पर नाचते थिरकते विसर्जन यात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु**

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



शारदीय नवरात्र पर्व समापन के पश्चात प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जोरों पर चल रहा है 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना के बाद विसर्जन कार्यक्रम आरंभ हो गया जनपद के विभिन्न हिस्सों में देवी भक्तों द्वारा स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए डलमऊ गंगा तट स्तिथ छोटा मठ के पास मूर्तियों को भू विसर्जित किया गया शासन के दिशा निर्देश पर प्रतिमाओं को विसर्जित कराने के लिए प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां पूर्ण कर ली थी इसके लिए शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार मूर्तियों के भू विसर्जन के लिए डलमऊ गंगा तट के समीप छोटा मठ के पास बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए थे जिसमें जनपद के विभिन्न हिस्सों से आने वाली दुर्गा प्रतिमाओं एवं अन्य मूर्तियों को भू विसर्जित करना सुनिश्चित किया गया था नवमी के दिन से आरंभ हुए विसर्जन कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में छोटी एवं बड़ी प्रतिमाओं को भू विसर्जित कराया गया विसर्जन कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने डीजे एवं ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते थिरकते मां के जयकारे लगाते हुए डलमऊ गंगा तट पहुंचे और वहां पर प्रतिमाओं का भू विसर्जन करते हुए मां दुर्गा को विदाई दी और जगत कल्याण की कामना करते हुए मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई प्रशासन द्वारा विसर्जन कार्यक्रम को सकुशल निपटने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा एवं व्यवस्था के लिए साफ सफाई प्रकाश साफ सफाई बैरीकेटिंग नाव नाविक की व्यवस्था की गई थी बुधवार से आरंभ हुए विसर्जन कार्यक्रम में शुक्रवार शाम लगभग 4:30 बजे तक लगभग 600 छोटी एवं बड़ी प्रतिमाओं को भू विसर्जित कराया जा चुका है।

## मंडल रेल प्रबंधक ने ऊंचाहार रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (DRM) ने ऊंचाहार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। डीआरएम अशोक वर्मा ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर में लगभग 1350 स्टेशनों पर काम हो रहा है। जिसमें लखनऊ मंडल के 40 स्टेशन शामिल हैं। डीआरएम ने जानकारी दी कि ऊंचाहार समेत चार ऐसे स्टेशन थे, जहाँ काम शुरू होने में देरी हो रही थी। इसका मुख्य कारण यह था कि इन स्टेशनों पर डबलिंग (दोहरीकरण) और तीसरी लाइन का काम प्रस्तावित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले अगर कोई निर्माण कार्य किया जाता और फिर डबलिंग के कारण तोड़ना पड़ता, तो वह उचित नहीं होता। वंदे भारत ट्रेनों में पत्थर बाजी की बढ़ती घटनाओं को लेकर डीआरएम ने कहा कि आरपीएफ (RPF) और जीआरपी (GRP) मामले की जाँच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पत्थर बाजी व ट्रैक पर भारी वस्तु को रखना एक गंभीर घटना है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसे ज्यादातर मामलों में शरारती तत्वों का हाथ होता है। जागरूकता फैलाने के लिए आस-पास के गाँवों और स्कूलों में लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वंदे भारत ट्रेनों में कैमरे लगे होने के कारण पत्थर मारने वाले बच्चों की पहचान हो जाती है और उनके माता-पिता को भी इस बारे में जागरूक किया जाता है। इस मौके पर रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# राम की तरह चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ा संघ: स्वान्त रंजन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन ने कहा कि संगठन गढ़े चलो- सुपंथ पर बढ़े चलो, भला हो जिसमें देश का वह काम सब किए चलो गीत की इस पंक्ति को मंत्र मानकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व में आज उदाहरण के साथ खड़ा है। संघ की 100 वर्षों की यात्रा में अनेक प्रकार की कठिनाइयां, उतार-चढ़ाव आए, उसे पार करके संघ विचारों के साथ सतत चलता रहा। कुछ लोगों ने प्रयत्न जरूर किया कि संघ का कार्य समाप्त किया जाए! लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शास्त्री नगर बस्ती द्वारा सिंघानिया पब्लिक स्कूल में विजयादशमी के दिन आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है, किसी भी उद्देश्य को लेकर चलने वाले कार्य व संगठन के 100 वर्ष पूर्ण होना बड़ी बात है।

**राम की तरह चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ा संघ:** रंजन ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम को भी लंका पर विजय प्राप्त करने में समस्या आई थी, रावण राम का साधारण शत्रु नहीं था, मेघनाद, कुंभकरण जैसे बलवान राम के सामने थे। वहीं राम की सेना में बंदर और भालू थे, लेकिन पैदल चलने वाले राम ने संकटों का सामना करते हुए विभीषण को छोड़कर रावण के सम्पूर्ण कुल का विनाश कर दिया। यह उदाहरण है कि कोई भी कार्य सत्य, संकल्प और सिद्धि से ही पूर्ण होता है। संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार भी सत्य, संकल्प के धनी थे। उन्होंने संकल्प से संघ की स्थापना की थी।

**पहले उपेक्षा फिर उपहास बाद में विरोध से आगे बढ़ा संघ कार्य:** अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख ने कहा कि 1925 में संघ की शुरुआत के दौरान डॉक्टर हेडगेवार के कार्य को देखकर लोग उन्हें पागल तक कहने लगे थे! हिंदू समाज को एकत्र करने के कार्य का लोग उपहास उड़ाते थे। उस समय लोग कहते थे कि हिंदू समाज को एकत्र करना जिंदा मेंढक तौलने के समान है, लेकिन डॉक्टर हेडगेवार ने उसे करके दिखाया। कुछ विरोधियों ने संघ को समाप्त करने की साजिश भी रची लेकिन वह सफल नहीं हुए। विरोध के बावजूद संघ समाज के बीच और मजबूती के साथ खड़ा हुआ।

**तीन प्रतिबंधों के बाद भी आगे बढ़ा संघ:** संघ की 100 वर्षों की यात्रा के अनेक प्रसंगों का उदाहरण देते हुए स्वान्त रंजन ने कहा कि 1948 में महात्मा गांधी की हत्या का झूठा आरोप लगाकर हजारों स्वयंसेवकों को जेल में डाल दिया गया। उनके परिवारजनों को परेशान किया गया। लेकिन बाद में स्वयंसेवकों ने देशभर में सत्याग्रह किया?, मजबूरन सरकार को बिना शर्त 12 जुलाई 1949 को प्रतिबंध हटाना पड़ा। उन्होंने कहा कि संघ फिर आगे बढ़ा। उसके बाद 1975 में इमरजेंसी लगाई गई और संघ पर प्रतिबंध दूसरी बार लगाया गया।

**बच्चों को केवल पैसा बनाने की मशीन ना बनाए हिन्दू समाज:** रंजन ने कहा कि समाज को स्वस्थ रखने के लिए सामाजिक परिवर्तन आवश्यक है। सामाजिक समरसता पर्यावरण की सुरक्षा, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, और नागरिक कर्तव्यों के प्रति समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने आवाहन किया कि आज के दौर में माता पिता बच्चों को केवल रुपया पैदा करने की मशीन न बनाएं, वह संस्कारित हों, परिवार की चिंता करें, हिंदू संस्कार सीखें। रंजन ने कहा कि संघ का यह संकल्प वर्ष है, इसलिए पंच परिवर्तन को लेकर संघ समाज को जागरूक कर रहा है। कार्यक्रम के बाद शास्त्री नगर बस्ती में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला, बस्ती वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग संघचालक डॉक्टर हरिपाल, नगर संघचालक विनय, जिला संघ चालक उमाकांत, प्रांत कार्यवाह प्रशांत, विभाग प्रचारक अभिषेक, जिला प्रचारक आकाश, नगर प्रचारक विशाल, जिला कार्यवाह आशीष, अजय गुप्ता, परीक्षित त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## 6वीं की छात्रा संध्या जायसवाल बनी एक दिन की खाद्य विपणन अधिकारी



**अमेठी।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल, सैठा रोड गौरीगंज की कक्षा 6 की छात्रा कुमारी संध्या जायसवाल को एक दिन के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी बनाया गया। एक दिन की जिला खाद्य विपणन अधिकारी की भूमिका निभाते हुए कुमारी संध्या जायसवाल ने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी अमेठी डॉ. हरिश्चन्द्र प्रजापति से आगामी धान खरीद वर्ष 25-26 की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डॉ. प्रजापति ने उन्हें धान खरीद से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं से अवगत कराया तथा विपणन निरीक्षकों और कार्यालय स्टाफ से परिचय भी कराया। इस अवसर पर संध्या को खाद्य विभाग द्वारा जनपद में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। संध्या ने दिनभर की जिम्मेदारी निभाते हुए जनपद की कुछ चावल मिलों के प्रोपराइटर, पार्टनर और किसानों के साथ भेंटवार्ता भी की।

## विजयदशमी पर किया गया शस्त्र पूजन

**बिसवां, सीतापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस एवं विजयदशमी पर सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में शस्त्र पूजन हुआ। हवन-पूजन के बाद स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन निकाला। सह जिला प्रचारक विकल्प जी ने श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए छुआछूत मिटाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रवण भल्ला ने की। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे तथा व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी मुन्ना लाल मोहित जायसवाल धर्मेन्द्र रस्तोगी ओम जी राजेश सिंह श्रवण भल्ला चंदन नीरज श्रीवास्तव विवेक अवस्थी सुनील रस्तोगी मनीष खेतान व अन्य साथियों ने निभाई।

### फांसी के फंदे पर लटका किशोर

**अमेठी।** जामो थाना क्षेत्र के बाबा नगर गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक घटना घट गई। 15 वर्षीय किशोर मुनाफ पुत्र मेहताब ने घरेलू विवाद के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार को करीब 4 बजे मुनाफ अपनी मां से पैसे मांग रहा था। मां के पैसे न देने से वह नाराज हो गया। इसके बाद मां बाजार चली गईं और घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, जब मां वापस लौटी तो उन्होंने देखा कि दरवाजा भीतर से बंद है। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश करने पर सबके होश उड़ गए। मुनाफ छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटका हुआ था। परिजनों ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

## कृषि विवि की शोध संस्थान टीम ने किया निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना में बिहार कृषि विश्वविद्यालय के शोध संस्थान, वनस्पति अनुसंधान इकाई, विक्रमगंज के वैज्ञानिक डॉ प्रकाश सिंह एवं उनकी टीम ने गौतमपुर पूरे पहलवान, मुसाफिरखाना में किसानों के खेत में लगे प्रभेद सबौर प्रताप एवं विजय का मूल्यांकन के क्रम में उनके क्षेत्र का भ्रमण किया। किसानों के साथ प्रभेद की विशेषताएं तथा उसके रोग प्रतिरोधकता एवं अन्य गुण एवं लक्षण के बारे में गहन अध्ययन किया गया। इसमें यह देखा गया कि यह प्रभेद जलवायु एवं क्षेत्र के अनुकूल है और लगातार जो बारिश की कमी आए दिन होती जा रही है उसमें दोमट बलुई मिट्टी वाले क्षेत्रों में विजय का परफॉर्मेंस बहुत उत्कृष्ट नजर आया। मूल्यांकन में इस क्षेत्र के किसान हरित सिंह, आनंद बहादुर सिंह, नितिन मौर्य, नागेश सिंह, सुशील कुमार शुक्ला एवं अन्य किसान वहां पर मौजूद रहे, उन्होंने प्रभेद के परफॉर्मेंस पर काफी हर्ष व्यक्त किया, प्रभेद को सीधी बुवाई तकनीकी से बुवाई की गई है जिसमें बालियों में 250 से 300 दाने दिखाई दे रहे थे, एवं तना काफी मजबूत तथा छोटे छोटे पौध थे। खेत में कोई भी बीमारी का प्रकोप नहीं दिखा और लगभग सभी कीट एवं रोगों के प्रति अवरोही है एवं कंडुआ रोग का प्रकोप भी नजर नहीं आया और प्रत्येक पौध में 12 से 15 कल्ले पाए गए। खेतों में बहुत अच्छी बालियां थी, इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में वर्षा कम हुई है उसमें भी इसका परफॉर्मेंस अच्छा है। इसका उत्पादन 130 दिनों में लगभग 25 से 28 कु. आने का अनुमान है, एवं दाना भी छोटा एवं पतला है तथा चावल की क्वालिटी भी अच्छी है।

## एसपी ने राष्ट्रपिता व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर सलामी दी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस लाइन उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय सलामी दी गई तथा महापुरूषों के आदर्शो पर चलने के लिए, सर्व धर्म सदभाव, आदर्श जीवन को अपनाने, राष्ट्र की अस्मिता की रक्षा करने, एकता व अखण्डता को अक्षुण्य बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी व स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण, वृक्षारोपण व जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में साफ-सफाई करने वाले स्वच्छकों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्वेताभ भास्कर व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन राजेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## अब दसवीं की परीक्षा दो अवसरों के साथ

सीबीएसई के नये पैटर्न के तहत पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक ही सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। आगामी फरवरी में 10वीं के छात्र अनिवार्य बोर्ड परीक्षा देंगे, इसके बाद यदि कोई छात्र चाहे तो मई में वह वैकल्पिक परीक्षा देकर अपने अंक सुधार सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस पैटर्न से छात्रों को हर तरह की राहत मिलेगी। हालांकि इसमें चुनौतियां भी कम नहीं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की अगले साल होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखें निश्चित हो गई हैं। इसके साथ ही पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं एक ही शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएंगी। यह बिलकुल नया पैटर्न होगा। साल 2026 में 10वीं और 12वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इसके बाद यानी इंप्रूवमेंट सत्र में 15 मई से 1 जून 2026 तक 10वीं परीक्षा एक बार और होगी। दोनों में से जिस परीक्षा में स्टूडेंट को अपने बेहतर अंक लगें, उसे अपनी मानक परीक्षा के रूप में अपने पास रख सकते हैं। यह बदलाव देश के परीक्षा पैटर्न में एक ऐतिहासिक मोड़ के रूप में आ रहा है। बहुत संभव है कि इसके बाद देश के ज्यादातर या सभी बोर्ड इस पैटर्न को अपना लें। आने वाले फरवरी माह में सीबीएसई के 10वीं के छात्र अनिवार्य बोर्ड परीक्षा देंगे, इसके बाद यदि कोई छात्र चाहे तो मई में वह वैकल्पिक परीक्षा सत्र में भी भाग लेकर अपनी अंक तालिका को बेहतर बना सकता है। हालांकि दूसरे सत्र में सुधार केवल तीन कोर सब्जेक्ट तक ही सीमित रहेगा। दोनों ही परीक्षाएं पूरे वर्ष के पाठ्यक्रम पर आधारित होंगी। हालांकि इंटरनल एसेसमेंट शैक्षणिक सत्र में सिर्फ एक बार ही होगा, न कि दो बार। विषय परिवर्तन भी नहीं होगा यानी पहली परीक्षा में छात्र जिन विषयों में इम्तिहान देंगे, उन्हीं विषयों को दूसरी परीक्षा के लिए भी चुनना होगा। नया नियम यह भी है कि दूसरी परीक्षा के लिए लिस्ट में नये नामों को नहीं जोड़ा जायेगा। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में पास नहीं हुआ, तो वह मई सत्र में कंपार्टमेंट परीक्षा भी दे सकेगा। अब के पहले तक यदि छात्र कम अंक प्राप्त करते हैं या फेल हो जाते हैं तो उन्हें कंपार्टमेंट परीक्षा देनी पड़ती थी, जो मेन परीक्षा से बहुत बाद में होती थी और कई छात्रों का एक साल बर्बाद हो जाता था। इसलिए यह नया पैटर्न उनके भी हित में होगा। अभी तक एक ही परीक्षा 'मेक या ब्रेक' वाली होती थी यानी यदि कोई छात्र किसी विषय में अच्छा प्रदर्शन न कर पाता तो उससे उसका पूरा परीक्षा परिणाम प्रभावित होता था। इस वजह से तनाव, अभिभावकों और छात्रों के लिए चिंता का विषय था। लेकिन अब इससे उन्हें किसी एक या तीन कोर विषयों पर स्थिति बेहतर करने का महज कुछ दिनों के भीतर ही दूसरा मौका मिलेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस नये परीक्षा पैटर्न से छात्रों को हर तरह की राहत मिलेगी। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति में लचीलापन और छात्र उन्मुख विकल्प के रूप में सामने आयेगा। दो सत्र की परीक्षा आयोजित करने, परीक्षा केंद्रों, मूल्यांकन कर्मियों आदि की व्यवस्था करने का स्कूलों और बोर्ड पर काफी ज्यादा दबाव रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों, स्कूलों और अभिभावकों को अतिरिक्त तैयारी करनी होगी। शिक्षकों को टाइम टेबल व अन्य संसाधनों के साथ सामंजस्य बिठाना पड़ेगा। इसके साथ ही विषय चयन बदलने, विषयों के बदलाव आदि की अनुमति नहीं है। असल में, यह आने वाली पहली परीक्षा के बाद ही पता चलेगा कि यह प्रयोग कितना सफल और सार्थक रहेगा।

# पाकिस्तान व संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद-रोधी समितियां : भारत के समक्ष उपजी चुनौतियां

*डॉ. सत्यवान सौरभ*



संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध सूची में कई पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों और व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं। फिर भी वे खुलेआम राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियाँ चलाते हैं। हाफिज़ सईद और मसूद अजहर जैसी हस्तियाँ बार-बार प्रतिबंधों को चकमा देती रही हैं और सरकार की संरक्षण में अपने नेटवर्क का विस्तार करती रही हैं। यह असमान प्रवर्तन वैश्विक ढाँचे की कमजोरी को उजागर करता है। जब तक आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबंधों और दंडों का एकसमान और कठोर प्रवर्तन नहीं होगा, तब तक यह पूरी प्रणाली खोखली ही मानी जाएगी। यह भी स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की समितियों में सदस्यता या नियुक्ति केवल आतंकवाद-रोधी योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक समीकरणों के आधार पर होती है। चीन द्वारा पाकिस्तान का बार-बार समर्थन, अमेरिका द्वारा सामरिक कारणों से चुप्पी और इस्लामी देशों की एकजुटता- ये सभी कारक पाकिस्तान को वह वैधता प्रदान करते हैं, जिसकी उसे वैश्विक स्तर पर आवश्यकता होती है। इस प्रकार राजनीति, सुरक्षा और कूटनीति के दबाव में आतंकवाद विरोधी तंत्र अपनी मूल आत्मा से भटक जाता है। संयुक्त राष्ट्र की समितियाँ निर्णय तो लेती हैं, लेकिन उनका पालन करवाने के लिए कोई कठोर तंत्र नहीं है। इस कारण सदस्य देश प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए भी बच निकलते हैं। पाकिस्तान का मामला इसका सबसे प्रत्यक्ष उदाहरण है। कई बार भारत ने ठोस सबूत प्रस्तुत किए, कई बार अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने रिपोर्ट जारी कीं, परंतु किसी ठोस और स्थायी कार्रवाई का अभाव ही दिखा। भारत के लिए यह स्थिति कई स्तरों पर खतरा और चुनौती लेकर आती है। सीमा पार आतंकवाद का खतरा तो स्थायी रूप से बना ही रहता है। कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर में लंबे समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने शांति को प्रभावित किया है। अब यदि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की समितियों में बैठकर अपने अपराधों को वैधता दिलाने का प्रयास करेगा तो भारत की सुरक्षा और कूटनीति दोनों के लिए समस्या उत्पन्न होगी।

संयुक्त राष्ट्र को विश्व शांति और सुरक्षा का सबसे बड़ा मंच माना जाता है। विशेषकर आतंकवाद-रोधी समितियाँ अंतरराष्ट्रीय सहयोग का केंद्र बिंदु हैं। किंतु हाल ही में पाकिस्तान का इन प्रमुख समितियों में शामिल होना न केवल विसंगति है, बल्कि यह पूरे वैश्विक आतंकवाद-रोधी ढाँचे की विश्वसनीयता पर गहरे प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। जिस देश को वर्षों तक आतंकवाद के संरक्षक, पोषक और निर्यातक के रूप में पहचाना गया, वही आज नीति-निर्माण की मेज पर बैठा दिखाई दे रहा है। यह परिघटना न केवल भारत जैसे आतंकवाद से पीड़ित देशों के लिए चिंता का विषय है, बल्कि पूरी वैश्विक सुरक्षा प्रणाली के लिए एक गंभीर चुनौती है।

पाकिस्तान को दशकों से आतंकवाद का प्रायोजक राष्ट्र माना जाता रहा है। संयुक्त राष्ट्र, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स तथा अनेक अंतरराष्ट्रीय एजेंसियाँ बार-बार यह तथ्य उजागर कर चुकी हैं कि पाकिस्तान की भूमि का प्रयोग जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हक्कानी नेटवर्क जैसे संगठनों द्वारा किया जाता है। इसके बावजूद संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को आतंकवाद-रोधी समितियों का हिस्सा बनाना विरोधाभासी कदम प्रतीत होता है। यह उस व्यवस्था का मज़ाक है जिसमें अपराधी ही न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठ जाए।

संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध सूची में कई पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों और व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं। फिर भी वे खुलेआम राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियाँ चलाते हैं। हाफिज़ सईद और मसूद अजहर जैसी हस्तियाँ बार-बार प्रतिबंधों को चकमा देती रही हैं और सरकार की संरक्षण में अपने नेटवर्क का विस्तार करती रही हैं। यह असमान प्रवर्तन वैश्विक ढाँचे की कमजोरी को उजागर करता है। जब तक आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबंधों और दंडों का एकसमान और कठोर प्रवर्तन नहीं होगा, तब तक यह पूरी प्रणाली खोखली ही मानी जाएगी।

यह भी स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की समितियों में सदस्यता या नियुक्ति केवल आतंकवाद-रोधी योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक समीकरणों के आधार पर होती है। चीन द्वारा पाकिस्तान का बार-बार समर्थन, अमेरिका द्वारा सामरिक कारणों से चुप्पी और इस्लामी देशों की एकजुटता- ये सभी कारक पाकिस्तान को वह वैधता प्रदान करते हैं, जिसकी उसे वैश्विक स्तर पर आवश्यकता होती है। इस प्रकार राजनीति, सुरक्षा और कूटनीति के दबाव में आतंकवाद विरोधी तंत्र अपनी मूल आत्मा से भटक जाता है। संयुक्त राष्ट्र की समितियाँ निर्णय तो लेती हैं, लेकिन उनका पालन करवाने के लिए कोई कठोर तंत्र नहीं है। इस कारण सदस्य देश प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए भी बच निकलते हैं। पाकिस्तान का मामला इसका सबसे प्रत्यक्ष उदाहरण है। कई बार भारत ने ठोस सबूत प्रस्तुत किए, कई बार अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने रिपोर्ट जारी कीं, परंतु किसी ठोस और स्थायी कार्रवाई का अभाव ही दिखा।

भारत के लिए यह स्थिति कई स्तरों पर खतरा और चुनौती लेकर आती है। सीमा पार आतंकवाद का खतरा तो स्थायी रूप से बना ही रहता है। कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर में लंबे समय से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने शांति को प्रभावित किया है। अब यदि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की समितियों में बैठकर अपने अपराधों को वैधता दिलाने का प्रयास करेगा तो भारत की सुरक्षा और कूटनीति दोनों के लिए समस्या उत्पन्न होगी।

यह भी संभव है कि पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति से भारत की शिकायतों को अपेक्षित समर्थन न मिले। कूटनीतिक हाशियाकरण की स्थिति बन सकती है, जहाँ भारत की आतंकवाद संबंधी आवाज को पर्याप्त महत्व न दिया जाए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा भी प्रभावित हो सकती है, क्योंकि अब पाकिस्तान उन समितियों का हिस्सा है जहाँ पर आतंकवाद से संबंधित निर्णय लिए जाते हैं। यह भारत द्वारा साझा की गई खुफिया जानकारी या अभियानों को लेकर विश्वास और सहयोग को कमज़ोर कर सकता है।

घरेलू सुरक्षा पर भी इसका सीधा दबाव पड़ेगा। पाकिस्तान के आतंकवादी नेटवर्क केवल सीमा पार से ही नहीं, बल्कि साइबर माध्यमों, वित्तीय चैनलों और ड्रग्स-तस्करी के जरिये भी भारत की आंतरिक सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। यदि उसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर वैधता मिलती है तो उसके लिए इन गतिविधियों को और अधिक गुप्त रूप से चलाना आसान हो जाएगा।

इन चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले कूटनीतिक आक्रामकता ज़रूरी है। भारत को हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रायोजन की पोल खोलनी होगी। एफएटीएफ में सक्रिय भूमिका, यूएन महासभा में भाषणों के माध्यम से और जी20 जैसे मंचों पर पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाना ज़रूरी होगा।

भारत को लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग करते हुए यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद-रोधी समितियों में सुधार हो। सदस्यता योग्यता और जवाबदेही आधारित होनी चाहिए, न कि केवल राजनीतिक सौदों पर।

खुफिया सहयोग और तकनीकी साझेदारी भारत की एक और प्राथमिकता होनी चाहिए। अमेरिका, फ्रांस, इज़राइल और खाड़ी देशों जैसे सहयोगियों के साथ आधुनिक निगरानी तकनीक, साइबर सुरक्षा उपकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आतंकवाद-रोधी उपायों को साझा करना भारत को मजबूती देगा। सीमापार अभियानों और सुरक्षा बलों की मजबूती भी आवश्यक है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर-स्ट्राइक ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। सीमा पर हाई-टेक निगरानी तंत्र, ड्रोन और स्मार्ट फेंसिंग को और मजबूत करना समय की आवश्यकता है।

घरेलू स्तर पर आतंकवाद को वित्तपोषण से रोकना सबसे प्रभावी उपाय होगा। यूएपीए और मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों को और कठोर बनाते हुए एनजीओ और हवाला चैनलों की निगरानी मजबूत करनी होगी। इसके साथ ही रणनीतिक गठबंधन भी ज़रूरी हैं। भारत को क्वाड, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और द्विपक्षीय समझौतों में आतंकवाद विरोधी मुद्दों को प्राथमिकता देकर पाकिस्तान की दोगली नीति को वैश्विक मंच पर उजागर करना चाहिए।

भारत को वैश्विक दक्षिण यानी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के विकासशील देशों को भी साधना होगा। उन्हें यह समझाना ज़रूरी है कि आतंकवाद केवल किसी एक क्षेत्र का संकट नहीं है, बल्कि यह विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता की सबसे बड़ी बाधा है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र आज तक आतंकवाद की सर्वमान्य परिभाषा तय नहीं कर सका है। भारत को इस दिशा में नेतृत्व करना चाहिए ताकि अच्छा आतंकवाद और बुरा आतंकवाद जैसे दोहरे मानदंड समाप्त हों।

पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति भी भारत के लिए अवसर है। पाकिस्तान आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और सैन्य-नागरिक टकराव से जूझ रहा है। भारत को इन परिस्थितियों का कूटनीतिक और रणनीतिक रूप से लाभ उठाना चाहिए ताकि पाकिस्तान की दोहरी छवि उजागर होती रहे।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान का आतंकवाद-रोधी समितियों में शामिल होना निश्चित ही वैश्विक ढाँचे की विश्वसनीयता पर गहरा प्रश्नचिह्न है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि उन सभी देशों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए जो आतंकवाद के शिकार हैं। भारत के सामने चुनौती यह है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक मंचों पर आतंकवाद विरोधी अभियान की नैतिक और वैचारिक अगुवाई करे। भारत को कूटनीति, खुफिया सहयोग, कानूनी सुधार, सैन्य तैयारी और रणनीतिक गठबंधनों के माध्यम से बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। तभी पाकिस्तान की दोहरी नीति और वैश्विक ढाँचे की कमजोरी दोनों को एक साथ उजागर कर भारत अपनी सुरक्षा और प्रतिष्ठा की रक्षा कर सकेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# एक-दूसरे के पूरक हैं मनुष्य और पशु

*योगेश कुमार गोयल*

**विश्व पशु कल्याण दिवस (4 अक्टूबर) पर विशेष**

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्टूबर को 'विश्व पशु कल्याण दिवस' मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था। पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चैरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है।

मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य



का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के लिए कई जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है।


दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्य के सहायक होते हैं लेकिन उनके व्यवहार को समझे बगैर यदि उनके रहने की जगहों को उजाड़ने के प्रयास किए जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं।

तुर्की के विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डन का कहना था कि दुनिया में वन्यजीवों की रक्षा केवल दयालु दिलों के प्यार से ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जब तक आपके भीतर प्रकृति के बीच रह रहे जंगली जीवों के प्रति ढ़ेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तब तक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पाएंगे। मानव जाति को यह समझना होगा कि पशुओं का जीवन किसी भी तरह से हमारे जीवन से कम कीमती नहीं है।

'जैव विविधता के जनक' के नाम से विख्यात आधुनिक काल के डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सन के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभा के साथ बनाई गई रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और 'जॉय ऑफ बीयर्स' सहित कुछ पुस्तकों की लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गए शब्द को समझ नहीं पाते, अतः यह हमारा दायित्व है कि हम उनकी ओर से बोलें और सुनिश्चित करें कि उनकी भलाई और जीवन का सम्मान एवं सुरक्षा हो। इसके लिए प्रकृति और पशुओं के साथ अपने संबंधों में मनुष्य को सभ्य बनाना आवश्यक है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## वो समन्दर

**पूजा चक्रवर्ती**

**वो समन्दर सूख कर**
**कुएँ सा हो गया,**
**पानी जिसमें बे-मिसाल था**
**न पूछो कितने रंग थे बिखरे,**
**दिखता कितना कमाल था**
**न जाने किसकी नज़र लगी,**
**क्या कुछ हुआ बवाल था**
**शायद उसके दिल में था कुछ,**
**मेरे भी मन में सवाल था**
**न बोला जाये न पूछा जाये,**
**तब हाल बड़ा बे-हाल था**
**चलते चलते कब मुड़ गया वो,**
**न कह पाने का मुझे मलाल था**
**सोचती हूँ वो ही कुछ**
**कह जाता,**
**जाने से पहले**
**कि उसका मेरे साथ चलने का**
**ख़याल था,**
**वो समन्दर सूख कर कुएँ सा**
**हो गया**
**पानी जिसमें बे-मिसाल था**



## राशिफल

**मेषः-** पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृषभः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

**कर्कः-** सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंहः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

**तुलाः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन मौज मस्ती समय व्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**वृश्चिकः-** नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

**धनुः-** नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओ के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मीनः-** भाग्य से प्राप्त अच्छे-बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# प्रदूषण : भारत में हमारी असंवेदनशीलता का खतरनाक सच

*डॉ. निवेदिता शर्मा*

भारत में प्रदूषण की समस्या कोई नई नहीं है। यह हर साल की कहानी बन चुकी है। विशेषकर सर्दियों में जब दिल्ली और उत्तर भारत के कई राज्य जहरीली धुंध और स्मॉग से ढक जाते हैं, तब यह विषय चर्चा का केंद्र बनता है। परंतु सच्चाई यह है कि प्रदूषण अब केवल मौसम विशेष की परेशानी नहीं रहा, अब ये एक स्थायी संकट बन चुका है और इस संकट की जड़ हमारी असंवेदनशीलता है। आम लोगों की धारणा रही है कि प्रदूषण का असर केवल फेफड़ों पर पड़ता है, लेकिन विज्ञान ने इसे गलत करार दिया है। नई चिकित्सीय खोजें बताती हैं कि प्रदूषण का सीधा असर हमारे दिल पर होता है। न्यू इग्लेंड जर्नल ऑफ मेडिसिन और अमेरिका हेल्स एसोसिएशन के अनुसार प्रदूषण में मौजूद कण जैसे पीएम2.5, पीएम10, और जहरीली गैसें (कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, ओजोन) रक्त प्रवाह तक पहुंचकर हृदय को प्रभावित करती हैं। ये सूक्ष्म कण शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ाते हैं। धमनियों की आंतरिक परत कमजोर पड़ने लगती है, जिससे ब्लॉकेज, हाई ब्लड प्रेशर और रक्त के थक्के बनने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसका सीधा परिणाम हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हार्ट फेल्योर जैसे गंभीर रोगों के रूप में सामने आता है। वर्तमान में प्रदूषण और दिल की बीमारियों का यह रिश्ता अब वैश्विक स्तर पर प्रमाणित तथ्य बन चुका है। द लांसेट कमीशन की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में लगभग 90 लाख मौतें केवल वायु प्रदूषण के कारण हुईं। इनमें से 62 प्रतिशत मौतें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी हृदय रोगों से जुड़ी थीं। भारत की स्थिति इस मामले में बेहद चिंताजनक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि दिल्ली, कानपुर, लुधियाना, पटना और झारखंड जैसे कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खतरनाक श्रेणी में रहता है। सर्दियों में जब मौसम ठंडा और स्थिर होता है तो प्रदूषित कण हवा में ज्यादा देर तक टिके रहते हैं और लोगों को जहरीली धुंध का सामना करना पड़ता है। इसके लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। औद्योगीकरण के साथ बड़ी संख्या में बढ़ते वाहन, बिजली घरों और फैक्ट्रियों से निकलता धुआं, जीवाश्म ईंधन पर बढ़ती निर्भरता, सर्दियों में किसानों द्वारा पराली जलाना, शहरों में कचरा खुलेआम जलाना, निर्माण कार्यों से निकलती धूल और प्रदूषण नियंत्रण नियमों की अनदेखी, ये सब मिलकर इस समस्या को भयावह बनाते हैं।

सबसे खतरनाक बात यह है कि लोग इस समस्या को अब सामान्य मान चुके हैं। हमारी असंवेदनशीलता इस संकट की सबसे बड़ी वजह बन चुकी है। सड़कों पर कचरा जलाना, निजी वाहनों की अंधाधुंध बढ़ोतरी, औद्योगिक इकाइयों का नियमों का उल्लंघन करना, और खेतों में पराली जलाने की परंपरा जारी रखना, ये सब हमारी ही लापरवाही और असंवेदनशीलता के उदाहरण हैं। हमें लगता है कि प्रदूषण का असर कहीं बाहर होता है, हमारी निजी जिंदगी पर इसका सीधा असर नहीं पड़ता। परंतु सच्चाई यह है कि यह जहर हमारी सांसों और हमारे दिल की धड़कनों तक पहुंच चुका है। स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव बेहद गहरे हैं। दिल की बीमारियाँ बढ़ने का अर्थ है कार्य क्षमता में कमी, अस्पतालों का बढ़ता बोझ, इलाज पर बढ़ता खर्च और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट। यह केवल व्यक्ति की नहीं पूरे देश की अर्थव्यवस्था की समस्या बनता जा रहा है। जब बड़ी संख्या में लोग बीमारी के कारण अपनी उत्पादकता खो देते हैं तो यह राष्ट्रीय विकास को धीमा कर देता है। प्रदूषण इसलिए केवल स्वास्थ्य का ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास का भी गंभीर मुद्दा है।

अब सवाल है कि समाधान क्या है। क्या इस अंधकार में कोई रोशनी है। इसका उत्तर हाँ में है, बशर्ते कि हम सब मिलकर प्रयास करें। सरकार को कड़े नियम लागू करने होंगे। प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। वाहनों की संख्या नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक परिवहन को सस्ता, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाना होगा। किसानों को पराली जलाने के विकल्प उपलब्ध कराने होंगे ताकि वे मजबूरी में खेतों को जलाने के बजाय नई तकनीकों का उपयोग कर सकें।

निर्माण कार्यों के लिए भी सख्त नियम बनाकर उनकी निगरानी करनी होगी। किंतु इसके साथ यह भी समझना होगा कि यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। आम नागरिकों को भी आगे आना होगा। हमें निजी वाहनों पर निर्भरता कम करनी होगी और सार्वजनिक परिवहन, साइकिल तथा पैदल चलने को प्राथमिकता देनी होगी। घरों और मोहल्लों में अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे और उनकी देखभाल करनी होगी। बिजली और पानी की बचत करनी होगी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को अपनाना होगा। कचरा जलाने से बचना होगा और उसका वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण है कि हम प्रदूषण के खतरों और उसके स्वास्थ्य पर असर को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाएं।

असल में प्रदूषण का असली समाधान हमारी संवेदनशीलता में छिपा है। जब तक हम यह नहीं समझेंगे कि प्रदूषण से लड़ना हमारी निजी जिम्मेदारी है, तब तक यह संकट कम नहीं होगा। यह केवल अदालतों या प्रशासन का विषय नहीं है, यह हमारे जीवन और मृत्यु का प्रश्न है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि प्रदूषण को कम करना कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन बचाने की अनिवार्यता है।

आज भारत का पर्यावरण और हमारे दिल दोनों एक ही संकट से गुजर रहे हैं। अगर हम आज नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियां जहरीली हवा और बीमार शरीर की विरासत पाएंगी। क्या हम उन्हें ऐसा भविष्य देना चाहते हैं। अगर नहीं, तो आज ही हमें प्रण लेना होगा कि हम पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होंगे, प्रदूषण रोकने के प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करेंगे जो प्रकृति और स्वास्थ्य दोनों के लिए अनुकूल हों। स्वच्छ हवा और स्वस्थ दिल केवल सरकारी आदेशों या वैज्ञानिक उपायों से नहीं मिल सकते। यह तभी संभव है जब नागरिक और शासन मिलकर आगे बढ़ें और एक नई सोच विकसित करें। भारत के भविष्य की कुंजी इसी सामूहिक जिम्मेदारी में छिपी है। हमारी असंवेदनशीलता ही प्रदूषण का सबसे बड़ा सच है और यदि हमने समय रहते इसे संवेदनशीलता में नहीं बदला तो यह संकट हमारे अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लगा देगा।

**(लेखिका, बच्चों एवं पर्यावरण विषय पर कार्य करती है, समाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### चार अक्टूबर को लखीमपुर आएंगे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के अध्यक्ष वीएम सिंह




गोला गोकरननाथ,(लखीमपुर)। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार वीएम सिंह आगामी 4 अक्टूबर (शनिवार) को लखीमपुर खीरी जनपद के दौरे पर आ रहे हैं। अपने दौरे के दौरान वे संगठन के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के साथ-साथ गन्ना किसानों से संवाद करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरदार वीएम सिंह पूर्वाह्न 11 बजे पलिया स्थित गन्ना विकास समिति पहुंचेंगे, जहां वे संगठन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और गन्ना किसानों की समस्याओं को सुनेंगे। बैठक में चीनी मिलों के भुगतान, गन्ना मूल्य और किसानों से जुड़ी विभिन्न मांगों पर चर्चा की जाएगी इसके बाद वे दोपहर 1 बजे गोला गोकरननाथ होते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित के गृह ग्राम शेरपुर, थाना हैदराबाद पहुंचेंगे, जहां वे अल्प विश्राम करेंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान संगठन की आगामी रणनीति, किसान हितों से जुड़ी योजनाओं और सरकार से संवाद की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि वीएम सिंह का यह दौरा पूरी तरह से किसान हितों को समर्पित है और उनके आने से संगठन को ज़मीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलेगी।

### दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की परामर्श गोष्ठी संपन्न



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। ब्लॉक संसाधन केंद्र कुंभी गोला में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की एक महत्वपूर्ण परामर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। गोष्ठी में बतौर रिसोर्स पर्सन शामिल हुए प्राथमिक विद्यालय नंगापुर के सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार एवं प्राथमिक विद्यालय द्वारिकागंज के सहायक अध्यापक दूधनाथ सिंह ने अपने जीवन के संघर्षों और दिव्यांगता के बावजूद प्राप्त की गई सरकारी सेवा की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि कैसे संकल्प और सकारात्मक सोच से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। विशेष शिक्षक प्रेमपाल गंगवार, जगतपाल, ओमप्रकाश एवं सुमन लता ने दिव्यांग छात्रों की नियमित उपस्थिति, शिक्षा में रुचि बनाए रखने, उपकरण मापन व वितरण कैंप, मेडिकल असेसमेंट कैंप, एस्कॉर्ट भत्ता एवं छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। बैठक में विमलेश कुमार, लेखराम, विजय कुमार, शहनाज बेगम, शबाना खातून, राजेश कुमार, राघवेंद्र सिंह, कृष्णा वर्मा, आरिफ, कमला देवी, गोलू, गंगाजली, नसरीन, फूलचंद, प्रेमचंद, अफसाना, हृदयनारायण, अंजू गुप्ता, अतुल शर्मा, सीमा देवी सहित लगभग 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इस तरह की गोष्ठियों एवं शिविरों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहें और हर सुविधा का लाभ लें।

### शस्त्र पूजन कर स्वयंसेवकों ने दिखाई राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता



गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गोला नगर द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के विशेष संदर्भ में नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर राष्ट्रभक्ति एवं संगठन के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ध्वज प्रणाम से किया गया, तत्पश्चात मुख्य वक्ता नगर प्रचारक अभिषेक ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत को तोड़ने वाले और सनातन संस्कृति को बदनाम करने वाले अपने विचारों के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत युवाओं को आत्मचिंतन करना होगा कि वे राष्ट्र निर्माण में कितना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेती-बाड़ी और पारिवारिक जिम्मेदारियों में संतुलन बनाते हुए प्रतिदिन कम से कम एक घंटा शाखा को अवश्य दें। अभिषेक ने संघ की विचार यात्रा, संस्कृति संरक्षण, एवं पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए युवाओं को सामाजिक जागरूकता, सेवा, सदाचार, समर्पण एवं संगठन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश गुप्ता ने की। इस अवसर पर नगर संघचालक विजय वर्मा, नगर कार्यवाह महेंद्र नाथ पाठक, तथा सह जिला कार्यवाह विवेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। शस्त्र पूजन के दौरान पारंपरिक विधि से शस्त्रों की पूजा की गई, जिसे हिंदू संस्कृति में आत्मरक्षा और धर्मरक्षा का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम का समापन संघ प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें राष्ट्रहित में सेवा और समर्पण की भावना प्रतिध्वनित हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित युवा स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मिशन शक्ति अभियानः छात्राओं ने निभाई पुलिस की भूमिका



मैगलगंज,(लखीमपुर)। थाना मैगलगंज क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनोखा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीपाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर मैगलगंज की कक्षा 11 की छात्रा श्रेया शुक्ला को एक दिन का सांकेतिक थाना प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं, सिदरा को चौकी गदियाघाट की प्रभारी तथा अनन्या यादव को चौकी औरंगाबाद की प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत कोतवाली मैगलगंज परिसर में हुई, जहां सांकेतिक थाना प्रभारी बनीं श्रेया शुक्ला ने थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने न सिर्फ पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को निकट से समझा, बल्कि अन्य छात्राओं को भी पुलिसिंग से जुड़ी चुनौतियों व उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही छेड़छाड़ से बचाव, साइबर क्राइम, मोबाइल गेम की लत, फर्जी कॉल व सोशल मीडिया फ्रॉड जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी मितौली, उप-जिलाधिकारी मितौली, प्रभारी निरीक्षक रवींद्र कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी गदियाघाट ने बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पॉक्सो एक्ट सहित केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया।

### आंधी-पानी से किसानों की गन्ना व धान की फसलें चौपट, किसानों में मायूसी



सादुल्लानगर/बलरामपुर। क्षेत्र में बीती रात आई आंधी-पानी से किसानों की गन्ना और धान की तैयार फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी फसलें गिर गई जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। इस प्राकृतिक आपदा से किसान बेहद मायूस और चिंतित हैं। विकास क्षेत्र रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत विशुनपुर खरहना, सहजौरा, गोकुलावुरम, कुरथुआ खानपुर, सरायखास, रामपुर ग्रंट व नयानगर में आंधी-पानी से धान और गन्ने की फसलें गिरकर चौपट हो गई। किसान कनिक राम, हरिशंकर वर्मा, रामदास, प्रेम कुमार पाल और जगलाल ने बताया कि खेतों में लगी फसलें तेज हवा और पानी के कारण गिर गई हैं। धान और गन्ना खेतों में पानी भरने से सड़ने का खतरा बना हुआ है। इसी तरह रामसजीवन, राहुल, ओमप्रकाश, रंगीलाल पाल और रामदेव ने बताया कि तैयार होने की कगार पर खड़ी फसल को आंधी-पानी से भारी क्षति हुई है। उनका कहना है कि खेत में लगी पूंजी निकल पाना मुश्किल हो गया है। इससे परिवार का भरण-पोषण करना और बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करना भी चुनौती बन गया है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि खेतों का सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी आर्थिक कठिनाइयों को कुछ हद तक दूर किया जा सके।

### महान विभूतियों की जयंती पर विद्यार्थियों ने ली राष्ट्र निर्माण में योगदान की शपथ

उतरौला (बलरामपुर)। नगर के टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण से हुई। बच्चों तथा अध्यापकों ने महात्मा गांधी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वदेशी आंदोलन जैसे विचारों पर अपने विचार रखे। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, जय जवान जय किसान के नारे और उनके अदम्य साहस पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने कविताओं, भाषणों और नाटक प्रस्तुति के माध्यम से दोनों महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

- जिलेभर में प्रशासन ने की चाक-चौबंद व्यवस्था, शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में भक्तों ने दी माता को विदाई





लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर गुरुवार को पूरे जिले में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। जयकारों, ढोल-नगाड़ों और अबीर-गुलाल से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों ने माँ दुर्गा को विदाई देते हुए सुख-समृद्धि, शांति और परिवार-समाज के कल्याण की कामना की।

**मढ़िया घाट पर अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा:** मैगलगंज क्षेत्र के गोमती नदी स्थित मढ़िया घाट पर उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता, क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह परिहार, तहसीलदार दिनेश कुमार तथा नायाब तहसीलदार शशांक शेखर मिश्र ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और भीड़-नियंत्रण संबंधी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी रविन्द्र कुमार पाण्डेय व चौकी प्रभारी संदीप यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। पुलिस बल ने पूरे क्षेत्र की कमान संभालते हुए विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराया।

**ईसानगर, धौरहरा और खमरिया में सकुशल सम्पन्न हुआ विसर्जन:** ईसानगर, धौरहरा व खमरिया थाना क्षेत्रों की प्रतिमाओं का विसर्जन जालिमनगर व ऐरा शारदानगर पुल के पास बनाए गए अस्थायी तालाबों में किया गया। शासन के निर्देश पर किसी भी प्रतिमा का नदी में विसर्जन नहीं होने दिया गया।

जालिमनगर पुल पर एसडीएम धौरहरा व थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे तथा थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी स्वयं मौजूद रहे। वहीं खमरिया क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने सतर्कता से विसर्जन कार्यक्रम की निगरानी की। पुलिस बल की बड़ी संख्या पूरे मार्ग और घाटों पर तैनात रही।

### गोला गोकर्णनाथ में शोभायात्रा और भक्तिमय माहौल

गोला नगर में भी प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े हर्षोल्लास से हुआ। नगर के विभिन्न मोहल्लों से प्रतिमाएँ ढोल-नगाड़ों व डी जे की धुनों पर यात्रा रूप में निकाली गईं और अलीगंज रोड स्थित शारदा ब्रांच नहर पर विसर्जित की गईं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गुलाल उड़ाकर और पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन-अर्चन के पश्चात प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', अवधेश श्रीवास्तव 'दीपू लाला', अशोक जोशी, अनूप गुप्ता, गजेंद्र गुप्ता सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। विसर्जन स्थल व नगर मार्गों पर प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह व उनकी टीम मुस्तैदी से तैनात रही।

### बेलरायां में शोभायात्रा

ब्लॉक निघासन के बेलरायां क्षेत्र में नवदुर्गा पूजा सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिमाओं का विसर्जन सरयू नदी चौराहा पर किया गया। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जय माता दी के नारों के बीच भक्तों ने शोभायात्रा निकाली। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में नृत्य प्रस्तुत किया और पुरुषों ने माँ की पालकी उठाकर विसर्जन स्थल तक पहुँचाया। पंडित कृष्ण कलित ने मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन कराया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों ग्रामीण व नगरवासी मौजूद रहे।

### नकहा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मूर्ति विसर्जन

नकहा चौकी क्षेत्र के सकेतू, अशोगपुर, लोनपुरवा व नकहा गांवों में नौ दिन के जगराते के बाद विजयदशमी पर भक्तों ने बैंड-बाजों के साथ चौका नदी (सुकेतु पुल) पर मूर्ति विसर्जन किया। इस दौरान थाना अध्यक्ष खीरी निराला तिवारी के निर्देशन में चौकी प्रभारी गौरव कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा। शांति-व्यवस्था हेतु नायक तहसीलदार अखिलेश श्रीवास्तव, कानगो रामजीवन वर्मा, लेखपाल शैलेंद्र मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव व रवि मिश्रा भी तैनात रहे।

### मितौली से लखनऊ के लिए रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ

मितौली खीरी। क्षेत्र की जनता और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मितौली से लखनऊ के लिए रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ किया गया। यह बस मितौली सुबह 6 बजे लखनऊ को प्रस्थान करेगी तथा लखनऊ से अपरान्ह 1 बजे मितौली वापस आएगी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। उनके साथ पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने भी हरी झंडी दिखाकर बस को लखनऊ के लिए रवाना किया।जुगुल किशोर ने कहा कि मितौली क्षेत्र की जनता और व्यापारियों को लखनऊ आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला मंत्री कल्लू सिद्दीकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जिलेभर में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती जिलेभर में बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। जगह-जगह ध्वजारोहण, पुष्पांजलि, विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएँ और पौधारोपण जैसे आयोजन कर दोनों महापुरुषों को नमन किया गया।

**मैगलगंज में गन्ना समिति पर ध्वजारोहण:** मैगलगंज सहकारी गन्ना समिति परिसर में समिति के चेयरमैन राजेंद्र मिश्रा, मंडल महामंत्री अनिल राठौर और सचिव नंदलाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी और गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

**भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजन:** लखीमपुर खीरी स्थित भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। छात्राओं ने प्रतिभाग कर गांधी व शास्त्री जी के विचारों पर प्रकाश डाला। प्राचार्या ने महिला सशक्तिकरण विषयक विचार साझा किए।

**बाथम वैश्य महासभा द्वारा विचार गोष्ठी:** स्थानीय बाथम वैश्य धर्मशाला में उपाध्यक्ष राम मोहन गुप्त की अध्यक्षता में समारोह हुआ। ब्लॉक प्रमुख नकहा पवन कुमार गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। वक्ताओं ने गांधी-शास्त्री के आदर्शों को आज भी प्रासंगिक बताया और स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सामूहिक राष्ट्रगान गाया।

**मितौली के विद्यालयों में धूमधाम:** मितौली कस्बे के आदर्श इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण के बाद ÷स्वच्छता ही सेवा÷ विषय पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज एवं केदार सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज में भी गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई। प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

### जगह-जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रम

जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों व सामाजिक संगठनों ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के संदेश तथा शास्त्रीजी के जय जवान, जय किसान नारे को आज के समय में भी प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

### गोला में विविध कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ स्थित श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकादमी में निदेशक मोहित पुरी ने राष्ट्रध्वज फहराया और छात्रों ने गांधीजी का प्रिय भजन प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने गांधी-शास्त्री के विचारों की प्रासंगिकता पर चर्चा की। नगर पालिका परिषद सभागार में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने ध्वजारोहण कर श्रद्धांजलि दी। सभासदों और गणमान्य नागरिकों ने भी दोनों महापुरुषों के विचारों पर प्रकाश डाला। वहीं, रोटरी क्लब गोला मुस्कान द्वारा नवोदय इंटर कॉलेज परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# सिलेंडर से लगी आग में मचा हाहाकार, शादी के दूसरे दिन मेहमान सहित दो लोग झुलसे

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।



कोतवाली निघासन क्षेत्र के गांव लोनियनपुरवा में गुरुवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर से आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा नकद, गहने, कपड़े व घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसे में घर आए मेहमान युवक और युवती गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक परिवार का सबकुछ खाक हो चुका था।

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र जयपाल के घर बुधवार को बेटे की शादी थी। गुरुवार को गौना था। इसी खुशी के मौके पर रिश्तेदार व मेहमान जुटे थे। शाम को खाना बनाने की तैयारी चल रही थी कि अचानक सिलेंडर में रिसाव से आग भड़क उठी। तेज लपटें उठते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। इस बीच घर पर मेहमान बनकर आए कृष्ण कुमार पुत्र चंद्रभाल और उनकी रिश्तेदार नंदनी पुत्री पूरन आग की चपेट में आकर झुलस गए। दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

आग इतनी भीषण थी कि झोपड़ी में रखा करीब तीस हजार रुपये नकद, दुल्हन के चांदी के गहने, कपड़े, सब्जी, अनाज और चारपाई जलकर राख हो गए। गृहस्वामिनी सोनी देवी ने बताया कि एक दिन पहले ही बेटे की शादी थी, लेकिन हादसे ने सारी खुशियां मातम में बदल दीं। झोपड़ी के साथ परिवार का सहारा भी जल गया।

हादसे की सूचना पर झंडी चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इधर, गांव के लोग भी हादसे से दुखी हैं और परिवार की मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

गांव में यह चर्चा है कि अगर समय रहते ग्रामीण एकजुट होकर आग पर काबू न पाते तो आग पड़ोस के घरों तक फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था।

### माता दुर्गा रानी जागरणः भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु



फत्तेपुर खीरी। तहसील मितौली के ग्राम कल्लुआ मोती में बाबा गूदर दास आश्रम पर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर माता रानी दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू भाजपा मंत्री ब्रजेश सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। पुरोहितों ने विधि-विधान से सभी श्रद्धालुओं का तिलक कर माता रानी का पूजा पाठ किया गया। आरती में सैकड़ों श्रद्धालु व जागरण कमेटी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी के कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। इनमें भगवान शिव नंदी पर सवार, गौरा पार्वती नृत्य, राधा कृष्ण नृत्य, हनुमान जी की झांकी, शिव तांडव प्रमुख थे। गायक कलाकारों ने भक्ति गीतों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रात भर चले इस जागरण में श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे और महिला श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य भी किया। इस दौरान मशहूर गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। माता का बुलावा आया है प्यारा सजा है तेरा द्वारा भवानी मां लंगुरिया जैसे भजनों का प्रदर्शन किया। जागरण मंडल के कलाकारों ने भी अपने भजनों से सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अमित सिंह, राजीव वर्मा, कमला कांत दीक्षित आदि क्षेत्र के हजारों संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### छात्र अभिमान कश्यप का राज्य स्तरीय सेपकटकरा चैंपियनशिप के लिए चयन



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। छोटी काशी गोला से खेल जगत में एक और खुशखबरी आई है। चिल्ड्रन एकेडमी, गोला गोकर्णनाथ में कक्षा 7 में पढ़ने वाले अभिमान कश्यप ने अपने खेल कौशल से राज्य स्तरीय सेपकटकरा चैंपियनशिप में जगह बना ली है। यह चैंपियनशिप 4 और 5 अक्टूबर को विद्या पब्लिक स्कूल, बड़ौत (बागपत) में आयोजित होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के 20 से 25 जिलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में दो इवेंट– रेगू इवेंट और कोड इवेंट खेले जाएंगे। जानकारी देते हुए सेपकटकरा एसोसिएशन लखीमपुर खीरी के जिला महासचिव एवं पूर्व आईटीबीपी जवान तान सिंह ने बताया कि अभिमान कश्यप, राजकुमार कश्यप के पुत्र हैं और अपने खेल प्रदर्शन से लगातार प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे जिले के लिए यह गर्व की बात है कि अभिमान का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। तान सिंह ने यह भी बताया कि इसी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय सेपकटकरा चैंपियनशिप के लिए बालक और बालिकाओं का चयन किया जाएगा।

# महिला अपराधों से लड़ने को खाकी करा रही साथ का एहसास

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



सादुल्लानगर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन व थाना सादुल्लानगर के प्रभारी मनोज कुमार सिंह द्वारा मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को थाने पर बुलाकर महिलाओं को मिशन शक्ति तेज 5 के तहत थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र से अवगत कराया गया तथा महिलाओं को दहेज ,बाल विवाह ना करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं समाज में प्रचलित कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जो बालिकाओं के भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत हानिकारक है। साथ ही, छात्राओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी अवगत कराया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं – मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना आदि – से संबंधित जानकारी दी गई, ताकि वे इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इसके अतिरिक्त उन्हें सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर – 1090, 108, 112, 102 एवं 1930 – की जानकारी देकर उनके उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया।यह कार्यक्रम छात्राओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने, अपने अधिकारों के प्रति सजग बनने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# एम्बुलेंस कर्मचारियों ने धूमधाम से मनाया विजयदशमी का पर्व

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

गुरुवार को असत्य पर सत्य की जीत के पर्व विजयादशमी (दशहरा) को बलरामपुर जनपद के 108 और 102 के एम्बुलेंस कर्मचारियों ने आस्था व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस मौके पर एम्बुलेंस के कर्मचारियों ने टीम भावना और भाईचारे का परिचय देते हुए मिठाई बाँटी और एक दूसरे को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मौजूद एम्बुलेंस सेवा के पीएम अभिषेक मिश्रा ने विजयदशमी (दशहरा) के पर्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है।जैसे भगवान श्री रामचंद्र जी ने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए रावण का वध किया वैसे ही हम लोगों को हमेशा सच्चाई और मानवता के मार्ग पर चलना चाहिए। एम्बुलेंस स्टाफ का कार्य भी इसी भावना से जुड़ा हुआ है जो हर परिस्थितियों में मरीजों की सेवा कर लोगो की जान बचाने का कार्य करता है। उन्होंने एम्बुलेंस कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मरीजों की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। त्योहार पर इस तरह का आयोजन होना कर्मचारियों की खुशी एव उनकी टीम भावना व सेवा समर्पण को दर्शाता है।


## सूचना

मेरे टीईटी वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक 191016007709 का अंक पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे टीईटी की दूसरी काफी आवश्यकता है।

**संजीव सिंह पुत्र धनपाल सिंह निवासी ग्राम गठवाया, पो0 पिलखना, थाना मेरापुर, फर्रु0।**

## सूचना

मैं शपथनी श्रीमती( सोनल त्रिपाठी) SONAL TRIPATHI पत्नी अनुभव शुक्ला निवासी मोहल्ला पोस्ट ऑफिस बड़गांव परगना तहसील शहर व जिला गोंडा की सशपथ बयान करती हूं कि शपथनी की पुत्री (प्रशस्ति शुक्ला) PRSH-STI SHUKLA के FATIMA स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है स्कूल के रिकॉर्ड में माता का नाम (सोनल शुक्ला) SONAL SHUKLA लिख गया है जो गलत है उसके स्थान पर माता के नाम के आगे (सोनल त्रिपाठी) SONAL TRIPATHI होना चाहिए जो सही है ।


### सड़क दुर्घटना में चार युवकों की दर्दनाक मौत

बलरामपुर। महाराज तराई मूड़ा डीह निवासी 6 युवक मोटरसाइकिल से दुर्गापूजन देखने निकले थे बलरामपुर उतरौला मार्ग चूल्हा भारी मार्ग रात के अंधेरे में अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी जिससे 4 लोगो की मौके पर मौत हो गई तथा दो अन्य घायल है घायलों का इलाज अस्पताल Wrna जारी है मृतक में संजय पुत्र राधेश्याम उम्र 25 वर्ष ,सीता राम मिट्ठू लाल उम्र 22 वर्ष, गोलू उर्फ सन्तोष मौर्य पुत्र मिट्ठू लाल उम्र 23 वर्ष,अंकित पुत्र राधेश्याम उम्र 21 वर्ष थाना महराजगंज तराई मुड़ाडीह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो ओरिन्दर कुमार पुत्र अरुण कुमार उम्र 24 वर्ष व दिनेश पुत्र निरबाहू 23 वर्ष घायल है । सड़क दुर्घटना में 4 लोगो की मौत से पूरे छेत्र में सनसनी फैल गई है स्थानीय लोग तरह तरह के बात करते है परिवार जनों का रोरोकर बुरा हाल है।

# पत्थर को जो कर दे पानी... जय भवानी-जय भावानी के नारों के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



पत्थर को जो कर दे पानी... जय भवानी, जय भवानी जैसे गगनभेदी नारों से गूंजते वातावरण में बृहस्पतिवार को क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं–रामपुर अरना, मद्दो घाट, धुसवा, अचलपुर चौधरी, सरायखास, घासीपोखरा, मीरपुर, कम्मरपुर, अलाउद्दीनपुर, मुंडा चौराहा, भुजयनिक भार, मानिगढ़ा, लौकिया ताहिर, बभनपुरवा, अकबरपुर, हसनापुर, गूमा फातमाजोत, जिगनी, देवरिया इनायत, रामपुर ग्रिंट, मथुरा व खरहना–से दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। परंपरागत गाजे-बाजे और उत्साहपूर्ण माहौल में निकले जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अयोध्या घाट पहुंचे। वहाँ पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमाओं का पवित्र सरयू नदी में विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह पूरी पुलिस टीम के साथ जुलूस मार्ग पर मुस्तैदी से तैनात रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने क्षेत्रवासियों को दशहरे की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जिससे समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष दीपचंद जायसवाल ने कहा कि नौ दिनों की शक्ति-आराधना के बाद समाज को एकजुट होकर लोककल्याण और सद्भावना के कार्यों में लगना चाहिए। कार्यक्रम में रमेश तिवारी, बहरैची प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता,मान सिंह चौहान,रमेश गुप्ता (प्रधान),राम लौटन गुप्ता, राम बहोर वर्मा,संतोष वर्मा, गुलाब गुप्ता, रमेश गुप्ता, गामा भारती, दीपक गुप्ता सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्रा0पं0 पपड़ी खुर्द बुजुर्ग वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 01/10/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पपड़ी खुर्द बुजुर्ग विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 03/10/2025 से दिनांक 09/10/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 09/10/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 03/10/2025 से दिनांक 09/10/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्रीश की जगह से शेर सिंह के मकान तक सीसी निर्माण कार्य | 339240 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मैन रोड से लालू की जगह तक सीसी निर्माण कार्य | 393950 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (गंगादेवी)** **ग्रा0पं0 पपड़ी खुर्द बुजुर्ग, वि0ख0 शमशाबाद** **सचिव (जगवीर सिंह)**

# विजय दशमी पर धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**जैदपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा सहित क्षेत्र में विजय दशमी दशहरा का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसी क्रम के तहत कस्बा जैदपुर के मोहल्ला गाढी स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण से शिव शंकर धर्मार्थ समिति के नेतृत्व में दशहरा जुलूस की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अलग-अलग झांकियो पर भगवान राम, लक्ष्मण, सीता जी, मेघनाथ, कुंभकरण, अहिरावण, मंदोदरी, लंकाधिपति रावण का दरबार आदि के दरबार विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।वही अपने अपने हाथो मे गदा लिए वानर सेना भी जय श्री राम जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए चलती दिखाई दी। रावण, मेघनाथ एवं कुंभकर्ण अपने अपने दरबारो से तीव्र गर्जना के साथ हा हा हा के अट्टहास लगाते शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।विजयदशमी शोभा यात्रा का जुलूस कस्बे के निर्धारित मार्गों से होता हुआ रामलीला ग्राउंड दशहरा बाग पहुंचा। जहां पर देखते ही देखते भगवान राम, लक्ष्मण जी, हनुमान एवं वानर सेना के साथ बारी बारी से मेघनाथ, कुंभकरण अहिरावण का घोर संग्राम हुआ।जिसमे ये तीनो दिग्गज योद्धा भगवान श्री राम जी लक्ष्मण जी के बाणों से भूमि पर धराशाई हो गए। वही लक्ष्मण शक्ति लगने पर विलाप करते प्रभु श्री राम जी के मार्मिक दृश्य को देखकर उपस्थित जनता की भी आंखो में आंसुओ की स्पष्ट धारा देखने को मिली।लंकाधिपति रावण का अंत भगवान श्रीराम लक्ष्मण के हाथो तीव्र बाणों के प्रहार से हुआ। इस प्रकार असत्य पर सत्य की विजय हुई और धूं धूं कर आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला जल उठा।वानर सेना द्वारा लगाए गए जय श्रीराम जय हनुमान के जयकारों से गूंजा उठा। रामलीला ग्राउंड पर लगे मेले में हजारों की संख्या में दर्शकों की भीड़ दिखाई दी। शांति सुरक्षा के दृष्टिगत सीओ सौरभ श्रीवास्तव सहित जैदपुर पुलिस प्रशासन की भूमिका रही।इस मौके पर दीपक निगम, चाचा गिरजा शंकर, नीरज सोनी, जितेंद्र डीएम वर्मा, राजन बक्सोर, श्यामू जयसवाल,दीवेश कुमार, रमंशु गुप्ता सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## रावण दहन देखने उमड़ा जन सैलाब



**हैदरगढ़।** बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयदशमी पर्व हैदरगढ़ में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दशहरा बाग मैदान में विशाल मेले का आयोजन भी किया गया। जिसे देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। नगर के रामलीला कोठी मैदान में पिछले 20 सितम्बर से चल रही रामलीला के तहत गुरुवार को दशहरा बाग मैदान में राम और रावण के बीच युद्ध हुआ। जिसमें भगवान राम ने रावण का अंत कर दिया इसके बाद रावण के विशालकाय पुतले का दहन कर दिया गया। इससे पूर्व भगवान राम का रथ रामलीला कोठी मैदान से विशाल जन समूह के साथ नगर भ्रमण करते हुए दशहरा बाग मेला मैदान में पहुंचा। नगर भ्रमण के दौरान लाला लक्ष्मी नारायण साहू, कृष्ण कुमार(झबरे) अग्रवाल, राम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु राम सहित चारों भाइयों की आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया। रावण के अंत के बाद मैदान में ही सजे मंच पर भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण एवं रामायण की आरती के बाद लीला का समापन हुआ। राम रावण युद्ध देखने और मेले में शामिल होने के लिए अपार जन समूह उमड़ा हुआ था। मेला एवं रामलीला को सकुशल संपन्न रामलीला कमेटी के प्रबंधक पुरुषोत्तम नारायण अग्रवाल, व्यवस्थापक राजेश कुमार अग्रवाल,रमेश चंद्र, महेश अग्रवाल, उदय अग्रवाल एवं प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल को दलबल के साथ तत्पर देखा गया।

## ऊंट घोड़े ढोल बाजे के साथ निकाली गई दुर्गा जागरण की झांकी

**जैदपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



दुर्गा जागरण समिति द्वारा कस्बे के गढ़ी कदीम व गढ़ी राखमऊ से भव्य विसर्जन यात्रा ऊंट घोड़े बैंड बाजे के साथ निकाली गयी। जिसमे विभिन्न प्रकार की झाकियां भी देखने को मिली। जगह जगह प्रसाद का भी वितरण होता रहा।सुरक्षा को लेकर जैदपुर पुलिस टीम सुबह से शाम तक मौजूद रहीं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कस्बे की दुर्गा जागरण समिति द्वारा ऊंट घोड़े बैंड बाजे के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्रा कस्बे के गढ़ी कदीम से निकलकर बांध चौराहा, छोटी बाजार, छोटा इमामबाड़ा, बड़ी बाजार, थाना चौराहा और वसीनगर होते हुए सफदरगंज स्थित कल्याणी तट के लिये रवाना हुआ। जिसमें विभिन्न प्रकार की झांकियां भी देखने को मिली और जगह जगह प्रसाद आदि की भी व्यवस्था रही। जबकि गढ़ी राखमऊ से विसर्जन शोभायात्रा जयकारे को बुलंद करते हुए भक्ति में मग्न लोगों की भारी भीड़ कल्याणी नदी के तट पर पहुंचकर विधि विधान से पूजन अर्चना के बाद माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। वही सुरक्षा को लेकर सीओ सौरभ श्रीवास्तव,थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह, दरोगा जयचन्द सिंह, दरोगा हलीम बाबू, दीवान जयनारायण, गुफरान, पंकज राठौर, शैलेश यादव सहित दीपक निगम, दीवेश कुमार, जितेंद्र वर्मा, श्यामू जायसवाल, उमाकांत, धीरज, रामकुमार लाली, वासु संजय सोनी, राजन बकसोर आदि लोगों के साथ साथ हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### करंट लगने से युवक की मौत



**बकेवर-इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सिंह में गुरुवार की शाम बकरी चराने गए 37 वर्षीय युवक की समर सेबिल की केबिल से करंट लगने से मौत हो गई। ग्राम नगला सिंह निवासी हरिशंकर ने बताया कि गुरुवार शाम उसका 37 वर्षीय भाई संजू पुत्र छिदामी लाल बकरी चराकर वापस घर लौट रहा था गाँव के ही किसान बाबूराम चक्रवर्ती के खेत में लगे समर पंप की बिजली केबिल जमीन पर बिछी है। केबिल में कटी होने के चलते घर लौटते समय उसका पैर समर सेबिल की कटी हुई केबिल पर पैर पड गया जिससे उसके बिजली का करेन्ट लग गया और वह जमीन पर गिर गया और भाई संजू की मौके पर ही मौत हो गई जब वह शाम को घर नही पहुँचा तो भाई खोजता हुआ खेतो की तरफपहुँचा वह मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना भाई ने पुलिस और बिजली विभाग को दी सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुँचा और घटना की जानकारी उच्च अधिकारियो को देने के बाद फोरेसिक टीम को मौके पर बुलाया। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित कर। पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। मौत की सूचना जैसे ही परिजनो और पत्नी को हुई तो वह रोने बिलखने लगे मृतक युवक संजू के आठ वर्षीय बेटी सोनल, छह वर्षीय बेटा ऋतिक चार बर्षीय बेटा पंकज का व पत्नी ज्योति का रो रोककर बुराहाल हाल है। सूचना पर तहसीलदार भरथना दिलीप कुमार मौके पर पहुँचे। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार ने बताया कि भाई हरि शंकर की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ ग्राम नगला सिंह पहुँचे और बिजली करेंट से मरे संजू का शव पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया है अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नही मिला है।

### शुक्रवार की नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट

> एसपी ने श्रीशचंद्र ने कस्बा बकेवर का किया भ्रमण

**बकेवर-इटावा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को जुमे की नमाज के समय बकेवर में पुलिस प्रशासन काफी चौकन्ना रहा। नमाज के समय एसपी ग्रामीण के नेतृत्व में मस्जिद के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रहा साथ ही नगर में भ्रमण करता है। पिछले सप्ताह बरेली में आई लव मोहम्मद पोस्ट को लेकर हुए बवाल के बाद जिला पुलिस प्रशासन भी काफी चौकन्ना है। इसको लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान श्रीशचंद्र, थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक, कस्बा इंचार्ज एसआई विनीत पांडे भारी पुलिस बल के साथ औरैया रोड पर स्थित जामा मस्जिद के आसपास नमाज के दौरान भ्रमण शील रहे इसके अलावा कस्बा के हाफिज नगर स्थित नूरी मस्जिद पर भी पुलिस फोर्स नमाज के दौरान तैनात रहा।दोनों मस्जिदों के आसपास नवाज शुरू होने के काफी समय पहले फोर्स तैनात रहा तथा नमाज समाप्त होने के बाद नमाज अदा करने आए लोगों के जाने के बाद तक पुलिस फोर्स मस्जिद के पास तैनात बना रहा। एसपी ग्रामीण ने बताया शांति व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भ्रमण किया। लखना कस्बा में मस्जिद आसपास चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार मय फोर्स भ्रमण करते रहे।

### ट्रेलर-ट्रक के टायर फटने से छात्र घायल, गम्भीर

**जैदपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बहन के साथ मोटरसाइकिल से घर से स्कूल जाते समय जैदपुर थाना चौराहा ईदगाह के निकट ट्रेलर का पिछला टायर फट जाने से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर पहुंचे क़स्बा इंचार्ज व पुलिस टीम द्वारा जैदपुर सीएससी भेजा गया।हालत नाज़ुक देख छात्र को जिला अस्पताल रेफर किया गया।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह आठ बजे रोज की तरह समीर सैनी पुत्र पवन सैनी निवासी सेठमऊ बबूरिहा अपनी बहन कृति के साथ सुपर स्पेलंडर मोटरसाइकिल यूपी 41 जे 8276 पर सवार होकर शिक्षा हेतु सागर इंटरट्यूशट आफ टेक्नोलॉजी फैजाबाद रोड बाराबंकी जा रहा था।जैदपुर थाने से थोड़ी दूर ईदगाह के पास आगे चल रहे ट्रेलर युपी 41 बीटी 9799 का पिछला टायर फट गया।जिससे मोटर साइकिल चला रहा समीर सैनी गम्भीर रूप से घायल हो गया।टायर फटने की आवास सुनकर भारी भीड़ जमा हो गयी।मौके पर पहुंचे क़स्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह, दीवान जयनारायण सहित पुलिस की टीम ने घायल छात्र को सीएससी जैदपुर पहुंचाया।जहां मौजूद डाक्टर नजमुल सिद्दीकी द्वारा हालत नाज़ुक देख ज़िला अस्पताल भेज दिया गया है।जहां छात्र की हालत चिंताजनक बतायी जा रही है।पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### मैराथन में नशे के खात्मे का लिया संकल्प



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** गांधी जयन्ती सप्ताह के तीसरे दिन छाया चौराहा से नशा मुक्त भारत मैराथन आयोजित हुई। इस मैराथन में महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के 50 बच्चों ने दौड़ लगाई। उन्होंने देश प्रेम और अनुशासन का संदेश दिया। साथ ही नशे के खात्मे का संकल्प लिया।युवा समाजसेवी एवं कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप के सुप्रत्र अविरल सिंह ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाने के लिए दौड़ में भाग लिया। मैराथन में आदित्य कुमार प्रथम, मो समद द्वितिय और सौरभ तृतीय स्थान पर रहे। शुक्रवार को नगर के छाया चौराहा से गांधी भवन तक नशा मुक्त भारत मैराथन का आयोजन हुआ। इसमें नवोदित खिलाड़ियों, स्कूली बच्चों और युवाओं ने दौड़ लगाई। इस मैराथन का मकसद देश प्रेम और अनुशासन का संदेश देना था। साथ ही, युवाओं ने नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प भी लिया। इस दौड़ के जरिए युवा समाजसेवी अविरल सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर नशे को समाज से पूरी तरह मिटाने का संकल्प लेना होगा। इस मौके पर पूर्व प्रमुख हसमत अली गुड्डू, विजय अवस्थी, पीटीआई तौहीद खान, रणंजय शर्मा, मो अयाज़ अंसारी, पाटेश्वरी प्रसाद, पी.एल कश्यप, अंशिका आदि लोग मौजूद रहे।

## अवसानेश्वर मन्दिर परिसर में अतिथि भवन का हुआ शिलान्यास



**हैदरगढ़-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विधानसभा क्षेत्र के अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति एक करोड़ रुपए की लागत से परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए बनने वाले अतिथि भवन का भूमि पूजन पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य विधायक दिनेश रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक ने सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों के विकास के लिए दी जा रही सहायता की चर्चा की और कहा कि यह भवन न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा का केंद्र बनेगा, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति और धार्मिक विरासत को संजोने में महती भूमिका निभाएगा। कहा कि मेरा प्रयास अपनी विधानसभा क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण का हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि हिंदुत्व की जड़ों से जुड़कर ही राष्ट्र मजबूत होता है। यही हमारी संस्कृति, यही हमारी पहचान और यही हमारा संकल्प है। इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह एवं ब्लाक प्रमुख आरती रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्र,तीरथ राम वर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू पूर्व प्रधान पंकज सिंह बाबा रन बहादुर सिंह राना, अवशानेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी, अतुल, पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह युवा नेता गोविंद पाठक महादेव पाठक लक्ष्मी नारायण साहू राजकुमार अग्रवाल, शिव कुमार चतुर्वेदी,समाजसेवी शक्ति सिंह, महामंत्री संतोष श्रीवास्तव,सौरभ मिश्रा के अलावा प्रधान,जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ पथ संचलन



**हैदरगढ-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पंचायत हैदरगढ़ स्थित केशव मैरिज हॉल से पथ संचलन यात्रा का शुभारंभ हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता एवं प्रांत प्रचारक प्रमुख यशोदा नंदन एवं क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि आरएसएस ने स्थापना के बाद से ही समाज और अनुशासन सेवा और देशभक्ति की भावना बढ़ावा दिया है. उन्होंने याद दिलाया कि संघ को मुख्यधारा में आने से रोकने के कई प्रयास हुए. लेकिन संगठन ने हमेशा संयम और अहिंसा का मार्ग अपनाया. इस अवसर पर जिला प्रमुख शारीरिक एवं शिक्षक विजय हिंदुस्तानी सह जिला कार्यवाहक अभिषेक नगर संघ चालक जितेंद्र सिंघल प्रचार प्रमुख लव कुमार गुरुजी नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण साहू महामंत्री संतोष श्रीवास्तव यतीश तिवारी हरि भाई नीलू मिश्रा देवानंद पांडे राजकुमार सोनी शिवओम सोनी आदि मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को कराया सफारी का नि:शुल्क भ्रमण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इटावा सफारी पार्क में वन्यप्राणि सप्ताह के दूसरे दिन अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुभूति कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण पृष्ठभूमि के राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को वन्यजीवों के बारे में समुचित जानकारी देने हेतु इटावा सफारी पार्क का निशुल्क भ्रमण कराना है।

यह भ्रमण प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित किया गया है। जिसमें कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय, विचारपुरा के 50 छात्र-छात्राओं को सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया। सफारी पार्क के भ्रमण के बाद छात्र-छात्राओं के मध्य वन्यजीवों से सम्बन्धित लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

तीसरे दिन का कार्यक्रम 4 अक्टूबर को वन्यप्राणि सप्ताह के तीसरे दिन निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# कोटेदार के यहां चोरों ने लाखों का माल किया पार

**हैदरगढ़-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बहरामपुर मजरे बम्हरौली गांव में कोटेदार की यहां हुई चोरी में चोर इत्मिनान के साथ लाखों रुपए कीमत के जेवर व नगदी चुराकर फरार हो गए। सुबह उठने पर चोरी का पता चल सका। सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा छानबीन करने के बाद साक्ष्य संकलित करने के लिए जिला मुख्यालय से आयी फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलित किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बम्हरौली गांव निवासी जमुना प्रसाद पुत्र राम प्यारे रेलवे अंडर पास के निकट बहरामपुर गांव में सड़क के किनारे बने मकान में परिवार सहित रहते हैं। बताते हैं कि क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से भयभीत कोटेदार का परिवार शुक्रवार की सुबह ढाई पौने तीन बजे तक जागता रहा और उसके बाद सो गया। जिसके बाद आए चोरों ने दोनों कमरों के साथ-साथ बक्सों के ताले तोड़ डाले और फिर बक्से में रखी चाभी के सहारे अलमारी का ताला खोलकर अलमारी में रखे चार लाख अस्सी हजार रुपए की नगदी के अलावा लगभग छः लाख रुपये कीमत के सास बहू के जेवर एवं नए कपड़े तक चुरा ले गए।

### पूरे इत्मीनान से दिया चोरी की घटना को अंजाम

घर में घुसे चोरों ने पूरे इत्मीनान के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चोर जीने पर बैठकर डिब्बियों व डिब्बों में रखे जेवरो को निकाल कर जीने पर छोड़ गये व माल जेबों में रखकर इत्मीनान के साथ चले गए। पीड़ित कोटेदार जमुना प्रसाद यादव ने बताया चोरी गये रुपये उनके बहनोई गुरुवार को यहां इसलिए रख गये थे क्योंकि आज एक जमीन का बैनामा होना था।

### जीने से नीचे आकर चोरों ने की चोरी

अंदाजा लगाया जाता है कि चोर घर के किनारे लगे पेड़ों के सहारे छत पर उतरे और फिर खुले जीने के सहारे घर के अंदर प्रवेश कर गए क्योंकि चोरी को अंजाम देने के बाद भी चोर घर का मुख्य दरवाजा खोलकर बाहर नही निकले । चोरी की जानकारी सुबह होते ही गृह स्वामी द्वारा इसकी सूचना 112 डायल पुलिस एवं प्रधान प्रतिनिधि किसान नेता हरिराम पाल को दी गई। सूचना पाते ही तत्काल पहुंची पुलिस ने छानबीन की वही प्रधान प्रतिनिधि ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इसके तत्काल बाद हल्का दरोगा बाके बहादुर हमराहियों के साथ मौका ए वारदात पहुंचे और गहनता से मुआयना किया वही दोपहर में पहुँची फोरेंसिक टीम द्वारा सम्भावित स्थानों से साक्ष्य उठाये गए।

## प्रदीप को मिली प्रमुख महासचिव की कमान



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व जसवन्तनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा रवी यादव विधायक, कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी विकास विक्की गुप्ता के नेतृत्व में प्रदीप कुमार यादव कलेपुरा कर्री बसरेहर को जिला प्रमुख महासचिव समाजवादी छात्रसभा का नियुक्त किया। जिलाउपाध्यक्ष छात्रसभा मो आरिफ हुसैन, लालू यादव, सुखबीर यादव, प्रदीप कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# जुमे की नमाज पर पुलिस-प्रशासन अलर्ट

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को इटावा शहर में पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतज़ाम किए। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सीओ अभय नारायण राय और शहर कोतवाल यशवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के मुख्य मार्गो और संवेदनशील इलाकों में रूट मार्च किया।

यह कदम विशेष सतर्कता के तहत उठाया गया है, क्योंकि बीते सप्ताह बरेली में जुमे की नमाज के बाद उपजे बवाल को देखते हुए इटावा जिला प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

रूट मार्च के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी खुद सड़कों पर पैदल निकले। उन्होंने चौक-चौराहों, बाजारों और मस्जिदों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों और आम नागरिकों से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि जिले में शांति और सौहार्द बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को दशहरे का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ और अब दुर्गा प्रतिमा विसर्जन भी जारी है। इसके साथ ही शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा की जानी है। ऐसे में पुलिस का प्रयास है कि शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और नागरिकों में सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चिंता न रहे। सीओ ने कहा कि रूट मार्च का उद्देश्य न सिर्फसुरक्षा का आकलन करना है, बल्कि नागरिकों में पुलिस पर विश्वास बढ़ाना भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

प्रशासन का कहना है कि दुर्गा विसर्जन और जुमे की नमाज दोनों अवसरों को शांतिपूर्वक संपन्न कराना उनकी जिम्मेदारी है और किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी।

# फरहान शकील के नेतृत्व में निकली यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

> सांसद आदित्य यादव ने दिखाई हरी झंडी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 154वीं जयंती के पावन अवसर पर शहर में शानदार और विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील के संयोजन में निकाली गई यह 15वीं वार्षिक विशाल गाँधी जयंती यात्रा जबरदस्त उत्साह और जनसमर्थन के बीच पूरे शहर में संचालित हुई इस ऐतिहासिक यात्रा के मुख्य अतिथि बदायूं के सांसद आदित्य यादव रहे। उन्होंने मुख्य मार्ग पर हरी झंडी दिखाकर इस शानदार शोभायात्रा को रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गाँधी जी के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और देश को आगे बढ़ने के लिए उनके मार्गदर्शन की आवश्यकता है यात्रा का संचालन मयंक विधौलिया ने किया एवं संयोजक फरहान शकील ने किया। पूरे मार्ग में जगह-जगह उनका और पूरी यात्रा का स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी और जोश के साथ स्वागत किया गया।

लोग फूलमालाओं और मिठाइयों से यात्रा का अभिनंदन करते नजर आए यात्रा में हजारों की संख्या में जनपद एवं शहर के लोगों ने भाग लिया, जिससे एक जनसैलाब का दृश्य उपस्थित हुआ। प्रतिभागी महात्मा गाँधी अमर रहे, हिंदुस्तान ज़िन्दाबाद और सर्वधर्म समभाव के नारे लगाते हुए गाँधी जी के संदेशों को जीवंत कर रहे थे। यात्रा में रंगारंग झांकियाँ, बैंड तथा गाँधी के चित्रों से सजी तख्तियाँ भी शामिल थीं, जिन्होंने समारोह की शोभा को चार चाँद लगा दिया आज का जनसैलाब दर्शाता है कि इटावा की जनता के दिल में गाँधी के प्रति अगाध श्रद्धा है।

इस अवसर इश्तियाक़ बैग, अब्दुल मालिक क़ुरैशी, दीपक बाथम, बाबर उमर, आमिर झप्पू, हाशिम मिर्जा, कुणाल सिंह, तहसीन सग़ीर, दानिश, उमैर क़ुरैशी, अनस ख़ान, जुनैद ख़ान, अरशद, जावेद ख़ान, फ़ैसल छोटू, इक़बाल बल्ले, अख़्तर, दिलशाद क़ुरैशी, हैदर हुसैन, मालती यादव, सीमा पाल, प्रिंस पाल, बीटू यादव, गौरव यादव, प्रवीण कुशवाहा, अजेन्द्र गौर, मोना यादव, अनवर हुसैन, अनीता यादव, रेनू यादव, किशन यादव, आदित्य गोविन्द, हाजी रियाज़, रौनक इटावी, इमरान बैग, नौशाद अहमद, शोएब रंगरेज़, ऋषभ यादव, टंटी यादव, सुनील यादव, आशीष राजपूत, सर्वेश शाक्य, रागवेंद्र गौतम विधायक भर्थना, मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर सफाई कर्मचारी हुए सम्मानित



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद के हाल में गांधी जयंती के अवसर पर सफाई कर्मचारियों व सफाई नायकों को सम्मानित किया गया, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित व हरिशंकर पटेल ने शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने में दिन रात पूरी तन्मयता से काम करने वाले कर्मचारियों को अंगौछा, प्रमाण पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर आलोक दीक्षित ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता, छुआछूत निवारण पर सबसे ज्यादा जोर दिया है, समाज को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में नगरवासी भी नगरपालिका का सहयोग करें यही राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर डीपीएम सुनील कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक एनएल कुशवाहा, सफाई निरीक्षक विशाल मिश्रा सहित समस्त सफाईनायक मौजूद रहे।

# इलेक्शन कमीशन सरकार का गुलाम बना बैठा है : प्रशांत

> राहुल गांधी को राम के रूप में दिखाया, अजय राय को लक्ष्मण दर्शाया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशांत तिवारी ने अपने महेरा चुंगी कैंप कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता आयोजित की। तिवारी ने प्रेसवार्ता में एक पोस्टर लांच किया जिसमे मोदी रूपी रावण के दस सिरो को अलग अलग सरकारी एजेंसी व संस्थाओं को दर्शाया गया। जिसमे भगवान श्रीराम के रूप मैं राहुल गांधी व लक्ष्मण के रूप मैं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय को दर्शाया व देश में जो तानाशाह की डबल इंजन सरकार की तानाशाही से मंहगाई, जंगलराज, भ्रष्टाचार, ईडी का दुरुपयोग, वोट चोरी, इलेक्शन कमिशन के रूप सरकार का गुलाम बना बैठा है। सीबीआई भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर विपक्ष के नेताओ को डराता हैं।

बेरोजगारी चरम पर हैं पेपर लीक की समस्या जारी है जिस तरह भगवान राम ने रावण का अंत किया वैसे ही राहुल गांधी व अजय राय देश प्रदेश से इन समस्याओं का अंत करेंगे। तिवारी ने कहा कि 12 इंजन की सरकार का जाना तय हैं साथ ही तिवारी ने इटावा की समस्या पर बोलते हुऐ कहा की शहर जाम से परेशान हैं और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

शास्त्री चौराहा से बस स्टैंड, नौरंगाबाद से रामगंज व फर्रूखाबाद फाटक ओवरब्रिज पर जाम 24 घंटे रहता है। लोग मारे जा रहे है अभी हाल मै ही एक अधिवक्ता व एक स्कूल की छात्रा का एक्सीडेंट से निधन हुआ। तिवारी ने प्रशासन से मांग की राम नगर फाटक का ओवर ब्रिज जल्द बनाया जाय जिससे समस्या से निजात मिल सके। प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी ने कहा एनसीआरबी के ताजा जारी आंकड़ों ने साबित कर दिया कि उत्तर प्रदेश देश मै महिलाओं के प्रति अपराध दहेज हत्या सामूहिक दंगो अपहरण एससी समाज के प्रति जघन्य अपराधों में देश मै प्रथम स्थान पर हे योगी सरकार मै सबसे ज्यादा दंगे कराए गए सरकार द्वारा कानून व्यस्था तार तार है प्रदेश मै पुलिस की दम पर सरकार है। प्रेसवार्ता में पीसीसी सदस्य कुमुमलता उपाध्याय, ज़िलामहासचिव सतीश शाक्य, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस नरसेंद्र यादव रहे।

# इटावा में धारा 163 लागू, पांच या इससे अधिक लोगों का बिना अनुमति इकट्ठा होना प्रतिबंधित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** त्योहारों और प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए इटावा जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया है। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि अक्टूबर महीने में दीपावली, छठ पूजा, महर्षि वाल्मीकि जयंती और सरदार पटेल जयंती जैसे बड़े पर्व पड़ रहे हैं।

इसके साथ ही इस माह में महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाएं भी आयोजित होंगी। इन सभी अवसरों पर जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 बीएनएस के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। आदेश के अनुसार एक अक्टूबर से इकतीस अक्टूबर तक जनपद में पांच या उससे अधिक लोगों का बिना अनुमति एकत्र होना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी व्यक्ति को हथियार, लाठी-डंडा, चाकू, पटाखे, बम या ईंट-पत्थर लेकर घूमने की अनुमति नहीं होगी। सोशल मीडिया पर अफवाह या भड़काऊ संदेश फैलाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। प्रशासन ने साफकहा है कि त्योहारों और परीक्षाओं के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या शांति भंग करने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा केंद्र से सौ मीटर की परिधि में भीड़ नहीं जुट सकेगी और एक किलोमीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानें परीक्षा अवधि में बंद रखी जाएंगी। परीक्षा कक्ष के अंदर मोबाइल, ब्लूटूथ और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इस दौरान सड़क जाम करना, बस-ट्रेन रोकना, दुकानों को जबरन बंद कराना और जातीय या धार्मिक आधार पर रैली निकालना लोक व्यवस्था के खिलाफ माना जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई होगी। प्रशासन का कहना है कि इन आदेशों का उद्देश्य सिर्फइतना है कि त्योहार और परीक्षाएं शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# अध्यात्म के आलोक में सांसद ने दिया कर्म और एकता का संदेश

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विजयदशमी के पर क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में श्रीराम गेस्ट हाउस में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह राजनीतिक छवि से इतर, अध्यात्म के गहन रंग में रंगे नजर आए। रामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता एवं अन्य धर्म ग्रंथों के उदाहरणों से युक्त उनके भाषण ने उपस्थितजनों को गहराई से प्रभावित किया। उन्हींने भाषण की शुरुआत काव्यात्मक पंक्तियों से की किससे मन की बात कहूं, सुनने को तैयार कौन है... ,हम कौन थे, क्या हो गए और क्या होंगे कभी... गोस्वामी तुलसीदास की प्रसिद्ध चौपाई कर्म प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करही सो तस फल चाख की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम अपने कर्मों को भूल चुके हैं। जो भी कर्म करें, उसे पूर्ण निष्ठा से करें। हनुमान चालीसा की चौपाइयों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत कर वे युवा पीढ़ी को कर्मयोग की प्रेरणा देते नजर आए। जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को नसीहत देते हुए बोले,अपने आचरण को शुद्ध रखें, क्योंकि इसका प्रतिबिंब समाज पर पड़ता है। भगवान राम ने शबरी, जटायु, सुग्रीव, हनुमान जैसे विविध वर्गों को एकजुट कर लंका पर विजय प्राप्त की। हमें भी समाज के हर वर्ग को जोड़ना होगा, वरना हम पीछे रह जाएंगे। इस प्रेरक संदेश ने सभी में उत्साह का संचार कर दिया।कार्यक्रम के संयोजक राजीव सिंह गौर पुच्ची ठाकुर, उनकी माता सुनीता सिंह, पत्नी एवं तालग्राम ब्लॉक प्रमुख सुमन सिंह ने बुके के साथ तलवार भेंट करके, सोनू सिंह बस ने चांदी का मुकुट पहनीकर, डॉ प्रदीप सिंह ने कन्नौज का प्रसिद्ध इत्र भेंट करके, सूरज सिंह, अज्जू भदोरिया, नितिन चौहान, अंकुर सिंह, सुमित चौहान, हिमांशु चौहान, मोहित कुशवाहा ने 51 किलो की माला पहनाकर पूर्व सांसद का स्वागत किया। इसके अलावा विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने प्रतीक चिन्ह भेंट करके, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक कैलाश सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख जंटर सिंह, श्री राम कथा वाचक भानु प्रताप सिंह चौहान, शैलेंद्र सिंह राठौर बबल, कक्कू चौहान, राजा सिंह चौहान, आरपी सिंह, विकास भदौरिया, श्यामू चौहान ने माल्यार्पण करके स्वागत किया।

## भव्य शोभा यात्रा निकाल क्षत्रिय समाज ने दिखाई हनक



छिबरामऊ कन्नौज विजयदशमी पर्व पर क्षत्रिय समाज में विशाल शोभायात्रा निकालकर अपनी हनक दिखाई। पूर्वी बाईपास से कारो और बाइकों के लंबे काफिले के साथ शुरू हुई यात्रा बाजार से होते हुए श्रीराम गेस्ट हाउस तक गई। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। तालग्राम चौराहे पर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, राज बहादुर शाक्य के प्रतिष्ठान पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, गौरव शाक्य, भूपेंद्र शाक्य, पेट्रोल पंप के पास डॉ प्रदीप सिंह, श्यामू चौहान, अमन दुबे, अनुराग त्रिपाठी, अनुराग अग्निहोत्री, टीटू अग्निहोत्री, पुरानी गल्ला मंडी के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, वेद प्रकाश राठौर, प्रभाकर गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, पश्चिमी बाईपास पर रंजीत पांडेय आदि ने स्वागत किया। शस्त्र पूजन कार्यक्रम श्री राम गेस्ट हाउस में हुआ। यहां परम पूज्य महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा यतींद्रानंद गिरी जी महाराज के शिष्य आचार्य गोविंद शास्त्री ने शस्त्र पूजन कराया। इस दौरान राम कथा वाचक प्रशांतानंद चंदन, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा, संजीव चौहान, भानु प्रताप सिंह चौहान, आरपी सिंह बैस आदि मौजूद रहे।

## आरएसएस शताब्दी वर्ष में लिया भारत को वैभवशाली बनाने का संकल्प



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जिला संघ चालक विघ्नेश जी ने कहा भारत को वैभवशाली बनाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की उदार विचारधारा का संरक्षक हिंदू समाज है। इसलिए, भारतवर्ष को वैभव संपन्न बनाकर संपूर्ण विश्व में अपना अपेक्षित योगदान देने वाला देश बनाना हिंदू समाज का परम कर्तव्य है। विघ्नेश जी ने कहा हिंदू समाज की संगठित शक्ति से विश्व को नई राह दिखाने वाले धर्म का संरक्षण करते हुए भारत को वैभवशाली बनाना हमारा संकल्प है। आरएसएस इसी दिशा में सम्पूर्ण हिंदू समाज के संगठन का कार्य कर रहा है। जिला प्रचारक अकिंत जी ने कहा, पंच परिवर्तन से ही समाज का सच्चा परिवर्तन संभव है। उन्होंने पांच प्रमुख परिवर्तनों पर प्रकाश डाला व्यक्तिगत स्तर पर चरित्र निर्माण, पारिवारिक स्तर पर एकता का सृजन, सामाजिक स्तर पर समरसता, आर्थिक स्तर पर स्वावलंबन और राष्ट्रीय स्तर पर सेवा भावना। अकिंत जी ने युवाओं से अपील की कि ये परिवर्तन अपनाकर वे राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा ये परिवर्तन न केवल समाज को मजबूत करेंगे, बल्कि भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करेंगे। इस गरिमामयी अवसर पर सह जिला कार्यवाह शशिकांत, विभाग बौद्धिक प्रमुख रजनीश, नगर संघचालक रामशंकर, सह नगर संघ चाक रामचन्द्र, खण्ड कार्यवाह संजय, नगर व खंड प्रचारक गौरव, कमल, अरविंद वर्मा, देवेंद्र, दीपक, कृष्णा एवं नगर के बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मां दुर्गा की शोभायात्रा में झांकियों ने मन मोहा

- कालिका देवी मंदिर पर हुआ समापन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मां नव दुर्गा समिति के तत्वावधान में निकली शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। इसका समापन सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालका देवी मंदिर पर हुआ। पश्चिमी बाईपास पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने प्रथम पूज्य गणेश जी का पूजन व आरती की। मां नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष राजीव दुबे, रामानंद वर्मा, महामंत्री अनुज गुप्ता जॉनी, नरेश वर्मा, राजेश सक्सेना, नेमीचंद्र राठौर आदि ने प्रथम पूज्य गणेश जी और फिर दूसरे रथ पर सवार मां दुर्गा का पूजन व आरती की। शोभा यात्रा में ग्रेट मास्टर बैंड, जय हिंद बैंड सहित कई झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। शोभा यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ मां कालका देवी मंदिर पहुंची। यहां पर प्रसाद वितरण के साथ इसका समापन हो गया।

इससे पूर्व मां नवदुर्गा समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पीपल चौराहा स्थित श्री विजयनाथ मंदिर पर एकत्र हुए। यहां पर पंडित राम नरेश मिश्रा ने पूजन कराया। तत्पश्चात सभी लोग पश्चिमी बाईपास के लिए रवाना हुए। गंगोत्री गेस्ट हाउस के पास भारतीय किसान यूनियन अवधेश के पदाधिकारियों ने पंडाल लगाकर स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी एवं प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## त्योहारों से पहले चाक चौबंद की गई बिजली व्यवस्था

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बाल्मीकि जयंती, करवाचौथ, धनतेरस, दीपावली आदि त्योहारों को लेकर 220 केवी उप केंद्र पर अनुरक्षण कार्य करके बिजली व्यवस्था चाकचौबंद की गई। 220 केवी उपकेंद्र के एसडीओ दिग्विजय सिंह व जेई अनिल कुमार की देखरेख में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक 220 केवी उपकेद्र पर 132 केवी मेंन बस का अनुरक्षण कार्य किया गया। इसके पुराने जंपर चेंज किए गए। 33 केवी मन बस की पीटी लूज थी इसे टाइट करके इसके भी जंपर बदले गए। इसके कारण छिबरामऊ से निर्गत समस्त 33 केवी के फीडर गुरसहायगंज, सौरिख, बहवलपुर, छिबरामऊ शहर व ग्रामीण, सिकंदरपुर, मिघौली फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रही। साथ ही 132 केवी टीएसएस छिबरामऊ व खुदागंज का रेल वे भी बंद रहा।

# मेगा पी.टी.एम: अभिभावकों को दी योजनाओं की जानकारी



बैठक में मौजूद शिक्षकगण व अभिभावक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में पी.टी.एम. कार्यक्रम का आयोजन कर अभिभावकों को बच्चों की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराया गया। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल व शिक्षकगणों द्वारा बैठक में उपस्थित अभिभावकों को जानकारी दी गई कि आगामी नवंबर माह में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की एनएटी परीक्षा (निपुण असेसमेंट टेस्ट) आयोजित की जाएगी।

- पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम में हुआ कार्यक्रम

साथ ही दिसंबर माह में कक्षा 1 व 2 के छात्रों का डायट लेड असेसमेंट कराया जाएगा। इसको लेकर बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने व घर पर अध्ययन हेतु प्रोत्साहित करने की अपील की। अभियान के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व सामुदायिक विकास के विभिन्न बिंदुओं पर संवाद किया गया।

अभिभावकों से फीडबैक लेकर उनके सुझावों को भी संकलित किया गया। बैठक में नवोदय परीक्षा की तैयारी, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, विद्यार्थियों की नियमितता तथा अभिभावकों की सहभागिता आदि विषयों पर भी चर्चा की।

## डीबीटी की धनराशि से खरीदारी की अपील

जलालाबाद। अभिभावकों को बताया गया कि शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में छात्रवृत्ति व अन्य मदों की धनराशि भेजी जा चुकी है। अतः सभी से आग्रह किया गया कि वे शीघ्र ही अपने बच्चों के लिए दो सेट यूनिफॉर्म, एक स्वेटर, जूते-मोजे, स्कूल बैग तथा स्टेशनरी आदि क्रय कर साफ- सुथरी वर्दी में विद्यालय भेजे।

## विकसित उत्तर प्रदेश- समर्थ उत्तर प्रदेश @ 2047

जलालाबाद। बैठक में विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश @ 2047 अभियान पर विशेष चर्चा की गई। विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों ने अभिभावकों को अभियान की विस्तार से जानकारी दी।

# बालिकाओं को मिली आत्मनिर्भरता की सीख




छात्राओं को जानकारी देती एआरटीओ इज्या तिवारी व अन्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज में ड्राइविंग माई ड्रीम्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग और महिला कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सड़क सुरक्षा और वाहन संचालन से जुड़ी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एआरटीओ इज्या तिवारी ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी को आत्मनिर्भर बनने के लिए ड्राइविंग जैसी मूलभूत दक्षता आवश्यक है।

- ड्राइविंग माई ड्रीम्स कार्यक्रम में एआरटीओ ने छात्राओं को किया जागरूक
- आज की नारी को आत्मनिर्भर बनने के लिए ड्राइविंग जैसी मूलभूत दक्षता है आवश्यक

यह न केवल स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि आत्मविश्वास और सफलता की ओर एक अहम कदम भी है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सुशील कुमार ने छात्राओं को वाहन संचालन की प्रारंभिक जानकारी और यातायात नियमों के बारे में प्रशिक्षण दिया। छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वाहन चलाना सीखने की इच्छा जाहिर की।

## पीटीएम बैठक में विकसित यूपी समर्थ यूपी 2047 पर चर्चा

जलालाबाद। क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में अभिभावक- शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की गई। बैठक में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अवधनारायण ने बच्चों की शैक्षिक प्रगति, निपुण भारत मिशन, आगामी नैट परीक्षा व डायट लेड असेसमेंट के बारे में जानकारी दी। साथ ही 'विकसित उत्तर प्रदेश - समर्थ उत्तर प्रदेश 2047' अभियान पर चर्चा की गई। अभिभावकों ने स्मार्टफोन के माध्यम से अभियान से जुड़ा ऑनलाइन फीडबैक भी साझा किया। सहायक अध्यापक प्रगति कुमार व सिराज अहमद ने संचारी रोग नियंत्रण और विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी पर झूमे भक्तगण



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला कटरा में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी...

बजरंगी लाए खबरिया, राम आए नगरिया....सहित कई भजनों पर श्रोता झूम उठे। आचार्य सुंदरम पाठक ने वैदिक मंत्रोचार के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, रश्मि गुप्ता, देवेंद्र कुमार अबली, बीना गुप्ता अरविंद गुप्ता नेताजी व शशि गुप्ता से राम दरबार और रामचरितमानस का पूजन कराया।

तत्पश्चात सरस सुंदरकांड वाचक भानु प्रताप सिंह चौहान ने मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी.... संपुट के साथ सुंदरकांड पाठ का सस्वर शुभारंभ किया। बीच-बीच में उनके गाए भजनों आओ बसाएं मन मंदिर में झांकी सीता राम की... दुनिया चले ना श्री राम के बिना... श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... मिलता है सच्चा सुख भगवान आपके चरणों में... आदि सुना कर सभी को भक्ति रस में डुबो दिया। इस दौरान नाल पर सचिन दुबे व आर्गन पर मनोज दुबे ने संगत दी। अंत में आरती और फिर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, सत्यनारायण वर्मा, वेद प्रकाश राठौर, आनंद गुप्ता महिंद्रा ट्रैक्टर्स, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, सुशांत गुप्ता सोनू, अमित भारतीय, बृजेश गुप्ता, संजीव गुप्ता गांधी आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी मंदिर से मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा ढोल नगाड़ा एवं जयकारों के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ निकली गई और फिर चियाचर घाट पर पहुंच कर माता रानी का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में मंदिर के महंत प्रभात शुक्ला, अक्षय गुप्ता, सुमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी, बृजेश द्विवेदी, दीपू चतुर्वेदी, गोपाल जी गुप्ता, पियूष गुप्ता, सूर्या, राजन, राम किशोर गुप्ता आदि भक्त शामिल हुए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लाइनमैन की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम दीपकपुर फीडर नंबर 33/11 केवी उपकेंद्र में लाइनमैन के पद पर कार्यरत कर्मचारी की गुरुवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद सौ शैया अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर के मोहल्ला सराफान निवासी 46 वर्षीय हाशिम सिद्दीकी पुत्र जमालुद्दीन ग्राम दीपकपुर के फीडर 33/11 केवी छिबरामऊ उपकेंद्र 2 पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार की रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और किसी निजी चिकित्सक के पास परिजन लेकर पहुंचे। वहां से उन्हें सौ शैया रेफर कर दिया गया। यहां उनकी कुछ देर चले उपचार के बाद मौत हो गई। चिकित्सक ने बताया कि उसके मुंह से झाग निकल रहा था, जिसको लेकर पुलिस ने मामला संदिग्ध मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। मृतक के परिजनों का कहना है कि हाशिम गुरुवार की शाम अपने कुछ दोस्तों के साथ बिजली घर में थे और सभी ने वहीं खाना खाकर पार्टी की उसके बाद घर आते ही उनकी हालत बिगड़ गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की सही जानकारी हो सकेगी।

# भाजपा नेता विकास राजपूत ने की सरकार से किसानों के लिए खाद पर सब्सिडी और बिजली बिल माफी की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



खाद के लिए झगड़ते किसान

जिले में खाद की किल्लत को लेकर किसानों की बढ़ती परेशानी अब राजनीतिक रंग लेने लगी है। भाजपा नेता विकास राजपूत ने वार्ता कर किसानों के हित में आवाज उठाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

विकास राजपूत ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के पदाधिकारी उनके कार्यालय पहुंचे और शिकायत की कि सहकारी समितियों व बिक्री केंद्रों पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि लाइन में खड़े बुजुर्गों को घंटों इंतजार कराया जाता है, जबकि रसूखदार लोगों को बिना लाइन लगे खाद उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में खाद मौजूद होने के बावजूद किसानों को वंचित रखा जा रहा है और दलालों को आसानी से खाद बेची जा रही है, जिससे कालाबाजारी बढ़ रही है। किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि पहले से ही बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे किसान अतिरिक्त बोझ से टूट रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत पटेल के नेतृत्व में किसान नेताओं ने भाजपा नेता से किसानों के हक में आवाज उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में दर्शाया कि किसानों के लिए खाद पर सब्सिडी की घोषणा की जाए। बाढ़ प्रभावित किसानों का बिजली बिल 6 माह के लिए माफकिया जाए। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष टीम का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार अगर किसानों की समस्याओं का समाधान करती है, तो किसान भी भविष्य में सरकार को पूरा समर्थन देंगे। जिले में खाद की समस्या को लेकर अब राजनीतिक दबाव बढ़ने लगा है, ऐसे में देखना होगा कि सरकार किसानों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाती है।

# बरेली में हुए उपद्रव के बाद जुमे की नमाज दौरान डीएम-एसपी डटे

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

बरेली में हुए बबाल के बाद जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क नजर आया। डीएम व एसपी ने भी नगर में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। कुछ दिन पूर्व बरेली में बबाल हुआ था। बबाल के बाद मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी की गई थी। जिसके बाद से प्रशासन लगतार सतर्कता बरत रहा है। इसी को लेकर नगर में जुमे की नमाज को लेकर भी सतर्कता बरती गई। नगर में जगह जगह पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। साथ ही लोगों से शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई थी। जिसके चलते नगर की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज को लेकर डीएम राजेश पांडेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार भी नगर में पहुंचे। उन्होंने तकिया मैदान पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया और लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सभी लोग आपस में मिल जुलकर रहें। किसी भी प्रकार की अफवाह से स्वयं दूर रहें और दूसरों को भी अफवाह फैलाने का मौका न दें। कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर तत्काल पुलिस और प्रशसन की सहायता लें। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को भंग न होने दिया जाए। इस मौके पर एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार के विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज होने पर आक्रोश

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**



वरिष्ठ अधिकारी के दबाव में पत्रकार के विरुद्ध दर्ज कराए गए कथित फर्जी मुकदमे के विरोध में शुक्रवार को माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के पत्रकारों ने तहसील परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसके उपरांत उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी माधौगढ़ राकेश कुमार सोनी को सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी के खिलाफ जनपद औरैया के अयाना थाने में घर में घुसकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पत्रकारों का कहना है कि एफआईआर में दिखाई गई घटना के समय प्रिंस द्विवेदी तहसील माधौगढ़ में ही मौजूद थे और उप जिलाधिकारी के पास व्यापारियों के साथ ज्ञापन दिलवा रहे थे। पत्रकारों का आरोप है कि उन्होंने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अन्यायपूर्ण कार्यों का विरोध किया, जिसके चलते साजिशन उनके विरुद्ध झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इस घटना से पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। पत्रकारों ने कहा कि प्रिंस द्विवेदी का अपराध केवल इतना है कि उन्होंने सत्य और न्याय की आवाज बुलंद की। यदि पत्रकारों को इस तरह फर्जी मामलों में फंसाया जाता रहा तो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की स्वतंत्रता पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही निष्पक्ष जांच कर न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी, डॉ. आर.के. मिश्रा, अखिलेश सविता, डॉ. एल.बी. सिंह, विनोद कुमार कुशवाहा, सुखदेव सिंह, अंजनी कुमार सोनी, महेंद्र गौतम, डॉ. केहर सिंह, सुमित तिवारी, ओविंद सिंह उर्फ बउआ, नीलकमल, संतोष कुमार, योगेंद्र प्रजापत, पवन सीरोठिया, अनुज शर्मा, पवन याज्ञिक, सुमित निषाद, अमन नारायण अवस्थी, श्रीकांत तिवारी, अजीत उपाध्याय, दीपक दुबे, अखिलेश दुबे, सौरभ कुमार, मोनू शर्मा, विष्णुदत्त, शैलेंद्र परिहार, भोला पाठक, जगमोहन सिंह, तिलक सिंह चौहान, अंकित दीक्षित सहित लगभग तीन दर्जन पत्रकार मौजूद रहे।

## ईंटा, पत्थर डाल नाले का पानी किया अवरुद्ध, लोगों ने ईओ से मिल बतायी समस्या

**जालौन,उरई।** मोहल्ले से निकले नाले में मोहल्ले के ही लोगों द्वारा ईंटा और पत्थर रखने से नाला अवरूद्ध हो गया है। हटाने की बात कहने पर झगड़े पर आमादा हैं। पीड़ित मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका ईओ को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला रावतान नई सेंगर कॉलोनी निवासी रमेश सिंह सेंगर, रामदुलारी, रामवरन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रोहित, राहुल, रिचा, आशा देवी, कल्पना आदि ने नगर पालिका ईओ सुशील कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में नाला निकला है। इस नाले पर मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने ईंट और पत्थर डालकर नाले को अवरूद्ध कर दिया है। जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। नाले का गंदा पानी न सिर्फ सड़कों पर आता है बल्कि घरों में भी गंदा पानी भर जाता है।

# बरेली में जुमा नमाज के दौरान प्रशासन रहा चौकन्ना

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कालपी (जालौन)। जुमा के दौरान बरेली में हुए बबाल के बाद प्रशासन यहां भी सतर्क है। शुक्रवार को नगर में जुमे की नमाज पुलिस के सख्त पहरे में अता की गई। इस दौरान डीएम और एसपी ने भी माहौल का जायजा लिया और लोगों से शान्ति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। विदित हो कि गत शुक्रवार को बरेली में जुमा की नमाज के बाद आई लव मुहम्मद के बैनर पोस्टरों के साथ सडक पर उतरी भीड़ ने भारी बवाल किया था जिसके चलते शासन ने प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर रखा है और इसी के चलते एक सप्ताह में जिला प्रशासन नगर के संवेदनशील क्षेत्रों का कई बार दौरा कर चुका है हालांकि अब वहां भी स्थिति नियन्त्रण में है पर प्रशासन अभी अलर्ट है जिसकी बानगी शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान देखने को मिली आलम यह रहा कि नगर के संवेदनशील क्षेत्र दमदमा, सदरबाजार तथा खानकाह मस्जिद सहित कई क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात रहा इतना ही नही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने भी इन क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धर्म विशेष के जिम्मेदार लोगों से बार्ता भी की और उनसे शान्ति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर सीओ अवधेश कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी उदयप्रताप सिंह सहित बडी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। हालांकि प्रशासन की आशंका यहा गलत साबित हुई और जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न हो गई कही से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की खबर सामने नही आई है।

# आई लव मोहम्मद के नाम पर जगह-जगह सांप्रदायिक माहौल खराब करने की कोशिश

कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के ग्राम नसरपुर इलाके में उन्मादियों ने मोबाइल टॉवर के ऊपर आई लव मोहम्मद का झंडा एवं दीवारों पर पेंटिंग होने की सूचना पर इलाके में तनाव बढ़ गया। वहीं आसपास के लोगों द्वारा कानाफूसी करते हुए बताया गया कि जिस तरह से दीवारों पर पेंटिंग की गई है तो वह 5-10 मिनट में तो नहीं हो सकती है। जिसमें टाइम लगा होगा।

इसलिए इस प्रकार का कृत्य करने वाले आसपास के ही या स्थानीय लोग हो सकते हैं। थाना कमालगंज के गांव नसरपुर में दीवारों पर भी विवादित नारे की पेंटिंग सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंची और झण्डे को उतरवा दिया गया है। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में स्थानीय लोगों से पूछताछ एवं जांच की जा रही है। वहीं एसडीएम सदर/अमृतपुर तथा कमालगंज थाना अध्यक्ष ने ग्राम नसरपुर, गौसपुर, ईसापुर में फ्लैग मार्च किया तथा लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जा रही है। पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए है। अधिकारियों का कहना है कि माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। किसी को कानून के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा।



फ्लैगमार्च करती पीएसी व पुलिस

## डीएम व एसपी ने किया फ्लैगमार्च

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने हेतु समुचित सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए तथा पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में धार्मिक गतिविधियों के सम्पन्न होने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

# मिशन शक्ति के तहत एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनीं छात्रा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।



शिक्षिका को सम्मानित करते शिक्षकगण व मौजूद प्रधानाचार्य

मिशन शक्ति अभियान के तहत कक्षा 9 की छात्रा एक दिन की प्रिंसिपल बनी तथा शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित जेएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू ने शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति के तहत अपने विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा त्रिलोचन कुमारी पुत्री शिव सिंह निवासी ग्राम देवरी सलेमपुर को एक दिन के प्रिंसिपल बनाया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनी छात्रा का प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू तथा शिक्षकों ने बुके देकर तथा फूल माला से स्वागत किया। एक दिन की प्रधानाध्यापक छात्रा ने शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही छात्राओं को सोने की महंगाई को देखते हुए खरीददारी न करने की बात कही। इसके अलावा कक्षाओं में साफ-सफाई बनी रहे, इसके लिए डस्टबिन रखवाने के निर्देश दिये। सभी शिक्षकों को जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से अध्यापन कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कार्यवाहक प्रिंसिपल छात्रा ने सभी शिक्षकों तथा पढ़ने वाले बच्चों को बताया कि वह जिम्मेदारी से पढ़ाई करें। जब जिम्मेदारी से पढ़ाई होगी तभी अच्छे नंबर मिलेंगे और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होंगे। इस मौके पर जेएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव टीटू, प्रतिपाल सिंह वरिष्ठ लिपिक, बड़े बाबू मेघनाथ सिंह, शिक्षक परमनाथ सिंह, धीरेंद्र सिंह, शिवम कुमार, रावत कुमार, प्रियांशी, आकांक्षा, राधा कुमारी, ओंकार सिंह, प्रवीण कुमार शर्मा सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विजयदशमी पर शांतिनगर में हुआ भव्य भंडारा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

कादरीगेट नगर पालिका बोर्ड के पास स्थित शांतिनगर मोहल्ले में इस बार रामनवमी एवं विजयदशमी पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोहल्लावासियों द्वारा सामूहिक रूप से पूजा-पाठ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भक्तों ने रामनवमी और विजयदशमी पर्व को एक साथ मिलाकर पूरे उत्साह से मनाया। पूरे मोहल्ले में धार्मिक वातावरण बना रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजा पाठ के दौरान भजन-कीर्तन भी किए गए। जिनकी ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो उठा। भंडारे के आयोजन में मोहल्ले के लोग पूरी निष्ठा और सेवा भाव से जुटे रहे। कार्यक्रम संयोजक नागेंद्र सक्सेना, धर्मेंद्र सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, शैलेश माथुर, राहुल, रिंकू सक्सेना, पप्पू, अभिषेक, विजय, जितेंद्र राठौर सहित अन्य मोहल्लावासियों का विशेष योगदान रहा। सभी ने मिलकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया और व्यवस्था संभाली। भंडारे में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सेवा भाव को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भगवान राम के जयकारे लगाए और रामनवमी, विजयदशमी के पर्व को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग दिया।



भंडारा में प्रसाद छकते भक्तगण

# धूमधाम से मनायी गयी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर छात्र-छात्राओं को महापुरुषों के बारे में विस्तार से बताया गया।



महापुरुषों की जयंती मनाते शिक्षकगण

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों के साथ महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाया गयी। महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं विद्यालय में राष्ट्रगान करवाया और समस्त छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण कर महापुरुषों के बारे में कई अहम जानकारियां दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर, मधुबाला सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# बच्चों के अपहरण की सूचना पर चकरघिन्नी बनी पुलिस

## दोनों बच्चों को बघार पुल के नीचे से किया बरामद

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

बीते दिन बाइक चालकों द्वारा दो बच्चों के अपहरण की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। थाना पुलिस की सक्रियता से दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है।



दोनों बच्चों को लेकर जाती पुलिस

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बाग निवासी जितेंद्र कुमार शाक्य तथा राहुल कुमार शाक्य के बच्चे उम्र लगभग 5-6 वर्ष जो कि गांव के बाहर घूमने निकले थे, तभी उन बच्चों को एक अज्ञात बाइक चालक के द्वारा बाइक पर बैठा लिया गया। इसकी जानकारी एक व्यक्ति द्वारा गांव में दी गयी। जानकारी मिलते ही ग्राम बाग तथा आसपास के गांव में हड़कंप मच गया। वहीं स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, हलका इंचार्ज दरोगा हेमंत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बच्चों की खोजबीन शुरु की।

पुलिस को खोजबीन में दोनों बच्चे बघार पुल के नीचे खेलते मिले। जिनको पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंप दिया। सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य भी मौके पर पहुंचे।

## खबरें एक नजर में

### दूधियों के भरे गये सैंपल, हड़कंप



थाना कादरीगेट में दूध का सैंपल भरते अधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। खाद्य सुरक्षा विभाग के मुख्य अधिकारी अक्षय प्रधान, विनोद कुमार, अरुण कुमार मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा दूधियों के सैंपल भरे गये। जिससे दूधियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बीते दिन एक दूधिया का ब्रांडेड दूध के पैकेट फाड़कर डिब्बे में डालकर पानी मिलाने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसको संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा दूधियों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में आज अधिकारियों ने थाना कादरीगेट क्षेत्र में कई दूधियों के दूध के सैंपल भरे गये। इस कार्यवाही से दूधियों में हड़कंप मच गया। कई दूधिये इधर उधर से साइकिलें निकालते नजर आये। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि मिलावटखोरों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर अज्ञात युवकों ने पीटा

कम्पिल, समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र के गांव अर्जुन नगला निवासी बुद्धन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र तौहीद, भतीजी जेबा व साबिया के साथ गुरुवार दोपहर बकरियां चराने अपने खेत पर गया था। पड़ोस के खेत में गन्ने की फसल खड़ी है। इसी दौरान आठ युवक मौके पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित ने शुक्रवार दोपहर थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो सालों से युवती को फोन पर परेशान कर रहा युवक गिरफ्तार

कमालगंज, समृद्धि न्यूज़। जहानगंज निवासी एक युवती ने लगातार फोन पर हो रही अभद्रता व परेशानियों से तंग आकर पुलिस से मदद मांगी। युवती ने जहानगंज थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि क्षेत्र के गांव तरा नगला निवासी युवक धनेंद्र पिछले दो सालों से अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल कर उसे परेशान कर रहा था। पीड़िता का कहना है कि आरोपी फोन उठाने पर उससे अश्लील बातें करता व शादी का दबाव डालता था। जब उसने साफ इनकार कर दिया तो आरोपी ने धमकी दी कि वह उसके रिश्तेदारों को फर्जी मुकदमों में फंसा देगा। युवती का कहना है कि आरोपी की लगातार बढ़ती हरकतों से उसका जीना मुश्किल हो गया था। थाना पुलिस ने आरोपी युवक धनेंद्र को गिरफ्तार कर लिया और शांतिभंग की में उसका चालान कर दिया। थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए किसी भी तरह की छेड़छाड़ या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# खैराती अस्पतालों में अवैध वसूली का खेल जारी...

कमालगंज, समृद्धि न्यूज़। सीएचसी में अवैध वसूली का खेल बदस्तूर जारी है। परिजनों का आरोप है कि डिलेवरी के नाम पर उनसे 1700/- रुपये की वसूली की गयी। कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अवैध वसूली का खेल खुलेआम चल रहा है। इलाज और दवाओं के नाम पर मरीजों व उनके परिजनों से मनमाने ढंग से रुपए वसूले जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। पीड़ित मरीज ने खुलासा किया कि उससे इलाज और डिलीवरी के दौरान 1700/- की वसूली की गई। यही नहीं जब छुट्टी (डिस्चार्ज) का समय आया तो दोबारा 100/- की मांग की गई। मजबूरी में परिजनों को यह रकम चुकानी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी कमालगंज में यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि कई मरीजों और उनके परिजनों से लगातार सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है। अस्पताल प्रशासन की मिलीभगत के बिना इस तरह का भ्रष्टाचार संभव नहीं है। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल जहां मुफ्त इलाज और सुविधाएं मिलनी चाहिए, वहीं मरीजों से जबरन अवैध पैसे वसूले जा रहे हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। लोगों ने मांग की है कि इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि गरीब मरीजों का शोषण बंद हो सके।



जानकारी देता पीड़ित

डिलेवरी के नाम पर परिजनों से 1700/- रुपये की वसूली

# मिशन शक्ति व सेवा पखवाड़ा के तहत निकली रैली

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

मिशन शक्ति व सेवा पखवाड़ा के तहत विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने आंगनबाड़ी कार्यत्रियों को झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। विकास खंड अधिकारी ने खुद रैली में प्रतिभाग किया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर शुक्रवार को विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिशन शक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत जागरूक किया। बाद में जागरूकता रैली को विकास खंडाधिकारी ने शुभारंभ किया। विकास खंड अधिकारी ने भी रैली में प्रतिभाग किया। विकास खंड अधिकारी तथा इंचार्ज सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय ने सभी कार्यत्रियों के साथ बाल विकास एवं पुष्टाहार के तहत नारेबाजी करते हुए रैली कस्बा नवाबगंज के चौराहे तक गई। रैली में कार्यत्रियों ने भी बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। रैली के बाद खंड विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ाई तथा बाल विकास पुष्टाहार में सावधानियां व अन्य कई बिन्दुओं पर चर्चा की। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, इंचार्ज सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, महिला समूह ब्लॉक मिशन मैनेजर ममता पाल, एडीओ आईएसबी सुखदेश कुमार, बीओपी आरडी शुभम सिंह, जिले से आए सीडीपीओ नवीन कुमार, कुणाल कुमार सहित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बैठक में मौजूद रहीं।



रैली में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व मौजूद बीडीओ व कर्मचारी

# रामलीला कमेटी के तत्वावधान में दंगल का हुआ आयोजन

## यूपी के अलावा अन्य कई राज्यों के पहलवानों ने लिया भाग

कम्पिल, समृद्धि न्यूज़।

नगर में चल रहे रामलीला कमेटी के तत्वाधान में शुक्रवार को दंगल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम कायमगंज व समाजसेवी ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों ने जमकर दांवपेंच दिखाए।

शुक्रवार दोपहर को कंपिल कायमगंज मार्ग पर स्थित के०एम०आर० इंटर कॉलेज के मैदान में रामलीला कमेटी के तत्वाधान में विराट दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का संचालन कमेटी अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने किया। प्रथम कुश्ती फर्रुखाबाद के पहलवान जीतू यादव व मोहम्मदाबाद के राहुल के बीच हुई। जिसमें पहलवान राहुल विजयी रहे। वही दिल्ली के आशिफ व हाथरस के बबलू पहलवान के बीच कुश्ती हुई। कुश्ती बराबर रही। चौथे सेले की कुश्ती आगरा के सुरेश व अकसोली रमन के बीच हुई। कुश्ती बराबर छूट गई। तीसरे सेले कि पहली कुश्ती हाथरस के अरविंद व फरीदाबाद के प्रदीप पहलवान के बीच हुई। जिसमें अरविंद ने 10,1000/- रुपए की बाजी मारी। दूसरे सेले की कुश्ती आगरा के राजेश व हरियाणा पलवल के आशीष पहलवान के बीच हुई। जिसमें राजेश ने 1,51,000/- रुपए की बाजी मारी। वहीं प्रथम सेले की कुश्ती मथुरा के मशहूर पहलवान रामेश्वर यादव व पंजाब के शमशेर के बीच हुई। जिसमें रामेश्वर यादव ने 1,01,000/- रुपए व एक बाइक की बाजी मारी।

विजेता उपविजेता पहलवानों को रामलीला कमेटी संरक्षक समाजसेवी पुखराज डागा व रामलीला कमेटी कोषाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दंगल को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे। इस दौरान सुरेंद्र सैनी, अवधेश बाथम, गुड्डन सक्सेना, ओम शक्ति सैनी, नोहिल खान, सचिन पांडे, राबेज खान उर्फ बंटी, रमेश वर्मा, आदेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



कुश्ती के दौरान मौजूद एसडीएम व समाजसेवी पुखराजा डागा आदि



पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

# पत्नी से विवाद में पति ने खाया जहर, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़। पत्नी से विवाद होने पर युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन जब उसे लेकर लोहिया अस्पताल जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार थाना कायमगंज के ग्राम घसिया चिलौली निवासी नीरज पुत्र रमेश उम्र करीब 28 वर्ष जो पेशे से राजमिस्त्री था। उसका पत्नी से आये दिन विवाद होता रहता था। शुक्रवार को भी पत्नी से विवाद हुआ। जिस पर नीरज ने मोहल्ले में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के एक बेटा आरजेउ साल व एक बेटी है।

# रावण का वध होते ही श्रीराम के जयकारों से गूंजा मिलेट्री ग्राउंड

## आसमान में सतरंगी आतिशबाजी का नजारा देखते ही बना



फतेहगढ़ मिलेट्री पर रावण का दहन होता पुतला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

फतेहगढ़ रामलीला परिषद द्वारा विजय दशमी पर्व पर असत्य पर सत्य की जीत मनाते हुए दशानन के पुतला धूं-धूंकर जले। रावण, मेघनाथ, कुम्भकर्ण के पुतलों पर जैसे ही राम-लक्ष्मण के बाणों का प्रहार हुआ और पुतले धूं-धूंकर जलने लगे।

मिलेट्री ग्राउंड पर श्रीराम जयकारों से मैदान गुंजायमान हो गया। राम-रावण युद्ध को देखते ही बन रहा था। मैदान में हजारों की संख्या में लोगों ने रामलीला देखी। सेना के अधिकारी व विभागीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न दलों नेताओं एवं समाजसेवी व रामलीला परिषद के पदाधिकारियों से मिलेट्री ग्राउंड भरा रहा। आतिशबाजी का नजारा देखकर दर्शक प्रसन्न हुए। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर रामलीला परिषद के अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, जिला जज नीरज कुमार, सीजेएम घनश्याम शुक्ला, डॉक्टर रजनी सरीन आदि, महामंत्री पंकज अग्रवाल, चमन टण्डन, विजय अग्रवाल, मुन्नालाल वर्ष्णेय, रवीन्द्र वैश्य, निशीत सक्सेना ने व्यवस्था संभाली।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत



घटनास्थल पर मौजूद लोग

मेरापुर, समृद्धि न्यूज़।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार विकास राजपूत पुत्र चंद्रसेन राजपूत निवासी देवसनी थाना मेरापुर कल घर से मजदूरी करने के लिए खरसुलिया थाना नया गांव जनपद एटा गया था। इसके साथ गांव के प्रदीप तथा टिंकल भी गये थे। उपरोक्त लोग एक खेत में घूरा डाल रहे थे। वहां निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से विकास राजपूत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना परिजनों को होने पर कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सरिता व अन्य परिजनों ने बताया कि उसके पति जनपद एटा में मजदूरी करने गये थे। जहां पर उपरोक्त घटना घटित हो गयी।

# 18 वर्षीय युवक की अपाचे बाइक की टक्कर से मौत

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बिढ़ैल निवासी एक 18 वर्षीय युवक की इटावा-बरेली हाईवे पर दोपहर लगभग 1:30 बजे अपाचे बाइक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर डायल 108 द्वारा राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल किया गया था जहां डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

ग्राम बिढ़ैल निवासी अजय पाल यादव का 18 वर्षीय पुत्र जितेंद्र उर्फ जीतू मथुरा से घर वापस आ रहा था। पिपरगांव चौराहे पर ऑटो का किराया देते समय मोहम्मदाबाद की तरफ से आ रही अपाचे बाइक सवार पवन पुत्र राम अवतार 19 वर्ष, अशोक पुत्र सर्वेश 19 वर्ष निवासी वनपोई मोहम्मदाबाद ने जितेंद्र उर्फ जीतू को तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी। राहगीरों ने जिसकी सूचना डायल 112 व डायल 108 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 108 से तीनों घायलों को राम मनोहर लोहिया भिजवाया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उपचार के दौरान जितेंद्र उर्फ जीतू यादव को मृत घोषित किया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के बड़े भाई श्रीकांत, आनंद मृतक की तीन बहनें हैं। जिनकी शादियां हो चुकी हैं। मृतक के पिता अजय पाल सिंह यादव खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। मृतक की माता शांति देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। उप निरीक्षक सुरेश सिंह चाहर ने मृतक जितेंद्र उर्फ जीतू के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



लोहिया अस्पताल परिसर में मौजूद मृतक के परिजन

# समय के महत्व को नहीं समझने वाला कुछ हासिल नहीं कर सकता: बृजभूषण सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा विजय दशमी पर शस्त्र पूजन एवं मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। अध्यक्षता पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नुबाबू ने की।

शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद गोंडा बृजभूषण शरण सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। अतिविशिष्ट अतिथि विधायक सवायजपुर माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, एमएलसी कानपुर अविनाश सिंह चौहान, विधायक कटरा वीर विक्रम सिंह प्रिंस उपस्थित रहे। क्षत्रिय समाज की वार्षिक पत्रिका क्षत्रिय जयघोष का विमोचन एवं क्षत्रिय गौरव सम्मान मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। वरिष्ठ राष्ट्रीय

## जय घोष पत्रिका का हुआ विमोचन, मेधावी हुए सम्मानित

उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर ने शब्दों से स्वागत करते हुए उपस्थित जनसमूह के उत्साह की प्रशंसा की। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने युवाओं को लक्ष्य आधारित कार्य करने हेतु प्रेरित किया, साथ ही संघर्षो का जीवन में कितना महत्व है इस विषय पर विस्तार से चर्चा की।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री केडीएस राठौर ने प्रभु श्रीराम की जीवनी पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि जो समय के महत्व को नहीं समझ सकता वो जीवन में कभी बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर सकता। हर व्यक्ति को समय के साथ



जय घोष पत्रिका का विमोचन करते अतिथि

चलना चाहिए। युवा पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए बताया कि प्रतिदिन हनुमान चालीसा की प्रमुख चौपाई श्री गुरु चरण सरोज रज, निज मन मुकर सुधार, बल बुद्धि विद्या देहु मोहि, हरहु कलेश विकार का पाठ करें और इसका अनुसरण करें। आज युवा उद्देश्य से भटक रहा है उसका कारण सिर्फ यही है कि वह अपने पूर्वजों के इतिहास का अध्ययन नहीं कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि काम कोई छोटा बड़ा नहीं होता। समाज के उत्कृष्ठ छात्र एवं छात्राओं को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नुबाबू ने कहा कि भगवान राम ने ऐसे ही राम नहीं बने कुछ उसके पीछे रहस्य है वो रहस्य जाने की आवश्यकता है। समाज के बड़े बुजुर्गों को यह चाहिए बच्चों को समय समय पर इकठ्ठा करके उनसे चर्चा करें उनके मन की बात सुने और उनमें सुधार करने का प्रयास करें। कार्यक्रम संयोजक महेश पाल सिंह उपकारी ने बताया कि क्षत्रिय धर्म है कि अपने अंदर सारी जातियों को समाहित करते हुए चले, उस धर्म से हमे भटकना नहीं है।

जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव अनिल प्रताप सिंह, आशुतोष सिंह राठौर, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अभय सिंह चौहान, अरविंद परिहार, शिव नरेश सिंह चौहान, धर्मवीर सिंह, विभोर सोमवंशी, कुशल पाल सिंह, शिव प्रताप सिंह चीनू, अजय कुमार सिंह चौहान, शंकर राठौर, एके राठौर, रामशरण सिंह, राजीव सोमवंशी गुड्डू आदि मौजूद रहे।


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

## गर्मी व उमस के चलते विद्यालयों का समय 7:30 से 1:30 बजे करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य परिषद द्वारा जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन डीआईओएस को सौंपा गया। दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि 2 अक्टूबर से विद्यालयों का संचालन 9:30 बजे से 3:30 बजे तक का हो जाता है। वर्तमान में उमस और गर्मी के मौसम को देखते हुए दीपावली पर्व तक यह समय अनुकूल होने तक छात्रहित में विद्यालयों का संचालन पूर्व की भांति 7:30 बजे से 1:30 बजे तक किये जाने की मांग की है। सर्वसम्मति से तय करके प्रधानाचार्य परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर समय परिवर्तन की मांग की है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, योगेश तिवारी, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. विनीत चौहान, संतोष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्रह्मकुमारी केंद्र अंगूरी बाग में सजायी गई नौ देवियों की झांकी


नौ देवी पूजन कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद अंगूरीबाग में चैतन्य नौ देवियों की झांकी सजाई गई और दशहरा पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया गया। नेकी और बदी नृत्य नाटिका के माध्यम से रावण उनके साथ काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, भूतों को मारकर आध्यात्मिक रूप में दशहरा पर्व को दर्शाते हुए मनाया गया। शोभा बहन ने कहा सभ्यता और संस्कृति हमारे भारत के सभी त्योहारों में झलकती है। नवरात्रि के दिनों में कलश पूजन, कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। आध्यात्मिक रूप से कलश का मतलब जब परमात्मा इस संगम के समय में आकर ज्ञान का कलश रख अज्ञान, अंधकार दूरकर ज्ञानघृत रूपी अखंड दीप जगाकर व्रत नियम के साथ अपनी कोई ना कोई एक बुराई को खत्म करने का व्रत करें। ज्योति बहन ने कहा कि कन्या जब जन्म लेती है तो उसका देवी रूप होता है, हम भ्रूण हत्या ना कर इन कन्याओं का इन देवियों का सम्मान करें। कहते हैं जहां नारी का सम्मान है, वहां देवता या भगवान वास करते हैं। संजय गर्ग ने कहा कि कन्या देव समान है, इसलिए उनके प्रति हमारा दृष्टिकोण पवित्र हो, अगर किसी ने भी गंदी दृष्टि डालने का प्रयास किया तो मां दुर्गा के साथ काली रूप भी है जो आसुरी प्रवृत्तियों का संघार कर देती है। इस मौके पर चित्रा अग्निहोत्री, कन्हैया लाल जैन, देवेंद्र नारायण श्रीवास्तव, रोमी श्रीवास्तव, अनिल सक्सेना, ममता सक्सेना ने नौ देवियों को नारियल चुन्नी उड़ाकर आरती पूजन कर भोग स्वीकार कराकर सम्मान किया। संचालन सुवालाल मिश्रा ने किया।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गांधी जयंती


बच्चों को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में गांधी जयंती धूमधाम से मनायी गई। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह, सदस्य जयवीर सिंह, राजकिशोर शुक्ल, आकाश पाल, योगेन्द्र कुमार, आंगनबाड़ी मेमवती, आशा, स्वास्थ्य वर्कर रामदेवी, उमा ने बच्चों के साथ मिलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। चांदनी, जानवी, अंशी, आशिकी, बीतू आदि बच्चों ने देशभक्ति के गीत गाकर ईनाम जीते। 17 सितंबर से चलायें जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम में रसोईया, आशा एवं उमा को साड़ी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाढ़ प्रभावित बंद स्कूल नुनेरा के सहायक अध्यापक अशोक राजपूत और राज यादव ने मदारपुर स्कूल में सेवायें देकर बच्चों का दिल जीत लिया। उनके सराहनीय प्रयास को देखते हुए प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने दोनों ही शिक्षकों को शाल ओढ़ाकर और राम दरबार देकर सम्मानित किया। अशोक राजपूत ने कहा कि आकर्षक विद्यालय परिसर और अनुशासित बच्चों को देखते हुए उन्हें इस स्कूल में अधिक समय तक पढ़ाने का अवसर मिलता तो बेहतर रहता।

# रखा बालिका इंटर कालेज में गांधी व शास्त्री जयंती पर हुई प्रतियोगितायें


झण्डारोहण के दौरान मौजूद शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रखा बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह ने गांधी जयंती पर झण्डा रोहण किया। 156वीं वर्षगांठ पर सभी शिक्षिकाओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह ने प्रतिज्ञा वचन के साथ शपथ दिलायी। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी पुष्प अर्पित किये और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि गांधी जी ने निर्बल, कमजोरों के कल्याण संबंधी अन्त्योदय की अवधारणा, भावात्मक, एकता, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के संबंध में विचार व्यक्त किये।

छात्राओं को रामधुन सुनाई गई। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सेमीनार व गोष्ठी सम्पन्न हुई। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 की छात्राओं ने कविता, गीत व भाषण प्रस्तुत किये। मुस्कान, अंशिका, छाया को पुरुस्कृत किया गया। वहीं आयशा ने आजादी के बारे में सुंदर गीत गाकर प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण के बारे में छात्राओं को जागरुक किया। इस मौके पर शिक्षिका, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पौसिया पौल, भावना लाल, रचना हिल्स, पूजा, लक्ष्मी, अनीस अहमद, सुनील, सुनील रामदास, शिवम कुमार शुक्ला, राजेश, नूरानी लायल, संजय प्रसाद, अर्जुन मौजूद रहे।

# डीएम ने विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान की तैयारियों की समीक्षा


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की।

सीएमओ ने बताया कि सभी विभागों का माइक्रो प्लान प्राप्त हो गया है, सभी सीएचसी व पीएचसी पर दवाएं पहुँच गई है, ब्लॉक स्तर पर संवेदीकरण बैठके हो गई है। कार्ययोजना तैयार हो गई है। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये, लापरवाही पर कार्यवाही के लिये तैयार रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## गांधी व शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेकर छात्र बने आदर्श नागरिक


गांधी जयंती मनाते शिक्षक व छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने ध्वजारोहण किया। गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्चन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने कहा कि बापू व शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी आदर्श नागरिक बनना चाहिए। जिससे राष्ट्र का उत्थान हो। इस अवसर पर अध्यापक वीरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार पाल, प्रदीप सिंह, शिवराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, रामानंद, देवेंद्र कुमार मौजूद रहे। संचालन श्रुति कीर्ति ने किया।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में मनी गांधी एवं शास्त्री जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई।

ध्वजारोहण कोऑर्डिनेटर नवीन शाक्य ने किया। सभी शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि गाँधी और शास्त्री जी के आदर्श हमारे विद्यार्थियों को नैतिकता, सादगी और सेवा-भावना की ओर प्रेरित करते हैं। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा कि विद्यालय परिवार को चाहिए कि वह बच्चों में सत्य, अहिंसा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को विकसित करें, ताकि वे देश के आदर्श नागरिक बन सकें। नवीन शाक्य ने


ध्वजारोहण के दौरान मौजूद शिक्षक

कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री दोनों ही हमारे देश के लिए त्याग और आदर्शों के प्रतीक हैं। देवानंद राजपूत ने बताया कि गाँधी और शास्त्री का जीवन हमें सदैव सादगी और सेवा की शिक्षा देता है। इस अवसर पर अतुल श्रीवास्तव, अतुल मिश्रा, पूरन श्रीवास्तव, प्रताप सिंह यादव, लक्ष्मी यादव, अंजली शर्मा, अंजनी कुमार, संजीव कुमार, धर्मेश दीक्षित, केके बाजपेई, पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# प्रा.वि. अलीगढ़ में मनायी गई गांधी व शास्त्री जयंती


गांधी, शास्त्री जयंती मनाते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में प्रधानाध्यापक ने झण्डारोहण कर राष्ट्रगान किया। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने सत्य, अंहिसा का पालन किया और सत्य के मार्ग पर चलकर बापू बने। देश से लेकर विदेशों तक आज गांधी जी के करोड़ों अनुयायी है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर भी प्रकाश डाला। कहा कि लाल बहादुर शास्त्री किसानों के मसीहा थे। जय जवान, जय किसान का नारा देकर उन्होंने किसान हित में कार्य किये। शास्त्री की सादगी के सभी कायल थे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकायें एवं बच्चे मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने गांधी-शास्त्री, मसूरियादीन जयंती को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री एवं प्रसिद्ध स्वाधीनता संग्राम सेनानी स्व. मसूरियादीन पासी की जयंती मनायी गई। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अकुंर मिश्रा ने मोहल्ला नेक नाम खान में कांग्रेस महासचिव वकार हुसैन के कार्यालय में तीनों महान विभूतियों के चित्रों पर कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने तीनों विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अतीक सलमानी, वकार हुसैन, वात्सल्य मिश्रा, जुल्फेकार हुसैन,


गांधी, शास्त्री व पासी की जयंती मनाते कांग्रेसी

सद्दाम हुसैन, फईम खान, आसिफ खान, जावेद खान, इमरान खान, असलम खान, गोलू तिवारी, ऋषभ मिश्रा, रिजवान खान, शीबू, मीनू, वारिस, रेहान, अदनान, टीप, ऋषभ चौहान, शहवाज, कमल, यूनुस, आसिफ, खालिद, शकील आदि लोग उपस्थित रहे।

# केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसो. ने जीएसटी में पुराने स्टाक पर राहत की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जीएसटी 2.0 संक्रमण के दौरान छोटे दवा विक्रेताओं को राहत की मांग की गई। आर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट के अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने व्यवहारिक और छोटे व्यापारियों के हो रहे घाटे के बारे में ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी। जीएसटी दरों में कटौती (18 प्रतिशत से 5, 12 प्रतिशत से 0 प्रतिशत 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत) से उपभोक्ताओं को लाभ मिला है, किन्तु छोटे विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। रजिस्टर्ड और कम्पोजिट डीलर द्वारा उच्च जीएसटी दरों पर खरीदा गया स्टॉक अब कम कीमत पर बेचना पड़ रहा है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। अधिकांश छोटे व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत नहीं हैं या फिर कम्पोजिट डीलर है जो कि इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा नहीं कर सकते। ओसीडीयूपी ने सरकार से अनुरोध किया है कि तीन माह तक छोटे व्यापारियों के पास जो स्टॉक है उसकी बिक्री पुराने एमआरपी पर विक्रय की अनुमति दी जाये। ओसीडीयूपी ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल राहत नहीं दी तो अनेक छोटे केमिस्ट अपनी दुकानें बंद कर सकते हैं, जिससे ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में दवाइओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। शीघ्र सरकार निर्णय लें और छूट दें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रवि शंकर चौहान, जिला महासचिव मनोज मिश्रा सहित दवा विक्रेता मौजूद रहे।

# काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ जायेगें बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष विनोद गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी नौशाद अली एवं नरेंद्र कुशवाह ने 9 अक्टूबर को कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में होने वाली विशाल रैली में जनपद से अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील की।

बैठक कर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भीड़ जुटाने पर जोर दिया गया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। 9 अक्टूबर को बसपा नेता एवं कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र से भीड़ लखनऊ ले जायेगें। इस मौके पर कानपुर प्रभारी



बैठक में मौजूद बसपा नेता

विजय भास्कर, सर्वेश भारती, शिवकुमार गौतम, अमित गौतम, शब्बीर मंसूरी, अरविंद बाथम, सुरजीत सिंह, सीताराम गौतम, प्रेमसागर दिवाकर, बृजेश फौजी मौजूद रहे।

# राम के बाण से दशानन हुआ ढेर, धूं-धूंकर जले पुतले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम लीला मण्डल द्वारा विजय दशहरा धूमधाम से मनाया गया और क्रिश्चियन मैदान में असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक मनाते हुए रावण का पुतला दहन किया गया। अध्यक्ष डॉ. रजनी सरीन, कार्यकारी अध्यक्ष व मंत्री एवं समस्त रामलीला मण्डल के पदाधिकारी मुख्य मार्ग पर पैदल चलकर क्रिश्चियन मैदान में पहुंचे। रास्ते में राम-लक्ष्मण, भरत, शत्रुध्न व रावण का युद्ध हुआ। जगह-जगह भगवान श्रीराम का लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और बड़ी संख्या में दर्शक शामिल हुए। क्रिश्चियन मैदान पर कार्यक्रम में शामिल हुई पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि विजय दशहरा पर्व अपने आप में दर्शाता है कि गलत काम करने वाला गलत होता है, उसका अंत निश्चित है। इसलिए सभी लोग अपने अंदर पाल रहे ईर्ष्या बुराईयों का त्याग करें और भगवान श्रीराम के आदर्शो पर चलकर देशहित में कार्य करें। बड़ी संख्या में लोगों ने राम और रावण का युद्ध देखा। रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण का पुतला दहन होते ही जय श्रीराम के नारे गूंजे। दर्शकों ने आतिशबाजी का लुफ्त उठाया और दशानन का अंत हुआ। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रहा।

## गांव वासियों ने पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए किया पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विजय दशमी पर्व पर हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अनुपम अवस्थी व अमन त्रिवेदी, प्रशांत द्विवेदी ने ग्रामवासियों के साथ १०० वर्ष पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया। ग्राम टिकैया में बुजुर्ग व अन्य लोगों ने विजय दशहरा पर्व पर पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए और कहा कि सौ वर्ष पुराना मंदिर है। आस्था, परम्परा और संस्कृति से जुड़ा गौरवशाली मंदिर का जीर्णोद्वार जरुरी था। जिसका भूमि पूजन के साथ शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर राधेश्याम द्विवेदी, राजकिशोर द्विवेदी, संजीव कुमार द्विवेदी, जितेन्द्र, अनिल कुमार, विनीत द्विवेदी, अभिषेक, राघवेन्द्र, इंद्रेश शुक्ला, दलगंजन, रामलड़ैते राजपूत, पम्मू शर्मा, रैवारी पाल, टिन्कू पाल मौजूद रहे।

# प्रधान हर घर से विकसित भारत-उत्तर प्रदेश अभियान में दिलाये फीडबैक: डीएम

## जिस पंचायत से सबसे अधिक फीड बैक होंगे प्राप्त, उन्हें किया जाएगा सम्मानित


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश, क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, फैमली आईडी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं स्वच्छता शुल्क वसूली,15वें वित्त एवं 5वें वित्त आयोग के व्यय की समीक्षा जनपद के सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर की गई।

डीएम ने ग्राम प्रधानों से अपेक्षा की गई कि वह अपनी ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड से हर घर से विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश अभियान में फीडबैक दिलवाये एवं अपनी ग्राम पंचायत व जनपद के विकास के लिये सुझाव दे। जिससे जनपद से अधिक से अधिक फीडबैक दिए जा सके। एक ग्राम प्रधान चाहे तो कम से कम 1000 फीडबैक दिला सकता है। एक नंबर से तीन बार फीडबैक दिया जा सकता है। प्रधानों को फीडबैक देने का प्रशिक्षण भी दिया गया। डीएम ने सभी प्रधानों से अपील की कि वह क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, फैमली आईडी, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व स्वच्छता शुल्क बसूली में खुद निजी रुचि लेकर कार्य कराये। 15वें वित्त व 5वें वित्त में प्राप्त निधि का समय से उपयोग करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जिस पंचायत से सबसे अधिक फीड बैक प्राप्त होंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अधिकरण, जिला पूर्ति अधिकारी, डीपीआरओ, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## आजाद समाज पार्टी काशीराम के जिला संयोजक बने नितिन व अतुल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आजाद समाज पार्टी काशीराम के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार चित्तौड़ पूर्व एमएलसी ने जनपद फर्रुखाबाद निवासी नितिन कुमार को जिला संयोजक व अतुल कुमार कठेरिया को जिम्मेदारी सौंपी है। काशीराम की विचारधारा व आजाद समाज पार्टी काशीराम का नितिन कुमार गौतम को जनपद का जिला संयोजक एवं अतुल कठेरिया को भी जिला संयोजक नियुक्त किया है। जनपद में दो-दो जिला संयोजक बनाये गये है, जो संगठन को मजबूत करेंगे।


नितिन गौतम

# साइबर टीम ने 24700 हजार मूल खाते में कराया वापस

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।




स्थानीय थाना क्षेत्र के गढ़वा निवासी ऋषभ सिंह द्वारा 14 अगस्त को 247000 हजार रूपये आन लाइन फ्राड हुआ था जिसके सम्बन्ध में थाना हलिया की साइबर टीम द्वारा आवेदक से फ्राड के सम्बन्ध मे पूछताछ कर एंव ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक कागजात लेकर तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व मे थाना हलिया की साइबर टीम द्वारा पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि को सम्बन्धित खाते मे होल्ड कराया गया तथा पोर्टल से ट्रांजेक्शन से सम्बन्धित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर सम्बन्धित बैंक को ईमेल/पत्राचार करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि 247000/- रुपये को आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना हलिया की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी ।

धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव थाना हलिया, एसआई अच्छे लाल यादव थाना हलिया, का0 आनंद पटेल, प्रदीप पाल थाना हलिया रहें।

## दो एंड्रायड फोन बरामद, मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द

हलिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हलिया पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टलस के माध्यम से दो एंड्रायड मोबाइल फ़ोन की बरामदगी करते हुए सम्बन्धित मोबाइल स्वामी करवा निवासी अलीम व देवघटा पाण्डेय गांव निवासी राम सिंह को गुरुवार को सुपुर्द किया गया। जिसपर मोबाइल स्वामी व आमजन द्वारा थाना हलिया पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। मोबाइल बरामद करने वाले टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, उ0नि0 अच्छे लाल यादव, आरक्षी प्रदीप पाल रहे।



## दो दिवसीय दशहरा मेला का समापन

▸ देर रात रावण पुतला दहन होते ही हुआ जय श्री राम का उद्घोष

चुनार (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।

सीखड़ क्षेत्र के मगरहा गांव में नव युवक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान आयोजित दो दिवसीय नवमी, दशमी का मेला गुरुवार को संपन्न हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम द्वारा रावण का वध किया गया और इसके साथ ही रावण का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जय श्री राम के उद्घोष से मेला परिसर गूंजयमान हो रहा था। दो दिवसीय मेला के अंतिम दिन देर रात विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकी निकाली गई। समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह व प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह बैंद के देख रेख में दो दिवसीय मेला का समापन किया गया। इस अवसर शिवेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, पंकज सिंह, काबुल, मनीष कुमार सहित कमेटी के अन्य लोग का सहयोग रहा।



## खबरें एक नज़र में

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़। स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया पिपरा गांव में गुरुवार को करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई मौके पर पहुँचे परिजनों ने अधेड़ को उपचार के लिए निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जहां पर चिकित्सक ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर अधेड़ के परिजनों में कोहराम मच गया। अधेड़ के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के उमरिया पिपरा गांव निवासी 55 वर्षीय कृष्णा गुप्ता गुरुवार को घर से कुछ दूर पर लगे ट्रैक्टर के डायनमो को बंद करने के लिए गए थे की प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आकर अचेत हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने अधेड़ को उपचार के लिए तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर अधेड़ के परिजनों में कोहराम मच गया। अधेड़ के शव को परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए घर लेकर चले गए। मौके पर पहुँचे एसआई सुरेंद्र कुमार ने मामले की जांच पड़ताल किया। अधेड़ के परिजनों ने पुलिस को पोस्टमार्टम नहीं कराने की तहरीर दिया है। परिजनों ने अधेड़ के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। अधेड़ की मौत से पुरे गांव में मातम पसरा गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई है।

### छह अक्टूबर को होगा भरत मिलाप व दंगल

चुनार (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़। नगर में श्रीराघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में तीन अक्टूबर शुक्रेवार को होने वाले भरत मिलाप मंचन का कार्यक्रम भारी बारिश के कारण समिति द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में स्थगित किया गया है। भरत मिलाप के अवसर पर भरपुर नकाशा चुनार किला के नीचे भरत मिलाप दंगल कुश्ती समिति द्वारा आयोजित होने वाला कुश्ती प्रतियोगिता भी स्थगित किया गया है। रामलीला समिति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय व भरत मिलाप व कुश्ती समिति के अध्यक्ष मनीष राय ने बताया कि अब भरत मिलाप की लीला छह अक्टूबर दिन सोमवार रात आठ बजे व कुश्ती प्रतियोगिता अपराह्न दो बजे से होगा।

### मृत महिला के पुत्र की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी लखंदर ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की 25 सितंबर की दोपहर 3 बजे हमारी माता शिला गाय चराने के लिए गई थीं की गुलाब तिराहा की तरफसे रामचंद्र निवासी पुरवा औसन सिंह द्वारा मोटर साइकिल तेजगति से लापरवाही पूर्वक विपरीत दिशा में चलाते हुए हथेड़ा थाना के पहले जोर से धक्का मार दिया। जिससे मेरी माँ शिला गंभीर रूप से घायल हो गई तत्काल उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर द्वारा ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफ़र कर दिया गया। उपचार के दौरान 25 सितंबर को रात्रि मृत्यु हो गई। सुबह से पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार के बाद सूचना दे रहा हूँ जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मृत महिला के पुत्र की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मनाया गया शताब्दी वर्ष व किया गया शस्त्र-पूजन

चुनार (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। गंगेश्वरनाथ स्थित एक लॉन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चुनार द्वारा शताब्दी वर्ष एवं विजया दशमी पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में ध्वज वंदन, शाखा प्रदर्शन, प्रार्थना और बौद्धिक कर शस्त्रों की पूजा की तथा राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। तभी से यह दिवस संघ के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में नगर संघ चालक गोविंद, नगर कार्यवाह विवेक सिंह, सह नगर कार्यवाह धीरज जायसवाल समेत अनेक स्वयं सेवक व विचार परिवार से जुड़े लोग शामिल रहे।

# माँ दुर्गा की विसर्जन यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब नाचते गाते महिलाओं ने नम आंखों से दी बिदाई

राजगढ़ (मिर्जापुर), समद्धि न्यूज।

विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के धनसीरिया ग्राम पंचायत के सतौहा नौडिहवा मे मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने नम आंखों से माँ को अंतिम विदाई दी। मां दुर्गा की विसर्जन प्रतिमाओं के साथ ही नव दिवसीय शारदीय नवरात्रि समापन हो गया। गुरुवार को सारा दिन मां की विसर्जन यात्राओं की धूम रही। युवाओं ने विसर्जन स्थल से डीजे की धुन पर जमकर डांस किया अबीर गुलाल हवा में उड़ते रहे। इस विसर्जन यात्रा में महिलाएं भी पीछे नहीं रही। मां को अंतिम विदाई करने के लिए महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया। महिलाओं ने भी नाम आंखों से मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा में शामिल रही।




टुडे ग्राम सभा में मां दुर्गा विसर्जन की यात्रा में हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र में भीड़ रही। विसर्जन मार्ग पर पुलिस भी मुस्तैद रही इसके अलावा विसर्जन को स्कूल संपन्न करने के लिए युवाओं की टीम भी सक्रिय भूमिका निभाई। मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पंचशील की दरी पर किया जाएगा। अगले वर्ष भी माँ तुम जल्दी आना। जहां पर सैकड़ो लोग पहले से मौजूद रहे और नाचते गाते भक्तजन ने माँ दुर्गा मां की अंतिम विदाई पंचशील दरी में कर दी गई। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रबंधक इंजीनियर अनिल कुमार सिंह, गणेश सिंह, विनोद कुमार सिंह, रिशु सिंह, शिवम सिंह, निक्की सोनी, छोटू सिंह, जगदीश सिंह, शुभम सिंह, प्रिंस सिंह, अभिषेक सिंह, सतीश सिंह, अंशु सिंह आदि रहें।

# एडीओ एसटी ने सुनी समस्यायें, दिये निर्देश

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत खुटहा व खरीहट खुर्द में शुक्रवार को आयोजित ग्राम एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

ग्राम पंचायत खुटहा में आयोजित ग्राम ग्राम पंचायत भवन पर् आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार व सीएम फेलो गौरव सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमें ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, शौचालय की मांग को रखा। एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत में कराये गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खरीहट खुर्द के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल एडीओ एसटी सुशील कुमार व सीएम फेलो गौरव सिंह के देखरेख में सम्पन्न हुआ। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को एडीओ एसटी व सीएम फेलो द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में जागरूक किया गया। एडीओ एसटी व सीएम फेलो द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया है। इस दौरान सचिव कौशलेन्द्र राय सहित आदि मौजूद रहे।



## करंट की चपेट में आने से महिला अचेत, गंभीर

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी शीला देवी 32 पत्नी रामरक्षा अपने घर में अकेली थी। घर कच्चा मकान है। घर का काम कर रही थी और बल्ब जल रहा था तो शीला नें बल्ब को दूसरे कमरे में ले जा रही थी तभी खुले तार से हाथ छू गया और शीला करंट की चपेट में आ गई और जमीन पर गिर पड़ी। जमीन पर गिरने से विद्युत तार से अलग हो गई बाहर गिरने की आवाज बच्चों को सुनाई दिया तो बच्चे घर के भीतर दौड़ कर देखा तो बच्चों नें शोर मचाया। बच्चों के शोर से आस पास के लोग दौड़े और शीला को बेहोसी की हालत में देखा तो लोगों नें 108 एम्बुलेंस को फ़ोन किया। 108 एम्बुलेंस के ईएमटी संतोष भारतीय पायलट श्याम कुमार यादव के साथ मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस में प्राथमिक उपचार देते हुए अपने ईआरसीपी के डाक्टर रीना के सलाह से आवश्यक दवाएं देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहाँ पर शीला का उपचार चल रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया की डाक्टर रीना के देख रेख में शीला का उपचार चल रहा है।

## बाइक से गिरकर युवक घायल

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव निवासी कृष्णा पुत्र मंगल 18 वर्ष गुरुवार की शाम करीब पांच बजे शाम को मूर्ति विसर्जन करने गए थे। कृष्णा बाइक से पिपरा की ओर से तेज गति से आ रहा था तभी अचानक मूर्ति विसर्जन करने वाले भक्त सामने आ गए जिससे कृष्णा बचाने के चककर में बाइक अनियंत्रित हो गया और बुरी तरह से घायल हो गया। फ़िर लोगों नें 108 एम्बुलेंस को फोन किया सुचना पर पहुंचे 108 के ईएमटी संतोष भारतीय पायलट श्याम यादव के साथ मौके पर पहुंचे।




घायल कृष्णा को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार नें मिर्ज़ापुर मेडिकल कालेज के लिए रिफ़र कर दिया गया।

# पंचशील पब्लिक के बच्चो के साथ मनाया वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम



हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।

वनस्पतियों एंव जीवों की रक्षा एंव संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में मानाये जाने वाला वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम शुक्रवार को हलिया रेंज के वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र व डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी द्वारा मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल के साथ मनाया गया। वन्य प्राणी सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में पंचशील पब्लिक स्कूल के बच्चो के साथ जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे वक्ताओ ने वन एंव वन्यजीवो के महत्व एंव उनके संरक्षण पर अपने अपने विचार रखे क्षेत्रीय वनाधिकारी अवध नारायण मिश्र ने वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम पर जानकारी देते हुए बताया कि वन्य जीवन प्रकृति का अमुल्य धरोहर है। भविष्य में वन्यजीव की समाप्ति की आशंका के चलते सबसे पहले 7 जुलाई 1956 को वन्यजीव दिवस मनाया गया था। उसके बाद से प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में सप्ताह भर वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष वन्य प्राणी सप्ताह कि थीम है वन्यजीव संरक्षण के लिये साझेदारी चुकी भारत देश अलग अलग प्रजातिओं के पेड़ पौधे व जीव जंतुओ का घर है। इसलिए अत्यधिक जैविक विविधता वाले देश के इस समृद्ध आवरण को संरक्षण करने के लिए उचित शिक्षा और जागरूकता कि आवश्यकता है। इस दौरान डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी, वन्यजीव रक्षक राजकुमार वर्मा, शीतला बक्स सिंह, रामदास आदिवासी, शिवम सिंह, पंचशील महाविद्यालय के प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य, पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक मौर्या आदि मौजूद रहे।

## 11 महिलाओं ने अपनाया परिवार नियोजन

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज। स्थानीय क्षेत्र के उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को परिवार नियोजन के लिए महिलाओ के बंधयाकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसमे परिवार नियोजन के लिए कुल 12 महिलाओ ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्ताओ के माध्यम से पंजीकरण कराया। जिला मुख्यालय से आए सर्जन डॉक्टर संत लाल कि टीम ने परिवार नियोजन के लिए पंजीकरण कराने वाली महिलाओ का सफ़लता पूर्वक बंधयाकरण किया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की स्वास्थ्य केंद्र परिसर में परिवार नियोजन के तहत बंधयाकरण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे कुल 12 महिलाओ ने परिवार नियोजन के लिए अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्त्ताओ के माध्यम से शिविर में पंजीकरण कराया। जिला मुख्यालय से आए सर्जन डॉक्टर संत लाल द्वारा 11 महिलाओ का बंधयाकरण किया गया है। इस दौरान डॉक्टर निर्मल, एआरओ संतोष गौतम, बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों में मनाई गई महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। उक्त अवसर पर ध्वजारोहण किया गया तथा गांधी - शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी, हलिया थाना परिसर मे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार, पशु चिकित्सालय पर पशु चिकित्सक कमलेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय हलिया पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार यादव, ड्रमंडगंज थाना प्रभारी ब्रह्मदिन



पाण्डेय ने थाना परिसर में,वनक्षेत्राधिकारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने वनविभाग कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। संविलियन विद्यालय ड्रमंडगंज में प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह, श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश सिंह चन्देल ने ध्वजारोहण कर गांधी -शास्त्री को नमन किया। श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश सिंह चन्देल ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इसी तरह क्षेत्र के और विद्यालयों में गांधी -शास्त्री जयंती मनाई गई।

# पत्रकार के पत्नी के निधन पर शोक

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पंचायत आनन्दनगर के परसा निवासी पत्रकार आशीष मिश्र के पत्नी का निधन उपचार के दौरान एक निजी अस्पताल में हो गया है। वह लगभग 55वर्ष की रही। उनका अंतिम संस्कार त्रिमुहानी घाट पर कर्मकांड विधि से किया गया। उनके निधन से परिवार पर दुःख का पहाड टूट पड़ा है।पूरा परिवार शोकाकुल है।श

मृत्यु की खबर सुनते ही लोग उनके आवास पर पहुंच शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। उनके निधन पर पत्रकारो ने शोक व्यक्त किया है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, सुधेश मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी,विनय श्रीवास्तव, केशव मिश्र, रविन्द्र श्रीवास्तव,प्रदीप अग्रहरि, अमृत पाण्डेय, राकेश सहानी, कुलानंद यादव, सुनील मणि, सनद त्रिपाठी, उमाकांत विश्वकर्मा विश्वामित्र मिश्रा, अभिषेक,रवि श्रीवास्तव, सुनील पांडेय राहुल पाण्डेय, बीएल मौर्य, उमेश गुप्ता,रमेश यादव, हरिप्रकाश पाण्डेय,देवानंद यादव, राहुल सिंह, वैभव सिंह, व शिवदयाल गिरि, सहित धानी, फरेंदा व वृजमनगंज के पत्रकारो ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और श्रद्धांजलि दी है।

# बारिश न होने से चारों तरफ मची त्राहि त्राहि, आसमान निहार रहे हैं किसान

▸ इन्द्र भगवान की नाराज़गी से सूख रही धान की फसलें, रात दिन खेतों में चला रहे पंम्पिग सेट से पानी

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

बीते कई दिनों से तेज धूप व पछुआ हवा चलने से बरसात न होने से आवागमन निहार रहे किसान अपने सूख रहे धान के फसलों के साथ किसान भी सूख रहे हैं।

इन्द्र भगवान की नाराज़गी से आहत हो किसान रात दिन पंपिंग सेट से पानी चलाने को है मजबूर।सूख रही धान की फसल देख किसानों के होश उड़े हुए है।

बरसात होने में लम्बी अवधि बीत जाने पर रतजगवा कर किसान रात दिन पंपिंग सेट से चला रहे पानी से फ़सल को जिंदा किये हुए है। किसान इन्द्र भगवान से नाराज़ दिख पूजा अर्चना कर रहे हैं।

बीते दिनों से सूर्य के किरणों से बरस रही आग से बढ़ी गर्मी से सूख रही धान की फसल देख हाय तौबा चारों ओर मचा हुआ है। जिसको लेकर किसानों की नींद उड़ी हुई है? एकाएक मौसम के मिजाज में आयी बदलाव से किसान अपने बच्चों के जीविका को लेकर परेशान हैं। चारों तरफ मौसम की बेरुखी के मार से तबाही मची हुई है। लेकिन इन्द्र भगवान की कृपा नहीं हो रही है। जीव जंतु पशु पक्षी समेत गांव देहात के किसान बेहाल है। एकाएक मौसम का बदलता मिजाज किसानों पर भारी पड़ रहा है। लगता है कि वैज्ञानिको के जारी दिशा निर्देश को इन्द्र भगवान फेल कर दिये है। आचार्य विशुनदेव त्रिपाठी ने बताया कि हस्त नक्षत्र चल रहा है यदि हस्त यानी (हथियां) नहीं बरसी तो कार्तिक की खेती नहीं होगी।हथियां की बेरुखी किसानों पर भारी पड़ रहा है अगर इसी तरह इन्द्र भगवान की नाराज़गी रही तो किसानो की गेहूं की खेती नहीं होगी।

इस नक्षत्र में झमाझम बारिश न होने से किसानों को खेती करने में दिक्कत हो ही गई गई है। बरसात न होने पर किसानों ने बताया कि इससे लोगों का हरतरह से नुकसान हो रहा है बरसात न होने से किसान अपनी लगी पूंजी को लेकर अलग चिंतित हैं। इधर इन्द्र भगवान की नाराज़गी से किसान अपनी लगी पूंजी व बच्चों के जीविका को लेकर अलग बोझिल है।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान हुआ बड़ा हादसा

▸ ग्यारह हजार बोल्ट के बिजली के तार से ट्राली में लगे सजावटी पाइप के टकराने से चपेट में आए छः लोग, एक की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

महराजगंज, समृद्धि न्यूज।

चौक थाना क्षेत्र के झुंगवा चौराहे पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी सजावटी पाइप ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट बिजली के तार से टकरा गई।

जिससे ट्रॉली में करंट उतर गया। इस हादसे में ट्राली पर सवार छ्ः लोग झुलस गए। सभी को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की हालत गंभीर हालत बनी हुई इसको देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। चौक क्षेत्र के ग्राम सभा शेखपुरवा में नवरात्र पर दुर्गा पूजा की मूर्ति रखी गई थी। गुरुवार को ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से रोहिन नदी के चानकी घाट पर मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान झुंगवा चौराहे पर यह हादसा हो गया। करंट लगने से शेखपुरवा निवासी अंशिका (12) पुत्री संतोष, महिमा (14) पुत्री संतबली, दिव्या (10) पुत्री संतोष, रवीना (17) पुत्री मुराली व इन्नर (65) झुलसकर नीचे गिर पड़े।

इन्नर को करंट के कारण उतरने में दिक्कत हो रही थी, तभी झुंगवा निवासी अखिलेश गुप्ता (30) उन्हें बचाने पहुंचे और खुद भी करंट की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने किसी तरह सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद इन्नर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## अधिवक्ता के असामयिक निधन पर शोक

महराजगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत आनन्दनगर के निवासी अधिवक्ता इमरान खान का असामयिक निधन एक निजी अस्पताल में हो गया है वह लगभग 45 वर्ष के रहे। उनको मिट्टी दी गई।उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार ,इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव ,आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए अल्लाह से प्रार्थना की है। इस दौरान फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी पूर्व विधायक शिवेन्द्र चौधरी पूर्व विधायक विनोद मणि तिवारी पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह हरी प्रसाद सर्राफ, जयहीन अहमद, पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुहम्मद अली पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश सचिव त्रिभुवन मिश्र कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह,सपा नेता अमित चौबे, पूर्व सभासद देवीशरन दूबे, पूर्व वार के अध्यक्ष सुधेश मोहन श्रीवास्तव, डॉ रामनारायन चौरसिया, पूर्व वार के अध्यक्ष अरविंद मिश्र सभासद,ऋषि चौरसिया, स्टैनली खान, संजय सिंह अभिजीत सिंह सहित दीवानी व तहसील के अधिवक्ताओं व नात- रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

# जय श्री राम के उद्घोष से गुंजा लंका मैदान

चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।

नगर में श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा गुरुवार को देर रात आश्चर्य जी स्थित लंका मैदान पर विजय दशमी के महापर्व के अवसर पर दशहरा मेले में का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने रावण का वध किया, वध होते ही जय श्री राम के उद्घोष से लंका मैदान गूंज उठा। इसके पूर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन हुआ जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। भारी संख्या में मौजूद दर्शकों के द्वारा जय श्री राम के उद्घोष से लंका मैदान गुंजायमान हो उठा। मेला में आए दर्शकों ने मंच पर विराजमान हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम माता सीता का दर्शन कर धन्य हुए। इस दौरान समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, डायरेक्टर अविनाश अग्रवाल, संजय साहू, चंद्रहास गुप्ता, सौरभ पुजारी, श्यामसुंदर शाह, गौरीनाथ दीक्षित, गोविंद जायसवाल, अमित गुप्ता, मीडिया प्रभारी शंकर शर्मा, अभिलाष राय, मुन्ना पांडेय, बृजनंदन कुशवाहा, करतार सिंह आदि मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम राजेश कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह, सीओ मंजरी राव, कोतवाल विजय शंकर सिंह मय पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत भटवारी में आयोजित किया गया ग्रीन चौपाल

हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत भटवारी के पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। ग्रीन चौपाल में डिप्टी रेंजर हलिया सीपी तिवारी, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार, सचिव कौशलेन्द्र राय मौजूद रहे। ग्रीन चौपाल में डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने ग्रामीणों




को जैव-विविधता, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा। कहा कि ग्रीन चौपाल के कार्यों की निगरानी जिला वृक्षारोपण समिति करेगी। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध रिक्त भूमि पर पौधरोपण करने के साथ ही उसका रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रीन चौपाल के माध्यम से शासन व जिला वृक्षारोपण समिति की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा। मिशन लाइफ़ वन, वन्यजीव, आर्द्र भूमि, पर्यावरण, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, पौधरोपण, कार्बन क्रेडिट, वैकल्पिक ऊर्जा आदि से जुड़ी विभागीय योजनाओं से आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान फ़ारेस्ट गार्ड शिवम सिंह, शीतला बक्स सिंह आदि मौजूद रहे।